# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-11-2022

# ऑपरेशन त्रिनेत्र सफल बनाने की अपील

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के भोपा चौराहे पर अपर पुलिस महानिदेशक के दिशा निर्देश पर ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत इंस्पेक्टर संतोष कुमार अवस्थी ने गुरुवार को स्थानीय दुकानों व चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे की जांच कर निरीक्षण किया। जिन स्थानों पर कैमरे नहीं लगाए गए हैं उन स्थानों पर कैमरे लगाए जाने के लोगों से अपील की। सन्तोष कुमार अवस्थी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे लग जाने से आपके घर एक सिपाही होने का लाभ मिल सकता है। घर या घर के आस पास कोई घटना होती है तो आप सीसीटीवी कैमरे की मदद से घटनाओं का खुलासा व अपराधियों पर नकेल कसने का काम हो सकता है। थाना प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह ने बताया कि नगर पंचायत मुंडेरा बाजार में जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगे तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधानों को जागरूक कर हर घर कैमरा व चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की अपील किया है। क्षेत्र में तमाम लोगों ने कैमरे लगा भी चुके हैं जिन स्थानो पर कैमरे नही लगा उन चौराहे पर कैमरे लगाए जाने का प्रयास किया जा रहा हैं। इस अवसर पर एसएसआई शिवराज सिंह, सुनील कुमार, अवधेश पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार, अजय सिंह, बलवंत गौड़ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ऑटो चालक ने रोका एंबुलेंस

**समधिया (एसएनबी)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के नवसृजित नगर पंचायत घघसरा में चौराहे पर मरीज लेकर आ रहे एंबुलेंस को टेंपो चालक ने रोक दिया। एंबुलेंस के रास्ता मांगने पर भी

**तत्काल पुलिस ने पहुंचकर एंबुलेंस को दिलाया रास्ता**



टेंपो चालक उतर कर उसी को समझाने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तत्काल टेंपो चालक से टेंपो हटाकर एंबुलेंस को रास्ता दिया।

विदित हो कि नवसृजित नगर पंचायत घघसरा में गाहीं, रिठुआखोर तथा बखिरा जाने वाले मार्ग पर दर्जनों टेंपो खड़े रहते हैं। प्रतिदिन दोपहर बाद घंटों जाम लगे रहते हैं। क्योंकि उसी समय दर्जनों स्कूल की गाड़ियां बच्चों को पहुंचाने के लिए निकलती है। नगर पंचायत निवासियों की मांग है कि चौराहे पर लगे जाम को हटाकर टेंपो स्टैंड के लिए उचित जगह निकाला जाए।

# पत्नी की पिटाई कर पोखरे में फेंकने वाले पति-ससुर गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पीपीगंज थाने के रामूघाट में दहेज के लिए पत्नी को मारपीट कर शव पोखरे में फेंकने वाला पति को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भरोहिया प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार पीपीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा रामू घाट में मंगलवार को 22 वर्षीय शादी सूदा महिला सुमन देवी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर तालाब में मिला था जिसमें मौके के लोगों ने पति रामबरन निषाद व ससुर सिद्धू प्रसाद पर महिला को मारपीट कर पोखरे में शव डालने का आरोप लगाया था। पीपीगंज पुलिस ने महिला की मां की तहरीर पर पति रामबरन निषाद व ससुर के विरुद्ध धारा 323, 504, 598ए, 304बी, 120बी ,के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति रामबरन निषाद व ससुर को गुरुवार की सुबह करीब इग्यारह बजे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

# हत्या के प्रयत्न के जुर्म में तीन को दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या का प्रयास करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश राहुल आनन्द ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कविलासपुर निवासी अभियुक्त दीनानाथ पांडेय, श्रीनारायण पांडेय व राजनारायण पांडेय को दस साल के कठोर कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र सिंह एवं रमेश सिंह का कहना था कि वादी विनोद चंद्र उर्फ लल्ला उरुवा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर का निवासी है। वादी की अभियुक्तों से पुरानी रंजिश चलती है। वादी अभियुक्तों के गांव में सरकारी सड़क का निर्माण करा रहा था। उसी रंजिश के कारण अभियुक्त दीनानाथ वादी का विरोध कर रहा था तथा मजदूरों को परेशान कर रहा था। 17 नवम्बर, 2006 को दिन में करीब 2 बजे वादी अपने भाई प्रदीप चंद्र के साथ विरोध का कारण पूछने गया। इसी बात पर नाराज होकर दीनानाथ के ललकारने पर श्रीनारायण ने कट्टे से प्रदीप चंद्र के पेट में गोली मार दी तथा राजनारायण ने भी कट्टे से फायर किया।



# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पादरी बाजार(एसएनबी)।** शाहपुर के जंगल हकीम नम्बर दो मोहनापुर निवासी अपने भाभी से बलात्कारी को शाहपुर पुलिस गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजी जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार शाहपुर थानाक्षेत्र की एक महिला की शादी इसी थानाक्षेत्र में 4 मई 2017 को हुआ था। शादी के बाद ससुराल में पति-पत्नी स्वजनों के साथ ठीक से रहते थे जिससे एक 3 वर्ष का बच्चा भी है। धीरे-धीरे ससुराल वाले महिला का उत्पीड़न व घर का सभी कार्य कराने लगे, नही करने पर जबरन मारते पीटते थे। महिला द्वारा इसकी शिकायत कई बार चौकी व थाना पर किया गया जिसमें हर बार समझौता करा दिया गया। करीब 8 माह पहले पति का भाई सूरज पुत्र संहारू निवासी मोहनापुर ओबा टोला, शाहपुर ने भाभी के साथ जबरजस्ती बलात्कार कर दिया जिसमें पति, सास व ननद का भी सहयोग था तथा उसके बाद भी देवर ने जबरजस्ती कई बार बलात्कार किया। महिला के पेट में 7 माह का गर्भ भी ठहर गया है जिसे जबरन ससुराल वाले गर्भपात कराना चाह रहे थे। महिला ने गुरुवार को शाहपुर थाने पर तहरीर दी जिसके आधार पर आरोपी देवर सूरज पुत्र संहारू को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दी जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# भू माफिया का पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

**पादरी बाजार (एसएनबी)।** शाहपुर थानाक्षेत्र के बिछिया स्थित रजिस्ट्रर्ड जमीन पर 16 वर्ष पुरानी चाहरदीवारी को बिना किसी आदेश के कब्जा करने की नियति से गिराने वाले 7 भूमाफियाओं पर शाहपुर पुलिस कार्यवाही करते हुए गुरुवार को शांतिभंग में न्यायालय भेजा।

जानकारी के अनुसार शाहपुर के जंगल तुलसीराम बिछिया में संगीता सिंह पत्नी मनोज सिंह 16 वर्ष पूर्व जमीन का पंजीत बैनामा कराने के बाद चाहरदीवारी बना कर छोड़ दिये थे जिसे कब्जा करने की नियति से बिना किसी आदेश के अमन सिंह,लियास, अमित कुमार सिंह, अफसर अली, रुस्तम, शिवम कुमार व यशपाल गुरुवार को उजाड़ रहे थे , मना करने पर आमादा फौजदारी हो रहे थे । क्रेता संगीता सिंह व तीन अन्य ने थाना शाहपुर पर प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग की जिसपर उपरोक्तसभी आरोपी थाना बुलाने पर थाना परिसर में ही पुलिस के सामने उग्र व उत्तेजित होकर धमकी देने लगे जिसपर शाहपुर पुलिस हिरासत में लेकर सभी के खिलाफ धारा 151 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया ।

# लेनदेन के विवाद में कच्ची कारोबार का खोला पोल

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा इलाके में पैसे के लेन-देन के विवाद में कच्ची शराब के कारोबारी का भण्डा फूट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस कारोबारी दम्पत्ति और कच्ची का विरोध करने वाले दो युवक और बरामद शराब के साथ थाने चली गई। देर रात पुलिस दोनो पक्षों को थाने से छोड़ दी। जबकि इंस्पेक्टर ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की बात बता रहे है। घटना का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है जिसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं है।

**घटना का वीडियो इंटरनेट पर हो रहा है वायरल**

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जंगल सखनी निवासी लालबचन गुप्ता का पढोसी कच्ची शराब का कारोबार करता है। जिसका छह माह पहले 50 हजार रुपये में रेहन खेत लिया था। फसल कटने के बाद रुपया वापस मांगने लगा। जिसको लेकर दोनो में वाद-विवाद हो गए। विवाद के दौरान मौके मौजूद पढोस के युवकों पर करोबारी दम्पति छेड़खानी के आरोप में फसाने की धमकी देने लगे। मंगलवार को पढोस के तीन युवक थाने में तहरीर देकर दम्पति पर शराब बनाने और बेचने का आरोप लगाए। थाने पर तैनात एक दरोगा तहरीर लेकर हल्का सिपाही के पास भेज दिए। बुधवार की सुबह हल्का सिपाही दोनो पक्षों को खपड़हवा पीकेट पर तलब कर सुलह समझौता कराने का प्रयास की लेकिन युवकों ने वीडियो दिखाते हुए दम्पति पर पुनः शराब बनाने और बेचने का आरोप लगाया। तो हल्का सिपाही ने युवकों से बताया कि यह पूराना वीडियो है। आरोपी द्वारा शराब बनाने और बेचने पर पुनः वीडियो बना कर भेजो तब कार्रवाई किया जायेगा। युवक घर चले गए दोपहर बाद कारोबारी के शराब बनाने और बेचने का वीडियो बनाने लगे तो धंधेबाज लाठी डण्डा लेकर युवकों को दौड़ाने लगे। युवकों ने डायल 112 पर सूचना दिया। पीआरबी पुलिस के साथ हल्का पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर कुछ कच्ची शराब बरामद हुआ जिसको पुलिस ने नष्ट कराया और कुछ शराब बनाने का बरतन और करोबारी दम्पति के साथ दो युवकों को थाने चली गई।

इस्पेक्टर एमके पाण्डेय का कहना है कि 50 हजार रुपए का विवाद था छेडखानी का मामला नहीं था मारपीट हुई थी। महिला दारु बेच रही थी उसका आबकारी अधिनियम के तहत चालान हुआ है। युवकों का 107, 116 में चालान हुआ है वीडियो बनाने के लिए किसी ने नहीं कहा था यह बात बिल्कुल गलत है। पुलिस पहुंची तो दारू बनाने वाली महिला भागने लगी जिसको घेर कर युवकों ने पकड़वा दिया।

# सावधान ! कौन हैं ये ?

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुरूवार को शाहपुर इलाके के मेडिकल कालेज रोड पर अशोक नगर मुहल्ले में चार महिलाएं पहुंची और घरों में घुसकर बच्चा पैदा होने के बाद नेग के तौर पर जेवर और रूपये की मांग करने लगीं। एक परिवार के लोग नेग देने से मना कर दिये और महिलाओं के पहनावा को देखकर संदेह करने लगीं जिस पर महिलाएं जबरिया मकान में घुस गईं और नगदी व जेवरात लेकर बाहर निकली और पड़ोसी मकान में घुसीं और तांडव करने लगीं। कुछ देर बाद घर के पुरूष पहुंचे तो वह घर से बाहर निकलीं और पुलिस को बुलाने की बात हुई तो ये महिलाएं अपने को बाहरी बताकर भाग निकलीं।

**किन्नर बन नेग मांगने अशोक नगर मुहल्ले में दो घरों में घुसीं महिलाएं**



सीसीटीवी कैमरे में कैद अशोक नगर मुहल्ले में घर में घुसकर जेवर व पैसा लेने वाली महिलाओं का फोटो।

अशोक नगर मुहल्ले में दुर्गेश पांडेय के घर के निकट एक मकान में चारों महिलाएं घुसीं और जबरिया नेग के नाम पर सोने की अंगूठी और कुछ नगदी लेकर बाहर निकल गयीं। पड़ोस में रहने वाले दुर्गेश के घर पहुंची तो वहां उनकी पत्नी और बुजुर्ग मां मौजूद थीं वहां पर नेग के नाम पर 51 हजार रूपये और सोने के जेवरात की डिमांड करने लगीं। महिलाओं का हुलिया देखकर लगा कि ये महिलाएं इलाके की किन्नर नहीं हैं लेकिन ये महिलाएं जबरिया कमरे में घुस गईं और एक सोने की अंगूठी और कुछ पैसे लेकर बाहर निकलीं तब तक परिवार के लोग दुर्गेश को सूचना दे दी। दुर्गेश भागे हुए सड़क पर पहुंचे और कुछ लोगों के सहयोग से महिलाओं को रोक ली और पुलिस बुलाने की बात कही। महिलाएं दुर्गेश के घर से लायी हुई सोने की अंगूठी और पैसा थमाकर भागने लगीं। भागने वाली महिलाओं ने अपने को बावरिया बताया।

# लैपटॉप व कैश चोरी करने वाला कर्मचारी गिरफ्तार




कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़े गये अभियुक्त रामनाथ झा के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई। फोटो : एसएनबी

**गोरखपुर(एसएनबी)।** लैपटप, मोबाइल व 50 हजार कैश चोरी करने के आरोप में गैलेंट कम्पनी के कर्मचारी रामनाथ झा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया विजय चौक से गिरफ्तारी करने वाली टीम ने आरोपी के पास से लैपटप बरामद किया है। आरोप है कि चोरी हुए कम्पनी के लैपटप से आरोपी ने कम्पनी की गोपनीय सूचनाएं लीक भी की है पुलिस ने लैपटाप को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। ताकि पता चल सके की कौन कौन सी सूचनाएं उसने लैपटप से दूसरों को साझा किया है पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

**कम्पनी की सूचना कर रहा था लीक**

प्रभारी एसएसपी व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि गैलेंट कम्पनी के मेडालियन ट्रांसलिक्स विभाग के एचआर शाहपुर के पादरी बाजार निवासी शुभम भारद्वाज ने बीते 3 सितंबर 2022 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि मूल रूप से बिहार के दरभंगा के धेरुख निवासी उनकी कम्पनी में बीते एक साल से एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था आरोप था कि वह 8 मई 2022 को जब सारे कर्मचारी घर चले गए तो कम्पनी का लैपटप, मोबाइल व 50 हजार रुपये चोरी कर फरार हो गया. जब उसे फोन किया गया तो उसने बोला कि माँ की तबियत खराब होने के नाते कम्पनी का सामान लेकर बिना बताये घर आ गया है. कुछ दिन में आंकर सामान वह वापस कर देगा लेकिन बाद में वह सामान लौटाने से इनकार कर दिया और धमकी देने लगा कोतवाली पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी वर्तमान में आरोपी रामनाथ झा दिल्ली के द्वारका सेक्टर 8 में रहने लगा था. गुरुवार को कोतवाल रणधीर मिश्रा व उनकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# दहेज के लिए ही की थी हत्या, गिरफ्तार

**GORAKHPUR (24 Nov):** रामूघाट में पोखरे में मिला महिला का शव हत्या करके फेंका गया था. थाना पुलिस ने गुरुवार को आरोपित पति व ससुर को गिरफ्तार कर लिया. दोनों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया. पीपीगंज के ग्राम रामूघाट में 15 नवंबर को 22 वर्षीय सुमन देवी का शव पोखरे में मिला था.

i EXCLUSIVE
anuragpandey@inext.co.in

# योगी-मोदी अंगूठी शोहदों को देगी 2 हजार वोल्ट का...
# झटका

इंटरनेशनल वुमन वॉयलेंस डे स्पेशल

**GORAKHPUR (24 Nov):** आईटीएम गीडा की दो छात्राओं ने मिलकर वुमन सेफ्टी के लिए ऐसा गैजेट बनाया है, जो शोहदों को 2 हजार वॉट का जोरदार झटका देगा. इसे तैयार करने में दोनों छात्राओं ने एक माह लगे हैं. छात्राओं ने अंगूठी और ब्रेसलेट में उस डिवाइस को सेट किया है, जिसे योगी-मोदी अंगूठी, ब्रेसलेट का नाम दिया है. इंटरनेशनल वुमंस वायलेंस डे के ठीक पहले दोनों ही छात्राओं द्वारा बनाया गैजेट चर्चा का विषय बन गया है.

### बीटेक फर्स्ट इयर में पढ़ती हैं छात्राएं

गोरखपुर राजेन्द्रनगर की अक्षिता तिवारी और खलीलाबाद की स्नेहा शर्मा आईटीएम गीडा में बीटेक फर्स्ट इयर में पढ़ती है. दानों छात्राएं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बीटेक कर रही हैं. दोनों छात्राओं ने दुनिया में महिला अपराध के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए वुमन सेफ्टी के लिहाज से गैजेट तैयार करने को सोचा. इसके बाद उसपर काम करना शुरू कर दिया.

### वुमन सेफ्टी एप से कनेक्ट

अक्षिता और स्नेहा ने बताया कि अंगूठी और ब्रेसलेट मे डिवाइस फिट किया गया है. जिसे वुमन सेफ्टी एप से जोड़ा गया है. वुमन सेफ्टी एप में चार इमरजेंसी नंबर को हम जोड़ सकते हैं. इसके बाद कही भी बाहर निकलने पर परेशानी में फंसने पर दो बार अंगूठी या ब्रेसलेट में लगे बटन को प्रेस करने पर चार इमरजेंसी नंबरों पर मैसेज और कॉल चली जाएगी. इसमें हम जहां भी होंगे वहां की लोकेशन भी चली जाएगी. जिससे आपात स्थित में खोजने में भी आसानी होगी. साथ ही फैमली मेंबर्स हमारी कॉल रिसीव कर बात चीत की रिकॉर्डिंग भी कर सकते हैं. ये गैजेट खतरे के समय में मदद देगा. वाई-फाई और ब्लूटूथ के माध्यम से हम इस अंगूठी को अपने मोबाइल फोन से जोड़कर इस्तेमाल कर सकतें है.



### गैजेट छूते ही लगेगा करंट

अक्षिता और स्नेहा ने बताया कि अभी इस गैजेट में हमलोग और काम कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि कभी ऐसा भी हो सकता है कि कोई हमारा गैजेट छीनने की कोशिश भी कर सकता है. इस परेशानी से लड़ने के लिए गैजेट में कुछ ऐसे मैटेरियल भी यूज कर रहे हैं, जिससे गैजेट को छूने वाले को 2 हजार वोल्ट का करंट लगे. बहुत जल्द ये काम भी पूरा हो जाएगा.

### दो हजार में तैयार हुआ गैजेट

अक्षिता और स्नेहा ने बताया कि गैजेट को तैयार करने में करीब दो हजार रुपए का खर्च आया है. इसमे ब्लू टूथ, 3.7 वोल्ट बैट्री, एलईडी लाइट, स्टील रिंग, स्टील ब्रेसलेट का यूज किया गया है.

### इंटरनेशनल वुमन वायलेंस डे

दुनिया में हर तीन में से एक 15 सल से अधिक एज की महिला किसी ना किसी रूप में हिंसा का शिकार हुई है. यूएन वुमन के आकड़ों के अनुसार महिलाओं के खिलाफ हिंसा के 74 करोड़ से भी अधिक मामले प्रकाश में आए हैं. इस रिपोर्ट के अनुसार 137 महिलाओं की हत्या रोज उनके परिवार के लोगों द्वारा की जाती है. हर तीन में से एक बच्ची 11 से 15 साल की स्कूल में साथ में पढ़ने वाले द्वारा मारपीट झेलती है. पूरी दुनिया में महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचार को कम करने के लिए इंटरनेशनल वुमन वायलेंस हर साल 25 नवंबर को मनाया जाता है.

आईटीएम की छात्राओं ने वुमन सेफ्टी के लिए बनाया हाइटेक गैजेट

गैजेट को डबल क्लिक करने पर चार लोगों के मोबाइल पर जाएगा मैसेज

# लापरवाही पर सस्पेंड होंगे पुलिसकर्मी

**GORAKHPUR (24 Nov):** एडीजी जोन अखिल कुमार द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत हर घर कैमरा अभियान में रुचि न लेने वाले पुलिसकर्मी अब सस्पेंड होंगे. यह निर्देश गुरुवार की दोपहर प्रभारी एसएसपी व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने वायरलेस सेट के जरिये दी. एसपी सिटी ने कहा की ऑपरेशन त्रिनेत्र एडीजी जोन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है. पहले चौराहों पर गणमान्य लोगो व जनप्रतिनिधियो की मदद से सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए. सीसीटीवी कैमरे लगवाने वाले गणमान्य लोगों को त्रिनेत्र अम्बेसडर की उपाधि दी गई है. अब गलियों को कैमरे से लैश करने के लिए हर घर कैमरा अभियान चल रहा है. जिसके तहत बीट सिपाही व हल्का दरोगा को लोगो को कैमरा लगवाने के लिए जागरूक करना है. पिछले एक सप्ताह में खुद एडीजी कैन्ट के इंजीनियरिंग कॉलेज, तिवारीपुर, गोरखनाथ थाने, पीपीगंज थाने के इलाकों का निरीक्षण कर चुके है. अच्छा काम करने वाले दीवान, बीट पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर चुके है. रुचि न लेने वालों को लाइनहाजिर भी किया जा चुका है.

# गैलेंट कंपनी की सूचना लीक करने वाला कर्मचारी लैपटॉप के साथ धराया

GORAKHPUR (24 Nov): लैपटॉप, मोबाइल व 50 हजार कैश चोरी करने के आरोप में गैलेंट कम्पनी के कर्मचारी रामनाथ झा को पुलिस ने गुरुवार को विजय चौराहा से गिरफ्तार कर लिया. उसके पास से लैपटॉप बरामद किया है. आरोप है कि चोरी हुए कम्पनी के लैपटॉप से आरोपी कम्पनी की गोपनीय सूचनाएं लीक भी की हैं. पुलिस ने लैपटॉप को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है, ताकि पता चल सके की कौन-कौन सी सूचनाएं उसने लैपटॉप से दूसरों को साझा किया है.

## आरोपी कंपनी में था एकाउंटेंट

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि गैलेंट कम्पनी के मेडालियन ट्रांसलिक्स विभाग के एचआर शाहपुर के पादरी बाजार निवासी शुभम भारद्वाज ने 3 सितंबर 2022 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि मूल रूप से बिहार के दरभंगा के धेरुख निवासी रामनाथ झा उनकी कम्पनी में बीते एक साल से अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था. आरोप था कि वह 8 मई 2022 को जब सारे कर्मचारी घर चले गए तो कम्पनी का लैपटॉप, मोबाइल व 50 हजार रुपये चोरी कर फरार हो गया. जब उसे फोन किया गया तो उसने मां की तबियत खराब होने की बात बताते हुए कम्पनी का सामान लेकर बिना बताये घर चले जाने की जानकारी दिया. कुछ दिन में लौट कर वह सामान वापस कर देगा. लेकिन बाद में वह सामान लौटाने से इनकार कर दिया और धमकी देने लगा.

वर्तमान में आरोपी रामनाथ झा दिल्ली के द्वारका सेक्टर 8 में रहने लगा था. गुरुवार को कोतवाल रणधीर मिश्रा व उनकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

# दुष्कर्म का आरोपित अरेस्ट

एक महिला ने गुरुवार को शाहपुर थाना पुलिस को तहरीर देते हुए देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया. थाना प्रभारी मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि आरोपित सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया है. उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है.

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

छात्रा के अपहरण के आरोपित आशुतोष पाण्डेय को शाहपुर थाना पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया. उसे न्यायालय में पेश करते हुए पुलिस ने रिमांड पर लिया है. आरोपित से अपहरण करने और सहयोगीयों के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है.

# दुष्कर्म के आरोप में देवर गिरफ्तार

पादरी बाजार। शाहपुर के एक मोहल्ले में भाभी ने देवर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी देवर को गिरफ्तार कर ली। महिला ने दिए तहरीर में लिखा है कि उसकी शादी 2017 में हुई थी। शादी के बाद ससुराल में पति-पत्नी सभी ठीक से रहते थे और तीन साल का बच्चा भी है। आरोप है कि आठ माह पहले देवर ने दुष्कर्म किया और सात माहका गर्भ भी है।

# सख्ती व जागरूकता से घट रही महिला हिंसा की घटनाएं

## महिला हिंसा उन्मूलन दिवस

**07 साल में 900 महिलाएं हुई घरेलू हिंसा की शिकार**

- **महिलाओं के साथ घटे हैं 4475 से अधिक अपराध**
- **अपराधों पर अंकुश लगाने को शासन ने तमाम निर्देश जारी किए**

### पॉक्सो एक्ट व रेप केस में 24 को सजा

गोरखपुर की पुलिस ने न्यायालयों में मजबूत पैरवी कर इस साल पाक्सो एक्ट एवं बलात्कार के 23 मामलों में 24 आरोपितों को सजा दिलाई है। इनमें से चार को आजीवन कारावास, आठ को 10 वर्ष से अधिक जबकि 12 आरोपितों को 10 से वर्ष से कम की सजा हुई है। गोरखपुर जोन की पुलिस ने 111 ऐसे आरोपितों को सजा दिलाई है जिनके खिलाफ पाक्सो एक्ट या बलात्कार के मुकदमे दर्ज रहे हैं।

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। शासन की मंशा और पुलिस की सख्ती तथा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा की गई जागरूकता का परिणाम सार्थक आने लगा है।घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी आने लगी है।

हालांकि महिला अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 7 साल में 4475 महिलाएं किसी न किसी प्रकार से आपराधिक घटनाओं की शिकार हुई। हालांकि इनमें सर्वाधिक घरेलू हिंसा की घटनाएं ही हैं।

महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने तमाम सख्त निर्देश जारी किए। शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस प्रशासन ने महिलाओं से जुड़े अपराधों के मामले में सख्ती दिखाई जिसका परिणाम सार्थक आने लगा है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक बीते सात साल में महिला अपराधों में कमी आई है। हालांकि आपराधिक घटनाएं लगातार हो रही हैं। पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2016-17 में घरेलू हिंसा की 23 घटनाएं हुई थीं। वर्ष 2017-18 में यह संख्या बढ़कर 118 हो गई जबकि वर्ष 2018-19 में घरेलू हिंसा की 353 घटनाएं हुई। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2019-20 में घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी आई।

इस अवधि में 217 घटनाएं हुई। वर्ष 2020-21 में घटनाएं और कम हुई। घरेलू हिंसा की 88 घटनाएं हुई। वहीं वर्ष 2021-22 में भी आंकड़ा यही रहा। वर्ष 2022-23 में घरेलू हिंसा के 13 मामले आ चुके हैं। पुलिस ने इन मामलों में कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 7 साल में महिलाओं से सम्बंधित 4475 अपराध हुई जिनमें मुकदमें दर्ज किए गए।

# सात लोगों का शांतिभंग में चालान

**पादरीबाजार**। शाहपुर इलाके के बिछिया में एक जमीन को कब्जे करने के लिए चहरदीवारी तोड़ने का आरोप है। पुलिस ने एसपी सिटी के आदेश पर सात आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जंगल तुलसीराम बिछिया में संगीता सिंह पत्नी मनोज सिंह 16 वर्ष पूर्व जमीन का पंजीकृत बैनामा कराने के बाद चाहरदीवारी बनाकर छोड़ दिए हैं।

# दो एम्बुलेंस चालकों का शांतिभंग में चालान

**मेडिकल कॉलेज**। मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर के सामने बुधवार की रात मरीज को ले जाने को लेकर दो एम्बुलेंस चालक आपस में मारपीट करने लगे। जिससे ट्रामा सेंटर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची गुलरिहा पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। गुरुवार को पुलिस ने दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# सड़क हादसे में पिता और पुत्र घायल

**मोतीराम अड्डा**। खोराबार थानाक्षेत्र के सिक्टौर चौराहे पर पिता और पुत्र गम्भीर रूप घायल हो गए। रवि कन्नौजिया अपने बेटे आयुष (4) निवासी सिक्टौर के साथ गुरुवार को देर शाम चौराहा पार करते समय बाइक की चपेट में आ गए। इससे पिता-पुत्र दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है, जहां आयुष की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# खोए बच्चे को चौकी इंचार्ज ने किया पिता को सुपुर्द

**गोरखपुर**। मोहद्दीपुर चौराहे पर गुरुवार को चौकी इंचार्ज सुधांशु सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही पुलिस को 10 वर्षीय मंदबुद्धि बच्चा भटकता हुआ मिला। पूछताछ में पता चला कि बच्चा मंदबुद्धि के साथ-साथ गूंगा-बहरा भी है। पुलिस ने तलाशी ली तो उसकी जेब से एम्स का पर्चा मिला, जिस पर पिता का फोन नंबर लिखा था। पुलिस ने फोन करके सैफुद्दीन को मोहद्दीपुर चौकी पर बुलाया।

# गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपितों को जेल

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने गुरुवार को गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। रामगढ़ताल पुलिस ने गिरोह बनाकर लूट करने वाले चार बदमाशों पर बुधवार को गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी।

इसमें वांछित दो बदमाश रामगढ़ताल क्षेत्र के कजाकपुर निवासी सिकंदर निषाद व क्षेत्र के सेंदुली बेंदुली ढोमवा ढाला निवासी सोनू बासफोड़ को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। वह दोनों अगस्त 2021 में आंख में मिर्च डालकर बघौचघाट (देवरिया) निवासी व कलेक्शन एजेंट नवनीत से लूट की वारदात को अंजाम दिए थे। सिकंदर पर रामगढ़ताल थाने में तीन और सोनू पर एक मुकदमा दर्ज है।

# लैपटॉप और नकदी चुराने वाला कर्मचारी गिरफ्तार

गोरखपुर। लैपटॉप, मोबाइल और 50 हजार कैश चोरी करने के आरोप में गैलेंट कंपनी के कर्मचारी रामनाथ झा को पुलिस ने गुरुवार को विजय चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लैपटॉप बरामद किया है। आरोप है कि चोरी हुए कम्पनी के लैपटॉप से आरोपी कम्पनी की गोपनीय सूचनाएं लीक भी किया है। पुलिस ने लैपटॉप को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि गैलेंट कंपनी के मेडालियन ट्रांसलिक्स विभाग के एचआर पादरी बाजार निवासी शुभम भारद्वाज ने तीन सितंबर को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बिहार के दरभंगा के घेरुख निवासी रामनाथ झा कंपनी में एक साल से एकाउंटेंट था। वह आठ मई को कंपनी का लैपटॉप, मोबाइल और 50 हजार रुपये चोरी कर भाग गया। वर्तमान में रामनाथ झा दिल्ली के द्वारका सेक्टर-8 में रह रहा था। गुरुवार को कोतवाल रणधीर मिश्रा ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# लापरवाह पुलिसकर्मी होंगे निलंबित : एसपी सिटी

गोरखपुर। एडीजी जोन अखिल कुमार की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत हर घर कैमरा अभियान में रुचि नहीं लेने वाले पुलिसकर्मी अब निलंबित होंगे। एसपी सिटी/एसएसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने सेट के जरिये इसकी चेतावनी गुरुवार को पुलिसकर्मियों को दी। एसपी सिटी ने कहा की ऑपरेशन त्रिनेत्र एडीजी जोन व पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। जिसके तहत पहले चौराहों पर आमजन व जनप्रतिनिधियो की मदद से सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। सीसीटीवी कैमरे लगवाने वालों को त्रिनेत्र अम्बेसडर की उपाधि दी गई है।

# रैली निकालकर यातायात के प्रति किया जागरूक

गोरखपुर। एमजी पीजी कॉलेज के एनएसएस द्वारा गुरुवार को यातायात माह के अन्तर्गत रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह व एसपी ट्रैफिक ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। रैली महाविद्यालय से बैंक रोड, विजय चौक, गणेश चौराहा एवं कचहरी चौराहा होते हुए टाउनहाल से एडी चौराहा होकर वापस महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई।

# गैर इरादतन हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। पिपराइच पुलिस ने मारपीट व गैर इरादतन हत्या के प्रयास का आरोपित को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान क्षेत्र के गुलरिहा गांव के पतरका टोला निवासी शमशेर अली के रूप में हुई।

# एटीएम इंजीनियर और गार्ड पर केस

सहजनवा। गीडा क्षेत्र के नौसढ़ चौराहे पर स्थित एसबीआई एटीएम में रुपया निकालते समय कार्ड फंस गया। पीड़ित की तहरीर पर एटीएम के इंजीनियर और गार्ड के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनयम की धारा में मुक़दमा दर्ज किया है। गीडा क्षेत्र के भिलोरा निवासी अनिल कुमार पांडेय पेशे से वकील हैं।

### कुशीनगर के युवक की हत्या के मामले में विवेचना में लापरवाही

# हाईकोर्ट का सख्त रुख 10 थानेदारों को नोटिस



- कुशीनगर के जटहां में पेड़ से लटकती मिली थी युवक की लाश
- पिता ने दर्ज कराया था हत्या का केस, पुलिस ने लगाई एफआर
- पिता की आपत्ति पर पीपीगंज थानेदार को मिली विवेचना
- तैनात दस से ज्यादा थानेदारों पर है लापरवाही का आरोप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कुशीनगर जिले के जटहां बाजार इलाके में हुई एक युवक की मौत की विवेचना में पीपीगंज थाने पर तैनात रहे दस थानेदारों को नोटिस जारी किया गया। आरोप है कि सभी थानेदारों ने हत्या में दर्ज केस की विवेचना में लापरवाही बरती है।

जटहां पुलिस ने हत्या के केस में एफआर लगा दी थी। इससे वादी के संतुष्ट न होने पर डीआईजी ने केस को गोरखपुर के पीपीगंज थाने पर ट्रांसफर कर दिया था। इस केस को जब हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया तब सभी विवेचकों को नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के मुताबिक, 23 जून 2017 को जटहां बाजार थाना क्षेत्र में बाजुपट्टी निवासी नगीना प्रसाद के बेटे की पेड़ से लटकती लाश मिली थी। नगीना प्रसाद ने इस मामले में गांव के कुछ लोगों पर हत्या का केस दर्ज कराया था। पर जटहां बाजार पुलिस ने अपनी जांच में इसे खुदकुशी पाया और 20 सितंबर 2017 को हत्या के मामले में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी।

वादी यानी नगीना प्रसाद ने पुलिस की विवेचना पर सवाल उठाते हुए अपनी आपत्ति जताई। उन्होंने डीआईजी को प्रार्थना पत्र दिया। डीआईजी के आदेश पर विवेचना को फिर से शुरू करने के साथ ही गोरखपुर जिले के पीपीगंज थाने पर ट्रांसफर कर दिया गया।

चूंकि यह हत्या का केस था, इसलिए विवेचना की जिम्मेदारी पीपीगंज थानेदार को दी गई। पीपीगंज पुलिस 13 नवंबर 2017 से ही विवेचना कर रही है, लेकिन अभी तक यह पूरी नहीं हो सकी है। इस बीच वादी मुकदमा ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। उधर, हाईकोर्ट ने भी इस मामले में पुलिस को तलब किया। उधर, एसएसपी ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पीपीगंज के थानेदार रहे राज प्रकाश सिंह, सौरभ राय, देवेंद्र कुमार, अरुण पवार, दुर्गेश सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, आशुतोष सिंह, दिनेश मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, सत्य प्रकाश सिंह को नोटिस जारी किया है।

# कंपनी का लैपटाप चुरा सूचना लीक करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कंपनी के कार्यालय से लैपटाप, मोबाइल व 50 हजार रुपये चुराने वाले कर्मचारी को कोतवाली थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। बिहार के दरभंगा जिले का रहने वाला आरोपित कंपनी से जुड़ी सूचना को लीक कर रहा था। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने गुरुवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि गैलेंट कंपनी के मेडालियन ट्रांसलिक्स विभाग के एचआर व शाहपुर के पादरी बाजार निवासी शुभम भारद्वाज ने तीन सितंबर 2022 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि मूलरूप से दरभंगा के बहेरा, धेरुख निवासी रामनाथ झा उनकी कंपनी में एक वर्ष

**कोतवाली थाने में आरोपित के विरुद्ध दर्ज था मुकदमा, दरभंगा जिले के रहने वाले आरोपित कर्मी को भेजा गया जेल**

से एकाउंटेंट था। आठ मई 2022 को जब सभी कर्मचारी घर चले गए तो कंपनी का लैपटाप, मोबाइल फोन व 50 हजार रुपये चोरी करके रामनाथ फरार हो गया। जब उसे फोन किया गया तो बताया कि मां की तबीयत खराब है। कुछ दिन में आकर वह सामान वापस कर देगा, लेकिन बाद में उसने लौटाने से इन्कार कर दिया और धमकी देने लगा। कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित को ढूंढ रही थी। सर्विलांस की मदद से छानबीन करने पर पता चला कि आरोपित रामनाथ झा दिल्ली के द्वारका में रहता है।

# 'हर घर कैमरा' अभियान में लापरवाही करने वाले होंगे निलंबित

- एसपी सिटी ने शहर के सभी थानेदारों व चौकी प्रभारियों को चेताया
- वायरलेस से कहा, कहीं पर न मिले तिवारीपुर व गोरखनाथ वाली खामी



ग्राम प्रधान सुमन त्रिपाठी को सम्मानित करते एडीजी जोन अखिल कुमार ● जागरण

**जासं, गोरखपुर** : आपरेशन त्रिनेत्र के तीसरे चरण में शुरू हुए 'हर घर कैमरा' अभियान से आमजन को जोड़ने के लिए पुलिस ने प्रयास तेज कर दिए हैं। थानेदार, चौकी प्रभारी के साथ ही बीपीओ (बीट पुलिस अधिकारी) क्षेत्र में गश्त करने के साथ ही व्यापारी व स्थानीय लोगों से घर में सीसी कैमरा लगवाने की अपील कर रहे हैं। एसपी सिटी ने गुरुवार को वायरलेस सेट से सभी थानेदारों को बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र में लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मी अब निलंबित होंगे। एसपी सिटी ने कहा कि एडीजी जोन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले आपरेशन त्रिनेत्र के तीसरे चरण में हर घर कैमरा अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोग क्षेत्र में भ्रमण कर आमजन को जागरूक करें। तिवारीपुर व गोरखनाथ की तरह निरीक्षण के दौरान अगर स्थानीय स्तर पर कोई प्रयास नहीं मिला तो निलंबन की कार्रवाई होगी।

**एडीजी ने ग्राम प्रधान को किया सम्मानित** : एडीजी जोन अखिल कुमार गुरुवार की दोपहर पीपीगंज के सांखी गांव पहुंचे। अपने खर्च पर गांव में 16 सीसी कैमरे लगवाने वाली ग्राम प्रधान सुमन त्रिपाठी व उनके पति विनोद त्रिपाठी को सम्मानित किया। एडीजी ने कहा कि गांव के सभी प्रमुख चौराहों पर सीसी कैमरे लगने से घटना पर अंकुश लगेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी ग्राम प्रधान आगे आएं। इस दौरान सीओ कैंपियरगंज योगेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष पीपीगंज दीपक कुमार सिंह, अमित सिंह मोनू, आदर्श सिंह, महेंद्र मिश्रा, मकसूद मिश्रा, शशि सिंह, सतई प्रसाद मौजूद रहे।

# छात्रा के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**पादरी बाजार** : छात्रा के अपहरण के आरोपित आशुतोष पाण्डेय को शाहपुर थाना पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश करते हुए पुलिस ने रिमांड पर लिया है। आरोपित से अपहरण करने और सहयोगीयों के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। (जासं)

# एसएसपी का नफीसा गैंग मामले में हलफनामा दाखिल

**विधि संवाददाता, प्रयागराज** : इलाहाबाद हाई कोर्ट में एसएसपी गोरखपुर ने नफीसा गैंग मामले में अनुपालन रिपोर्ट सहित व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर दिया है। कोर्ट ने 19 दिसंबर तक इस पर आपत्ति दायर करने का अवसर दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एसएसपी को धन उगाही के लिए आपराधिक न्याय प्रशासन का दुरुपयोग करने वालों पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। मामले में अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार और न्यायमूर्ति सैयद वैज मियां की खंडपीठ ने नफीसा व चार अन्य की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने इससे पहले एसएसपी से इस बात का हलफनामा मांगा था कि क्या याची के खिलाफ लगाए गए आरोपों का कोई साक्ष्य है? यदि है तो अब तक क्या कार्रवाई की गई है। क्षेत्राधिकारी कैंट गोरखपुर की 23 मई 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि नफीसा गैंग सक्रिय है जो फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराकर लोगों से धन उगाही कर रहा है। इसे लेकर याचिका दायर की गई है।

# एटीएम में फंसे कार्ड से निकला पैसा, इंजीनियर व गार्ड पर केस

**जासं, सहजनवां** : गीडा के नौसढ़ स्थित एसबीआइ के एटीएम में कार्ड फंस जाने के बावजूद एक युवक के खाते से दो बार में करीब 19 हजार रुपये निकल गए। शिकायत पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो उसने थाने में तहरीर देकर एटीएम के इंजीनियर व गार्ड के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया।

भिलौरा निवासी अनिल कुमार पांडेय ने तहरीर में बताया है कि उनका विकास भवन स्थित पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। बैंक का एटीएम कार्ड प्रयोग करते है। आठ नवंबर को दोपहर में नौसढ़ स्थित एसबीआइ के एटीएम से पैसा निकालने गए।दस हजार रुपये निकालना चाहा लेकिन पैसा नहीं निकला और कार्ड भी मशीन में फंस गया। मशीन पर लिखे गार्ड के नम्बर पर फोन किया और समस्या बताई। गार्ड ने खुद को छुट्टी पर होने और इंजीनियर के आने पर कार्ड मिलने की बात कही। इसके बाद रात के समय खाते से दो बार में 19 हजार 73 रुपये निकल गए। अनिल ने एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। थाना प्रभारी राकेश सिंह यादव ने बताया कि अज्ञात इंजीनियर और गार्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# धोखाधड़ी के आरोप में पिता-पुत्र पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, सहजनवां** : टड़वा खुर्द निवासी 65 वर्षीय सोनमती देवी ने भूमि बेचने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कोर्ट में याचिका दायर की थी। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर न्यायालय ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

सहजनवां थाना पुलिस ने गुरुवार को टड़वा खुर्द निवासी पिता दामोदर मिश्र और उनके पुत्र आशीष कुमार मिश्र के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# लापरवाही पर तलब हुए पीपीगंज में तैनात रहे 10 थानेदार

**जासं, गोरखपुर** : पीपीगंज थाने में तैनात रहे 10 थानेदारों को एसएसपी ने तलब किया है। आरोप है कि हत्या के मुकदमे की विवेचना में इन लोगों ने लापरवाही बरती, जिसकी वजह से वर्ष 2017 से यह मुकदमा अभी तक लंबित है। विवेचकों ने निस्तारण करने में रुचि नही ली।

23 जून 2017 को कुशीनगर जिले के जटहां बाजार थाना क्षेत्र में बाजुपट्टी निवासी नगीना प्रसाद के बेटे का शव पेड़ से लटकता मिला था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना में युवक के खुदकुशी करने का प्रमाण मिलने की बात कहते हुए थानेदार ने 20 सितंबर 2017 को फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। बाद में वादी मुकदमा ने आपत्ति करते हुए डीआइजी को प्रार्थना पत्र देकर दूसरे जिले की पुलिस से मुकदमे की विवेचना कराने का आग्रह किया। डीआइजी ने विवेचना नए सिरे से कराने का आदेश देते हुए गोरखपुर स्थानांतरित कर दिया। पीपीगंज थाना पुलिस 13 नवंबर 2017 से ही इस मुकदमे की विवेचना कर रही है, लेकिन अभी पूरी नहीं हो सकी है। इस बीच वादी मुकदमा ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। इसके बाद एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने पीपीगंज थाने में तैनात रहे राज प्रकाश सिंह, सौरभ राय, देवेंद्र कुमार, अरुण पंवार, दुर्गेश सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, आशुतोष सिंह, दिनेश मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा व सत्य प्रकाश सिंह को नोटिस जारी कर तलब किया है। सभी से कहा गया है कि एसपी नार्थ कार्यालय में बयान दर्ज कराएं।

# मैरिज हाउस में खाने पीने के दौरान विवाद 14 गिरफ्तार

**जासं चरगांवा** : मैरिज हाउस में बुधवार की देर रात में खाने-पीने को लेकर विवाद हो गया। शाहपुर थाना पुलिस ने प्रमोद कुमार सिंह, विश्वनाथ, पवन मिश्र, आकाश सिंह, अभिषेक कुमार, मंटन सिंह, दुर्गेश कुमार, मनोज सिंह, मनोज त्रिपाठी, प्रभाकर मिश्र, राहुल मिश्र, कुदंन गौतम, रोशन लाल व अखिलेश रावत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि शादी के दौरान मैरिज हाउस में खाने पीने को लेकर 14 लोगों ने आपस में विवाद किया था।

# ब्लैक स्पाट ठीक करने को एसपी यातायात ने लिखा पत्र

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** ब्लैक स्पाट की वजह से जिले में बढ़ रहीं सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के प्रयास शुरू हो गए हैं। दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान में प्रमुखता से यह मामला प्रकाशित होने के बाद एसपी यातायात डा. एमपी सिंह ने सड़क में खामी की वजह से जिन स्थानों पर दुर्घटना होती है, उसे ठीक कराने के लिए लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को पत्र लिखा है। दुर्घटना की मुख्य वजह बने ब्लैक स्पाट को भी ठीक कराने को कहा है।



एसपी ट्रैफिक एमपी सिंह।

**जागरण प्रभाव**

- **हाइवे पर स्थानीय सड़क पर चिन्हित स्थानों पर होते हैं सर्वाधिक हादसे**
- **खराब सड़कों को भी ठीक कराने का पत्र में किया अनुरोध**

जिले में होने वालीं अधिकांश दुर्घटनाओं की वजह सड़क की खराब बनावट और ब्लैक स्पाट है। सबसे खराब स्थिति नौसढ़ खजनी मार्ग की है। पांच किलोमीटर तक सड़क के बाएं तरफ की पटरी बाइडिंग करके (गिट्टी कूटकर) छोड़ दिया गया है। यहां न तो डिवाइडर बना है और न ही ट्रैफिक लाइट है। खानिमपुर में 500 मीटर के अंदर तीन जगह सकरी पुलिया हादसे की वजह है। गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर चौमुखा से लेकर नौसढ़ तक। लखनऊ मार्ग पर कालेसर से कोनी मोड़ तक जगह-जगह खोले गए कट और डिवाइडर पर झाड़ी न होने से आए दिन हादसा होता रहता है।सोनौली हाइवे कहने को फोरलेन है जंगल कौड़िया से बगही भारी (सात किमी), भगवानपुर से हरनाथपुर (पांच किमी), कैंपियरगंज ओवरब्रिज से फरेंदा जंगल तक (पांच किमी) हाइवे डबल लेन है, जिसकी वजह से ब्लाइंड मोड पर ओवरटेक करने के दौरान सबसे ज्यादा हादसे होते हैं।

एसपी यातायात डा. एमपी सिंह ने बताया कि शहर और गांव को जोड़ने वाले हाइवे व सड़क पर जहां हादसे की वजह खराब इंजीनियरिंग है वहां संकेतक और ब्लिंकर-रिफ्लेक्टर के लिए लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा गया है। साथ ही जिले के सभी चिन्हित ब्लैक स्पाट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने को कहा है।

**चिन्हित ब्लैक स्पाट**

दाना पानी रेस्टोरेंट, कालेसर जीरो प्वाइंट, बोक्टा चौराहा, कसरौल, भीटी रावत, कोनी तिराहा, महावनखोर, रामनगर कड़जहां, मोतीराम अड्डा और नौसढ़ तिराहा पर तीव्र मोड़ और छोटे डिवाइडर की वजह से हादसे होते हैं।

# हत्या के प्रयास के तीन आरोपितों को दस वर्ष कठोर कारावास

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** हत्या का प्रयास करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश राहुल आनंद ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कविलासपुर निवासी अभियुक्त दीनानाथ पांडेय, श्रीनारायण पांडेय व राजनारायण पांडेय को दस साल के कठोर कारावास व जुर्माने से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र सिंह व रमेश सिंह का कहना था कि वादी विनोद चंद्र उर्फ लल्ला उरुवा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर का निवासी है। वादी व अभियुक्तों का गांव अगल बगल है, जिसके कारण वादी की अभियुक्तों से पुरानी रंजिश चलती है। वह अभियुक्तों के गांव में सरकारी सड़क का निर्माण करा रहा था। पुरानी रंजिश के कारण अभियुक्त दीनानाथ वादी का विरोध कर रहा था तथा मजदूरों को परेशान कर रहा था।

17 नवम्बर 2006 को दिन में करीब दो बजे वादी अपने चचेरे भाई प्रदीप चंद्र के साथ विरोध का कारण पूछने गया। इसी बात पर नाराज होकर दीनानाथ के ललकारने पर श्रीनारायण ने कट्टे से प्रदीप चंद्र के पेट में गोली मार दी तथा राजनारायण ने भी कट्टे से फायर किया। पुलिस ने घटनास्थल पर कट्टा व खोखा कारतूस बरामद किया था। न्यायाधीश ने पत्रावली पर पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर अभियुक्तों को उक्त सजा सुनाई।

# दुष्कर्म के आरोपित को भाई ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**जासं, चरगांवा:** किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित सुनील निषाद को गुरुवार को किशोरी के भाई ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं दूसरा आरोपित भाग गया। शाहपुर थाना पुलिस ने आोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। वहीं दूसरे की तलाश पुलिस कर रही है।

# दुष्कर्म के आरोप में देवर गिरफ्तार

**पादरी बाजार।** शाहपुर इलाके के एक मोहल्ले में महिला ने अपने देवर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोप के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी देवर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, महिला ने तहरीर में लिखा है कि उसकी शादी 4 मई 2017 को हुई थी। शादी के बाद ससुराल में पति-पत्नी सभी ठीक से रहते थे और तीन साल का बच्चा भी है। लेकिन, फिर उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि आठ महीने पहले देवर ने दुष्कर्म किया और सात महीने का गर्भ भी है। अब ससुराल वाले गर्भपात कराना चाहते हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की। ब्यूरो

# पति पर मारपीट का केस दर्ज कराया

**झंगहा।** इलाके के मीठाबेल गांव निवासी मंशा देवी ने पति सत्यदेव यादव पर मारपीट का केस दर्ज कराया। आरोप है कि मंगलवार को पति ने मारपीट की थी। इस दौरान उसने कुदाल से भी हमले की कोशिश की, लेकिन भागकर जान बचाई। बृहस्पतिवार को पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# सात का शांतिभंग में चालान

**पादरीबाजार।** शाहपुर इलाके की बिछिया कॉलोनी में एक जमीन को कब्जा करने के लिए चहरदीवारी तोड़ने का आरोप है। पुलिस ने एसपी सिटी के आदेश पर सात आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर के जंगल तुलसीराम बिछिया में संगीता सिंह पत्नी मनोज सिंह ने 16 वर्ष पूर्व जमीन का पंजीकृत बैनामा कराने के बाद चाहरदीवारी बना कर छोड़ दिया है। आरोप है कि इसे कब्जा करने की नीयत से बिना किसी आदेश के मनबढ़ों ने चहरदीवारी तोड़ दी। ब्यूरो

# कच्ची शराब के धंधेबाज हिरासत में

भटहट। गुलरिहा इलाके के जंगल सखनी में रुपये के लेनदेन के विवाद में कच्ची शराब बनाने के अड्डे का भंडाफोड़ हो गया। पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, जंगल सखनी में कच्ची शराब के रुपये बंटवारे को लेकर हुए विवाद में कुछ लोग बुधवार को पुलिस चौकी पहुंच गए। शिकायत पर पुलिस गई और दोनों पक्षों को थाने लेकर आई, लेकिन फिर रात में छोड़ दिया। एक युवक बृहस्पतिवार को फिर कच्ची शराब का वीडियो बनाने लगा, जिस पर उसे आरोपियों ने दौड़ा लिया। उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# हत्या की कोशिश के आरोपियों को दस साल कैद

## कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर सुनाई सजा, अर्थदंड भी लगाया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। हत्या की कोशिश का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश राहुल आनंद ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कविलासपुर निवासी अभियुक्त दीनानाथ पांडेय, श्रीनारायण पांडेय व राजनारायण पांडेय को दस साल के कठोर कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र सिंह एवं रमेश सिंह का कहना था कि वादी विनोद चंद्र उर्फ लल्ला उरुवा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर का निवासी है। वादी की अभियुक्तों से पुरानी रंजिश चलती है। वादी अभियुक्तों के गांव में सरकारी सड़क का निर्माण करा रहा था। उसी रंजिश के कारण अभियुक्त दीनानाथ वादी का विरोध कर रहा था तथा मजदूरों को परेशान कर रहा था। 17 नवंबर 2006 को दिन में करीब 2 बजे वादी अपने भाई प्रदीप चंद्र के साथ विरोध का कारण पूछने गया। इसी बात पर नाराज होकर दीनानाथ के ललकारने पर श्रीनारायण ने कट्टे से प्रदीप चंद्र के पेट में गोली मार दी तथा राजनारायण ने भी कट्टे से फायर किया।

# रामगढ़ताल में गैंगस्टर के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर के दो आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों पर पुलिस ने बुधवार को ही गैंगस्टर का केस दर्ज किया था। नए केस में गिरफ्तारी कर पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कजाकपुर निवासी सिकंदर निषाद व सेंदुली-बेंदुली निवासी सोनू बांसफोड़ के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी आंखों में मिर्च पाउडर डालकर 5.27 लाख रुपये की लूट की वारदात में शामिल थे। डीएम की अनुमति के बाद दोनों पर बुधवार को गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया था। दोनों जमानत पर बाहर थे और केस दर्ज होने के बाद भागने की फिराक में थे, लेकिन गिरफ्तार कर लिया गया। ब्यूरो



गैंगस्टर के आरोपित सिकंदर और सोनू। संवाद

## विवाहिता की मौत के मामले में पति व ससुर गिरफ्तार

पीपीगंज (गोरखपुर)। इलाके के रामूघाट में पोखरे में विवाहिता का शव मिलने के मामले में पुलिस ने पति व ससुर को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपियों पर पुलिस ने उत्पीड़न व दहेज हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया था।

आरोपी पति रामबरन व ससुर सिट्ठू रामूघाट के निवासी हैं। जानकारी के मुताबिक, 21 नवंबर को सुमन की पोखरे में लाश मिली थी। कैंपियरगंज के पंडितपुर निवासी व सुमन के पिता गोविंद ने दहेज उत्पीड़न व हत्या का केस दर्ज कराया था। 18 नवंबर से सुमन लापता थी और तीन दिन बाद उसका शव पोखरे में मिला था। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

**पीपीगंज इलाके में पोखरे में मिली थी लाश**

बृहस्पतिवार को दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सुमन और रामबरन की एक साल की एक बेटी है। ब्यूरो

# विवेचना लंबित रखने पर 10 पुलिसकर्मियों को नोटिस

## 2017 में कुशीनगर में पेड़ से लटकती मिली थी युवक की लाश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कुशीनगर जिले के जटहां बाजार इलाके में हुई युवक की मौत की विवेचना में लापरवाही पर 10 पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी किया गया है। इस सभी पुलिसकर्मियों ने पीपीगंज थानेदार रहते हुए कभी न कभी इस केस की विवेचना की है। वर्तमान में भी इस मामले की विवेचना जारी है। पूरे प्रकरण का हाईकोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। इसके बाद एसएसपी ने सभी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

जानकारी के मुताबिक, 23 जून 2017 को जटहां बाजार थाना क्षेत्र में बाजुपट्टी निवासी नगीना प्रसाद के 26 वर्षीय बेटे धर्मराज की पेड़ से लटकती लाश मिली थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया और जांच में खुदकुशी पाते हुए कुशीनगर पुलिस ने मामले में 20 सितंबर 2017 को फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी थी, लेकिन बाद में वादी ने आपत्ति करते हुए डीआईजी को प्रार्थना पत्र दिया था। डीआईजी के आदेश पर विवेचना को फिर से शुरू करने के साथ ही गोरखपुर जिले के पीपीगंज पुलिस को सौंप दी गई। पीपीगंज पुलिस 13 नवंबर 2017 से ही विवेचना कर रही है, लेकिन अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इस बीच वादी मुकदमा ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट को आधार मानते हुए पूर्व में विवेचक रहे सभी को दोषी ठहरा दिया। इसके बाद एसपी नार्थ की रिपोर्ट पर एसएसपी ने सभी 10 विवेचकों को नोटिस जारी कर दिया।

**इनको जारी किया गया नोटिस** : राज प्रकाश सिंह, सौरभ राय, देवेंद्र कुमार, अरुण पवार, दुर्गेश सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, आशुतोष सिंह, दिनेश मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, सत्य प्रकाश सिंह को नोटिस जारी किया गया है।

### यह फंसा है पेच

**पोस्टमार्टम** रिपोर्ट में सीधे तौर पर हैंगिंग नहीं लिखा है, यानी मौत का कारण हत्या या खुदकुशी के बीच उलझा हुआ है। वहीं, पुलिस की अब तक की जांच में बार-बार मामला खुदकुशी का आता है। यही वजह है कि जांच पूरी नहीं हो पा रही है। अब पुलिस को एक बार फिर से नए सिरे से जांच करने का आदेश पर एसएसपी ने जारी कर दिया है।

### यह हुआ था

**23 जून 2017** को नगीना के बेटे धर्मराज की खेत में पेड़ से लटकती लाश मिली थी। पुलिस ने तत्कालीन प्रधान सहित छह लोगों पर केस दर्ज किया था। कुशीनगर पुलिस ने जांच के आधार पर फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। इसके बाद ही गोरखपुर पुलिस को जांच सौंपी गई है।

पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आने पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जवाब के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- मनोज अवस्थी, एसपी नार्थ

# गैलेंट कंपनी से चोरी का आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

## लैपटॉप बरामद, आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेजा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गैलेंट कंपनी से लैपटॉप, मोबाइल फोन व नकदी चोरी करने के आरोपी कर्मचारी रामनाथ झा को कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने लैपटॉप बरामद कर लिया।

आरोप है कि कंपनी के चोरी हुए लैपटॉप से आरोपी ने कंपनी की गोपनीय सूचनाएं लीक भी की हैं। पुलिस ने लैपटॉप को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है, ताकि पता चल सके की कौन-कौन सी सूचनाएं उसने लैपटॉप से दूसरों को साझा की हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

आरोपी रामनाथ झा मूलरूप से दिल्ली के द्वारका सेक्टर आठ का रहने वाला है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाश के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी किसी काम से गोरखपुर के विजय चौराहे के पास आया हुआ था। जहां से उसे पुलिस ने गिफ्तार किया। गैलेंट कंपनी के मेडालियन ट्रांसलिक्स विभाग के एचआर शाहपुर के पादरी बाजार निवासी शुभम भारद्वाज ने 3 सितंबर 2022 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि रामनाथ उनकी कंपनी में बीते एक साल से अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था।

आरोप है कि 8 मई 2022 को जब सारे कर्मचारी घर चले गए तो कंपनी का लैपटॉप, मोबाइल व 50 हजार रुपये चोरी कर फरार हो गया। जब उसे फोन किया गया तो उसने बोला कि मां की तबीयत खराब होने के नाते कंपनी का सामान लेकर बिना बताए घर आ गया है। कुछ दिन में आकर सामान वह वापस कर देगा, लेकिन बाद में वह सामान लौटाने से इनकार कर दिया और धमकी देने लगा।

कोतवाली पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। बृहस्पतिवार को कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा व उनकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# दुष्कर्म के फर्जी केस दर्ज कराने वाले गिरोह पर एक माह में करें कार्रवाई

## हाईकोर्ट ने एसएसपी के हलफनामा को स्वीकार करते हुए 19 दिसंबर तक का दिया समय

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर/प्रयागराज।** दुष्कर्म के फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर वसूली करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार किया है। कोर्ट ने एसएसपी के हलफनामा को स्वीकार करते हुए इस प्रकरण में 19 दिसंबर तक कार्रवाई का निर्देश दिया है।

इसके पहले हाईकोर्ट ने एसएसपी को तलब भी किया था, जिसके बाद हलफनामा दाखिल किया गया। कोर्ट ने साफ किया कि दो सीओ की जांच रिपोर्ट या फिर दर्ज केस की स्वतंत्र जांच कर कार्रवाई की जाए।

जानकारी के मुताबिक, सात अगस्त 2022 को कैंट थाने में दुष्कर्म का फर्जी केस दर्ज कराने वाले गिरोह के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था, लेकिन अभी तक इस प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। यह केस दो सीओ (कैंट व बांसगांव) की जांच रिपोर्ट के बाद दर्ज किया गया था। पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं कर सकी है।

### 23 मई को सीओ ने सौंपी थी जांच रिपोर्ट

**तत्कालीन** एसएसपी डॉ. विपिन ताडा से पीड़ित खालिद ने शिकायत की थी। एसएसपी के आदेश पर सीओ कैंट ने जांच की और 23 मई 2022 को जांच रिपोर्ट एसएसपी को सौंप दी थी। इसके बाद सीओ बांसगांव ने भी जांच की और पाया कि गिरोह के सदस्य इस तरह का कृत्य कर रहे हैं। इसके बाद उनकी रिपोर्ट भी आ गई। बाद में एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने इस मामले में केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी।

### पीड़ित ने दर्ज कराया था केस

**कैंपियरगंज** के खालिद की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि गिरोह में शामिल महिलाएं फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर लोगों से वसूली करती हैं। उनकी शिकायत पर पहले दो सीओ ने जांच की थी, जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने पर गैंग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

हाईकोर्ट ने दोनों सीओ की जांच रिपोर्ट को आधार मानते हुए 19 दिसंबर तक कार्रवाई का आदेश जारी कर दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले से पीड़ितों में न्याय की उम्मीद बढ़ी है। इस पूरे प्रकरण में न्याय की लड़ाई जारी रहेगी।

**- मृत्युंजय राज सिंह,** वरिष्ठ अधिवक्ता

इसी बीच आरोपी बनाए गए लोग अक्तूबर में हाईकोर्ट गए थे। इसी के बाद पूरे मामले में दोनों सीओ की रिपोर्ट के अध्ययन के बाद ही हाईकोर्ट ने एसएसपी को तलब किया था और अब हलफनामा स्वीकार कर 19 दिसंबर तक कार्रवाई का आदेश जारी कर दिया है।

# घर में चोरी करते युवक पकड़ा गया, दूसरा फरार

**चौरीचौरा।** इलाके के चौरी में बृहस्पतिवार दोपहर में घर में चोरी की नीयत से घुसे एक युवक को घरवालों ने पकड़ लिया। वहीं, दूसरा युवक नकदी व जेवर लेकर फरार हो गया। पकड़े गए युवक को पुलिस को सौंप दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, चौरीचौरा थाना क्षेत्र ग्राम चौरी के टोला पिपरहिया निवासी कर्णजीत चौरसिया का इसी गांव के सतहवां चौराहे पर भी मकान है। जिसमें किराना दुकान व आवास भी है। कर्णजीत चौरसिया ने बताया कि परिवार के लोग दिन में ताला बंद कर गांव गए थे।

चोर ताला तोड़कर चोरी कर रहे थे। इसी दौरान परिवार के लोग आ गए तो चोर भागने लगे। इसी दौरान एक चोर को पकड़ लिया गया। जबकि दूसरा साथी चकमा देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा जयंत कुमार सिंह ने बताया कि चोरी का एक आरोपी पकड़ा गया है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 25-11-22

# दो महीने की बच्ची बरामद पाक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

सलेमपुर। स्थानीय कोतवाली में दर्ज मुवअवसव 256ध्21 धारा 363,376 भादवि व 5ध्6 पाक्सो एक्ट के मुकदमे का अभियुक्त सत्येंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय कलेक्टर सिंह निवासी नंदना नगर वार्ड नं 10 पूर्वी थाना बरहज उम्र 24 वर्ष के वांछित तथा पीड़िता निक्की यादव पुत्री गौरी शंकर यादव निवासी ग्राम गहिला की बरामदी शेष थी। आज कोतवाली के उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव ने अपने हमराही कांस्टेबल अविनाश सिंह एवं राकेश पाल की टीम के साथ सोहनाग रोड स्थित फौजी हाउस के पास से पीड़िता निक्की यादव 2 महीने की बच्ची को बड़े ही नाटकीय ढंग से अभियुक्त सत्येंद्र सिंह को गिरफ्तार कर बच्ची को बरामद कर लिया वही अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि० 25-11-22

# चार माह पूर्व लापता युवती बरामद

**तरकुलवा(एसएनबी )**। रहस्यमय ढंग से 4 माह पूर्व गायब युवती को तरकुलवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कंचनपुर से बराम्मद कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव में करीब 4 माह पहले रहस्यमय ढंग से एक युवती गाएब हो गई थी। तरकुलवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की देर शाम कंचनपुर से उसे बरामद कर लिया। युवती की मां की तहरीर पर ही गांव के 8 लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज था। पुलिस इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की है । इस संबंध में हल्का इंचार्ज राम मोहन सिंह ने बताया कि युवती को बरामद कर लिया गया है बयान के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय सहारा दि०-25-11-22

# दो महिला चेन स्नेचर गिरफ्तार

**गौरीबाजार(एसएनबी)।** गौरीबाजार पुलिस ने गुरुवार को दो महिला चेन स्नेचर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रूद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के अवस्थी निवासी कंचन देवी पत्नी राम कुमाल निषाद रूद्रपुर से ऑटो से गौरीबाजार जा रही थी। उनके साथ ऑटो में राबड़ी देवी, रीता, शान्ति भी बैठी थीं।

अभी वे गौरीबाजार रूद्रपुर मार्ग स्थित पननहा गाँव के समीप पहुँची थी कि कंचन देवी का सोने का चेन जो उन्होंने गले में पहना था,अचानक गायब हो गया। उन्होंने तत्काल ऑटो रुकवाया और ऑटो में बैठी सभी महिलाओं का पर्स व अन्य सामान चेक करने लगी। काफी देर तक सबका सामान चेक करने के बाद भी चेन नहीं मिला तो उन्हें ऑटो में बैठी एक महिला पर शक हुआ। उसने अपना मुट्ठी बन्द किया था,जब उसकी मुट्ठी खुलवाया गया तो चोरी हुआ चेन मिल गया। इसकी तत्काल सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस को दिया। तभी ऑटो से कूदकर दोनो महिलाएं भागने लगी। ऑटो सवार अन्य महिलाओं ने दौड़ा कर उन्हें पकड़ लिया।

सूचना पर पहुँची पुलिस घटना की तफ्तीश में जुट गयीं। पुलिस की पूछताछ में जिस महिला के हाथ की मुट्ठी से सोने का चेन मिला था,उसने अपना नाम निशा पत्नी मनीष बताया। उसने बताया कि उसकी साथी महिला मधुकी पत्नी विशाल ने चेन चुराया और उसे छुपाने को दे दिया था। दोनों महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# सुशासन, सुरक्षा,शांति व सौहार्द कायम करना होगी प्राथमिकता : क्षेत्राधिकारी

राष्ट्रीय सहारा दि०-25-11-22

**भाटपाररानी(एसएनबी)।** स्थानीय सर्किल क्षेत्र के नवागत क्षेत्राधिकारी विनय कुमार यादव ने गुरूवार को कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि क्षेत्र में शासन की मंशा के अनुरूप सुशासन के साथ सुरक्षा,शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण कायम रखना प्राथमिकता में होगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय सर्किल के थानों का क्षेत्र विहार सीमा से जुड़ा हुआ है ऐसी दशा सीमा क्षेत्र पर तस्करों पर नकेल कसना, चोरी आदि अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ पीड़ितों को न्याय दिलाने का हर सम्भव प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य दिवस पर पीड़ित सीधे मुझसे मिल सकता है।



हिन्दुस्तान दि०-25-11-22

# युवक पर छेड़खानी व धमकी देने का केस

रुद्रपुर। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि उसकी पुत्री 16 नवम्बर को रुद्रपुर नगर के काशीपुरम से घर जा रही थी। सेमरौना-अवस्थी गांव के बीच वाहिद अली अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर धमकी देने लगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज की है।

हिन्दुस्तान दि०-25-11-22

# मारपीट के मामले में पांच पर केस दर्ज

सलेमपुर। सलेपुर कोतवाली क्षेत्र के कोड़रा ठाकुर गांव के रहने वाले अशोक यादव ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उनका भाई मुन्ना यादव 21 नवम्बर को बाजार करके बाइक से वापस गांव आ रहा था तभी मनबढ़ों ने मारपीट कर बाइक क्षतिग्रस्त कर दिया। तहरीर पर सत्य नारायण यादव, मनभरन , पत्नी द्रोपदी देवी, शिवम, शुभम पर केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि०-25-11-22

# तीन महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज

रुद्रपुर। क्षेत्र के रनिहवां उर्फ चिरई गोड़ा गांव की रहने वाली एक ही परिवार की तीन महिलाओं पर मारपीट का मुकदमा दर्ज की है। रनिहवां उर्फ चिरई गोड़ा गांव के रहने वाले भृगुनाथ प्रसाद पुत्र रामदास प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 19 नवम्बर की सायं करीब पांच बजे गांव की तीन महिलाओं ने उसकी पुत्री को गाली गलौज संग मारपीट कर घायल कर दिया।

हिन्दुस्तान दि०-25-11-22

# एक दर्जन लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न दर्ज

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने एसपी से प्रार्थना पत्र देकर अपने पति समेत ससुरालियों के ऊपर मारपीट व दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए ससुर पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। खामपार पुलिस ने एक दर्जन लोगों केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि०-25-11-22

# आभूषण चोरी में पकड़ी गईं दो महिलाएं

गौरीबाजार। टेम्पो सवार एक साहसी महिला के साहस से आभूषण चोर महिलाएं दबोच ली गईं। पुलिस ने चोरी करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। तहरीर पर दो महिला चोरों पर केस कर आभूषण बरामद किया।

रुद्रपुर कोतवाली के जंगलपिपरा निवासी कंचन देवी पत्नी रामकृपाल निषाद बुधवार शाम टेम्पो में सवार होकर गौरीबाजार जाने के लिए निकली थी। साथ में गांव की कुछ महिलाएं भी थी। टेम्पो आगे बढ़ने पर रामलक्षन के करीब छह महिलाएं और सवार हो गईं। गौरीबाजार-रुद्रपुर मार्ग पर पननहा से आगे टेम्पो बढ़ने पर एक महिला कंचन के दाए पैर के अंगूठे को तीन बार दबा बेहोश कर दी। गले से सोने का चेन व मंगलसूत्र गायब है। तलाशी लेने की बात आने पर महिलाएं कंचन को मारने-पीटने लगीं।

हिन्दुस्तान दि०-25-11-22

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सलेमपुर। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को एक वर्ष पूर्व भगाई गई किशोरी को उसकी दो माह की बच्चे के साथ बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बरामद किशोरी व उसके दो माह की बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा है।

हिन्दुस्तान दि०-25-11-22

# चार के विरुद्ध मारपीट व बलवा का केस

भाटपाररानी। कोर्ट के आदेश पर खामपार की पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट व बलवा का केस दर्ज किया है। खामपार थाना क्षेत्र के खैराट गांव निवासी मजीद मंसूरी पुत्र सुल्तान ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच में कर रही है।

हिन्दुस्तान दि० 25-11-22


# डेढ़ साल बाद शिक्षक के विरुद्ध रेप व पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। छात्रा के साथ रेप करने वाले शिक्षक के विरुद्ध पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर करीब डेढ़ साल बाद मुकदमा दर्ज किया है।

कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में रहकर पढ़ती थी। वह उसी गांव में एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने वाले अध्यापक के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। 25 मार्च 2021 को छात्रा अध्यापक के घर पढ़ने गई थी। जहां अध्यापक ने सुनसान घर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। कोर्ट के आदेश पर तरकुलवा पुलिस ने आरोपी शिक्षक मनदीप यादव पुत्र रतन के खिलाफ दुष्कर्म, पास्को एक्ट तथा एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

तरकुलवा। शादी का झांसा देकर एक युवक बगल गांव की युवती के साथ रेप करता रहा। बाद में युवक ने शादी से इंकार कर दिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती बगल के ही गांव के एक युवक से प्यार करती थी। युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद वह उसे अपने जाल में फंसा कर शोषण करने लगा। इसी बीच युवक उसको छोड़ कर हरियाणा कमाने चला गया। जब युवक कुछ दिन बाद गांव लौटा दो युवती शादी की जिद करने लगी। युवक द्वारा इंकार करने पर युवती अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक अर्जुन सिंह के खिलाफ 376 आईपीसी का मुकदमा दर्ज किया है।

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

लार : युवती के अपहरण के आरोपित को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही युवती को बरामद किया है। उप निरीक्षक कुंदन पटेल हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। मुखबिर से सूचना मिली कि अपहरण का आरोपित नवलपुर चौराहा पर खड़ा है। वह कहीं भागने की फिराक में है। पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित विवेक यादव बरडीहा परशुराम के चौरसिया टोला का रहने वाला है। एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि आरोपित गिरफ्तार कर लिया गया है।

दैनिक जागरण दि० 25-11-22

दैनिक जागरण दि० 25-11-22

# चोरी के प्रयास में पकड़ा गया

लार : क्षेत्र के रेवली गांव में बुधवार की रात सर्वजीत मिश्र के घर चोरी की नीयत से घुसे युवक को पकड़ लिया। उन्होंने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बुलाया और आरोपित को पुलिस के हवाले किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के मंदिर में भी चोरी की घटना हुई थी। उप निरीक्षक कुंदन पटेल ने कहा कि आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 25-11-22

# दो माह की बच्ची के साथ अपहृत किशोरी बरामद

सलेमपुर : एक वर्ष अपहृत किशोरी को पुलिस ने दो माह के शिशु के साथ बरामद कर लिया। मेडिकल जांच के लिए मेडिकल कालेज भेजा है। जबकि अपहरणकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। बरहज नगर के नंदना नगर वार्ड का रहने वाला सत्येंद्र सिंह ने एक वर्ष पूर्व मईल क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को प्रेमजाल में फंसा कर सलेमपुर से अपहरण कर लिया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अपहरण व पाक्सो के तहत दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया। एसआइ अखिलेश कुमार यादव ने किशोरी को उनके दो माह की बच्ची के साथ सोहनाग मोड़ के पास से बरामद कर लिया, जबकि विवेचना में दुष्कर्म की धारा बढ़ाते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

# शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म, गिरफ्तार

जासं, तरकुलवा : शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के एक गांव की युवती का बगल के गांव के युवक अर्जुन सिंह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि युवक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। इसी बीच में युवक उसको छोड़ कर हरियाणा कमाने चला गया। मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्टेड कर दिया। कुछ दिन बाद जब युवक गांव लौटा दो युवती शादी की जिद करने लगी। मना करने पर युवती अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दी। थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने बताया कि दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज है।

दैनिक जागरण दि०-25-11-22

दैनिक जागरण दि॰-25-11-22

# सोने की चेन चुराते दो महिलाएं गिरफ्तार

जासं, गौरीबाजार: आटो में बैठकर गौरीबाजार जा रही महिला के गले से सोने की चेन चुराने के आरोप में दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस ने महिलाओं के पास से सोने की चेन बरामद किया।

जंगल पिपरा गांव की रहने वाली कंचन देवी पत्नी राम कृपाल निषाद बुधवार की शाम करीब चार बजे गांव की कुछ महिलाओं के साथ आटो से रुद्रपुर से गौरीबाजार जा रही थीं। कंचन देवी के बगल में दो महिलाएं बैठी थीं। एक महिला ने आटो में ही कंचन देवी के गले से सोने की चेन चुरा लिया। इसका अहसास होने पर कंचन देवी ने बगल में बैठी महिला से पूछा तो उसने चेन को दूसरी महिला को दे दिया। दूसरी महिला ने मुट्ठी में चेन को बंद कर छिपा लिया। कंचन देवी व उनके साथ की महिलाओं ने दोनों महिलाओं की तलाशी ली तो चेन मुट्ठी में दिख गया। इसके बाद दोनों महिलाएं भागने लगीं। लोगों ने दौड़ाकर उन्हें पकड़ लिया। एक महिला की मुट्ठी से चेन बरामद हो गई। पकड़ी गई रुद्रपुर के विशुनपुरवा गांव की निशा पत्नी मनीष व मधुकी पत्नी विशाल को पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों महिलाएं चेन स्नेचर हैं। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

अमर उजाला दि०-25-11-22

# चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

## पुलिस को सौंपा, चकमा देकर भागा, सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

चनुकी। लार थाना क्षेत्र के रेवली गांव में एक मकान के पीछे गली की तरफ से चोरी की नीयत से घर में घुस रहे चोर को घर वालों ने ग्रामीणों की मदद से पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर को हिरासत में लिया। चोर पुलिस को चकमा देकर भागने लगा। बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस गांव वालों के सहयोग से दौड़ा कर उसे पकड़ पाई और थाने ले गई।

लार थाना क्षेत्र के रेवली निवासी टुनटुन बुधवार की रात अपने घर में सोए थे। रात लगभग दस बजे घर के पीछे गली से गांव का एक व्यक्ति चोरी की नीयत से छत पर चढ़ रहा था। उसी समय मकान मालिक की नींद खुल गई। उन्होंने बाहर निकल कर

### मकान के पीछे गली की तरफ से चोरी की नीयत से घर में घुस रहा था चोर

कुछ लोगों के सहयोग से गली के चारों तरफ घेर कर उसे पकड़ लिया। चोर के पकड़े जाने की जानकारी होते ही दरवाजे पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।

सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोर को हिरासत में ले लिया। पुलिस को चकमा देकर चोर मौके से गांव में भागने लगा। सुरक्षा कर्मियों ने दौड़ा कर उसे पकड़ा और थाने लाए। ग्रामीणों का कहना कि आरोपी मनबढ़ किस्म का है।

कुछ दिन पहले मंदिर से घंटा सहित कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। एसओ नवीन चौधरी का कहना है गांव के लोगों ने एक व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस को दिया है। इस मामले की छानबीन की जा रही है।

अमर उजाला दि०-25-11-22

# बैनामा के नाम पर 60 लाख हड़पे, केस दर्ज

## रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी, पुलिस ने शुरू की मामले की छानबीन

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। नगर पालिका देवरिया के रामनाथ नगर के अंदर कीमती जमीन के बैनामा के नाम पर 60 लाख रुपये हड़प लिये। पीड़ित ने सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के भटवलिया वार्ड निवासी मुन्ना सिंह पुत्र स्व. सत्यनारायण सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पिता ने वर्ष 2000 में रामनाथ नगर की आराजी संख्या 2092 रकबा 0.028 हेक्टेयर का बैनामा गिरजा मल्ल पत्नी रामक्यास निवासिनी ग्राम करजहां टोला करजही थाना बरहज को कर दिया था। बैनामा करते समय भूलवश आराजी संख्या 2093 भी दर्ज हो गई। इस कारण उक्त आरजी में भी गिरजा मल्ल का नाम दर्ज हो गया।

जानकारी होने पर वह खजुरी, करौता, खुखुंदू निवासी सुरेंद्र सिंह, बढ़या बुजुर्ग निवासी संजय सिंह को लेकर गिरजा मल्ल के घर गए। वहां उनके पति रामक्यास व लड़के गोलू एवं रामक्यास के भाई बैरिस्टर मल्ल मिले। जिन्होंने कहा कि वह जमीन बेच रहे हैं। उक्त दोनों आराजी आप ले लो, जिससे हुई गलती का सुधार नहीं कराना पड़ेगा। बैनामे के नाम पर उक्त तीनों लोगों ने 60 लाख रुपये मांगे। इस पर सौदा तय हो गया।

पांच लाख की धन राशि देते हुए शेष धनराशि बैनामा से पहले देने को तय हुआ, इसके बाद दो किस्तों में क्रमशः 30 व पांच लाख रुपये गिरजा मल्ल उनके पति रामक्यास के खाते में आरटीजीएस दिया। बाकी 20 लाख रुपये में बैनामा के दिन 10 लाख नकद व 10 लाख का आरटीजीएस कर दिया। इसके बाद उन लोगों बैनामा नहीं किया और रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी के साथ गाली-गलौज करते हैं।

अमर उजाला दि० 25-11-22

# अपहरण आरोपी सोहनाग रोड के फौजी हाउस से गिरफ्तार

सलेमपुर। कोतवाली पुलिस ने अपहरण व पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को बृहस्पतिवार को सोहनाग मोड़ के फौजी हाउस से गिरफ्तार कर लिया। इस पर एक वर्ष पूर्व दो महीने की बच्ची के अपहरण का आरोप था। जिसे पुलिस ने सोहनाग मोड़ से बुधवार को पकड़ा था। बरहज थाना क्षेत्र के नंदना नगर वार्ड निवासी सत्येंद्र सिंह पुत्र स्व. कलेक्टर सिंह पर एक वर्ष पूर्व मईल थाना क्षेत्र के दो वर्षीय बच्ची के अपहरण व पास्को एक्ट का केस कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया था। उसकी तलाश पुलिस कर रही थी। उप निरीक्षक अखिलेश कुमार यादव, कांस्टेबल अविनाश सिंह, कांस्टेबल राकेश पाल ने अपहृत बच्ची को सोहनाग मोड़ से बरामद किया। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि एक वर्ष से वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-11-2022

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

## जिला मुख्यालय स्थित चौकी पर सांसद व एसपी ने किया शुभारंभ

# रवीन्द्रनगर चौकी में 20वें थाने का शुभारंभ

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिला मुख्यालय पर स्थापित रवीन्द्र नगर पुलिस चौकी जिले की 20वां थाना बन गई है। नवसृजित इस थाने पर इंसपेक्टर सहित अन्य स्टाफ की पहले से ही तैनाती हो गयी है। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय कुमार दुबे एवं विधायक पडरौना मनीष जायसवाल द्वारा नये थाने का शुभारंभ किया गया।




गुरुवार को नवसृजित रवीन्द्र नगर थाने का शुभारंभ करते सांसद विजय दुबे, विधायक मनीष जायसवाल एवं एसपी धवल जायसवाल।

नवसृजित थाने के शुभारंभ के पश्चात एसपी धवल जायसवाल ने वहां तैनात पुलिसकर्मियों से रूबरू होते हुए कहा कि इस नवनिर्मित थाने पर नवनियुक्त पुलिसकर्मी के लिए तीन काम सबसे महत्वपूर्ण हैं। इसमें प्रथम यह है कि समाज को अपराध मुक्त बनाया जाय, दूसरा काम है कि यदि कोई अपराध घटित हो जाय तो उसका त्वरित अनावरण होना चाहिए। तीसरा काम है कि अपराध करने वाले को सजा दिलाना। उन्होंने कहा कि जनता को पुलिस से बड़ी अपेक्षाएं होती हैं, जिसमें पुलिस को कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन करना बेहतर पुलिसिंग की पहचान है।

पुलिस कर्मियों को कर्तव्यों के पालन का पाठ पढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग समाज के हर अंग के साथ मिलकर काम करें। लोगों के बीच से पुलिस का डर को दूर करें। उन्होंने स्वच्छता एवं पोषण वाटिका पर भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्र, दीपनारायन अग्रवाल, सीओ कसया पीयूषकांत राय, मारकंडेय शाही, सदाशिव मणि त्रिपाठी, सुधीर राव,प्रधानों, जनप्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक संग एक गिरफ्तार

पडरौना। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद किया। पकड़े गये व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

एसपी के निर्देश पर जिले में वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में गुरूवार को कोतवाली पडरौना की पुलिस टीम ने धर्मशाला रोड पडरौना के पास से अभियुक्त विजय तिवारी पुत्र धनंजय तिवारी निवासी तमकुहीरोड दुबौली अवदान टोला थाना सेवरही को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की बाइक बरामदगी किया।

# अवैध बालू खनन की शिकायत पर छापेमारी

**सोहसा मठिया, हिन्दुस्तान संवाद।** एसडीएम कसया कल्पना जायसवाल ने रामकोला थाना क्षेत्र के परवरपार व कसया थाना क्षेत्र के कुरमौटा छोटी गंडक नदी से किये जा रहे अवैध बालू खनन के शिकायत पर घाटों पर छापेमारी की। मौके पर खनन में लिप्त कारोबारी नहीं मिले। उन्होंने कानूनगो और लेखपाल को सख्त निर्देश दिया कि रोजाना घाट का निरीक्षण करें।

गुरुवार को देर शाम कसया एसडीएम कल्पना जायसवाल को छोटी गंडक नदी से अवैध बालू खनन की शिकायत मिली। इस पर वह छापेमारी करने रामकोला थाना क्षेत्र के परवरपार व कसया थाना क्षेत्र के कुरमौटा छोटी गंडक नदी के घाट पहुंची। कोई खनन करते नहीं पाया गया। उन्होंने कारोबारियों को चिह्नित करने को लेकर कानूनगो और लेखपाल को आदेशित करते हुये कहा कि किसी भी हाल में खनन नहीं होना चाहिये। आप लोग प्रति दिन घाटों का निरीक्षण करें। ग्रामीणों का कहना था कि रामकोला व कसया थाना क्षेत्रों से होकर निकल रही छोटी गंडक नदी से दिन के उजाले में अवैध बालू खनन जोरों पर चल रहा है। बालू खनन में लिप्त कारोबारी शाम होते ही छोटी गंडक के घाटों के आस-पास खनन कराकर बालू लदे वाहनों को गन्तव्य तक भेजने में लग जाते है। छोटी गंडक नदी के पास के गांव बैदौली महुआडीह, रामनगर , कुरमौटा ,परवरपार, कारी घाट ,सिकटिया, सहित गंडक के किनारे आधा दर्जन से अधिक घाटों पर अबैध बालू खनन का धंधा चल रहा है।

# 36 घंटे बाद भी छात्रा बेहोश प्रबंधक सहित तीन पर केस

**हि फॉलोअप**

**पडरौना, निज संवाददाता।** पडरौना शहर के रामधाम पोखरा सीसी रोड स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा ने बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे स्कूल के तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी थी।

इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है, जहां छात्रा जिंदगी और मौत के बीच वेंटिलेटर पर जूझ रही है। वहीं परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रात में आत्महत्या के लिए नाबालिग को उत्प्रेरित करने के मामले में स्कूल के प्रबंधक अरुण श्रीवास्तव, परीक्षा कक्ष में मौजूद शिक्षिका शालिनी और सहायक प्रिंसिपल कुंदन सहाय पर केस दर्ज किया।

छात्रा की हालत बेहद ही नाजुक है। इसको लेकर परिजन रोते-रोते बेसुध हो जा रहे हैं। परिजनों के अनुसार घायल छात्रा के ब्रेन में कई फ्रैक्चर, कमर व रीढ़ की हड्डियां भी टूट चुकी हैं। बुधवार की देर रात तक उसका ऑपरेशन भी चला है। घटना के 36 घंटे बाद भी छात्रा होश में नहीं आई है। उधर परिजनों ने गुरुवार को स्कूल प्रबंधक, सहायक प्रधानाचार्य व एक महिला शिक्षिका के खिलाफ नामजद

> छात्रा के परिजनों ने तहरीर दी है। पडरौना कोतवाली पुलिस को मामले में केस दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिए गए हैं। तहरीर के अनुसार मुकदमा लिखा जा रहा है।
>
> **धवल जायसवाल**, एसपी

तहरीर देकर इनकी प्रताड़ना से छात्रा द्वारा आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है। शहर के एक मोहल्ले की निवासी कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा बुधवार की सुबह स्कूल में परीक्षा देने गई थी। अर्धवार्षिक परीक्षा में शामिल होने के बाद दोपहर करीब 12 बजे स्कूल की तीसरी मंजिल से उसने छलांग दी।

वहीं सेंट जेवियर्स स्कूल पडरौना के प्रबंधक अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे तहरीर दिए जाने की जानकारी नहीं है। घटना को लेकर विद्यालय परिवार बेहद दुखी है। संकट की इस घड़ी में हम सभी छात्रा व उसके परिवार के साथ हैं। जहां तक आरोपों की बात है तो भला कोई स्कूल किसी अपनी ही छात्रा को प्रताड़ित क्यों करेगा? सीसी कैमरे में पूरा रिकार्ड मौजूद है। कोई भी देख सकता है। किसी से उसकी बहस या बातचीत नहीं हुई। मैं और प्रिंसिपल घटना के वक्त स्कूल में नहीं थे। मैंने छात्रा की परीक्षा की कॉपी देखी है। अधिकतर जवाब सही हैं।

## पुलिस व अधिकारियों को व्हाट्सएप पर भेजी तहरीर

छात्रा के चाचा ने 'हिन्दुस्तान' को बताया कि स्कूल प्रबंधक, सहायक प्रधानाचार्य व एक महिला शिक्षिका के खिलाफ व्हाट्सएप पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस अधिकारियों के व्हाट्सएप पर भी तहरीर की कॉपी भेजी गयी है। परिजनों का आरोप है कि स्कूल के शिक्षकों की प्रताड़ना से आहत होकर छात्रा ने इस तरह का कदम उठाया है। छात्रा के चाचा का कहना था कि घर पर परिवार में कोई पुरुष सदस्य नहीं है। इस वजह से व्हाट्सएप पर तहरीर की कॉपी भेजी गई है।

# एसपी के सामने शादी के लिए राजी हुआ सिपाही

**पडरौना, निज संवाददाता।** जटहां बाजार थाने में तैनात सिपाही गुरूवार को एसपी के सामने पेश होने पर अपने महिला मित्र से शादी करने को राजी हो गया। दोनों शादी के लिए खिरकिया मंदिर पहुंचे भी मगर मीडिया कर्मियों के पहुंचने पर वे बिना शादी किये ही वापस लौट गये। चर्चा है कि दोनों शुक्रवार को शादी की रश्म पूरी करेंगे।

पहले कसया थाने में तैनात रहे सिपाही की एक वर्ष पहले कसया थाना क्षेत्र के ही एक युवती से इंटरनेट मीडिया के माध्यम से मित्रता हो गयी। बातचीत से शुरू हुई मित्रता के बाद दोनों एक-दूसरे से मिलने भी लगे। युवती ने बुधवार को एसपी धवल जायसवाल से मिलकर शिकायत की कि सिपाही शादी का आश्वासन देकर हेतिमपुर में किराये का मकान लेकर उसके साथ रहते हुए शारीरिक शोषण करने लगा। अब वह शादी करने से इंकार कर रहा है और उससे दूरी बनाने के लिए उसने जटहां बाजार थाने में स्थानांतरण करा लिया है। एसपी ने आरोपी सिपाही व युवती दोनों को गुरूवार को कार्यालय में तलब किया। बातचीत बाद सिपाही युवती के साथ शादी करने के लिए राजी हो गया।

# कुशीनगर के युवक की मौत पर 10 थानेदारों को नोटिस

## कार्रवाई

- जटहां में पेड़ से लटकती मिली थी युवक की लाश
- पिता ने दर्ज कराया था हत्या का केस

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** कुशीनगर जिले के जटहां बाजार इलाके में हुई एक युवक की मौत की विवेचना में पीपीगंज थाने पर तैनात रहे दस थानेदारों को नोटिस जारी किया गया।

आरोप है कि सभी थानेदारों ने हत्या में दर्ज केस की विवेचना में लापरवाही बरती है। जटहां पुलिस ने हत्या के केस में एफआर लगा दिया था। पर वादी के संतुष्ट न होने पर डीआईजी ने केस को गोरखपुर के पीपीगंज थाने पर ट्रांसफर कर दिया था। इस केस को जब हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया उसके बाद सभी विवेचकों को नोटिस जारी किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, 23 जून 2017 को जटहां बाजार थाना क्षेत्र में बाजुपट्टी निवासी नगीना प्रसाद के बेटे की पेड़ से लटकती लाश मिली थी। नगीना प्रसाद ने इस मामले में गांव के कुछ लोगों पर हत्या का केस दर्ज कराया था। पर जटहां बाजार पुलिस ने अपनी जांच में इसे खुदकुशी पाया और 20 सितंबर 2017 को हत्या के मामले में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दिया। वादी यानी नगीना प्रसाद ने पुलिस की विवेचना पर सवाल उठाते हुए अपनी आपत्ति जताई। उन्होंने डीआईजी को प्रार्थना पत्र दिया। डीआईजी के आदेश पर विवेचना को फिर से शुरू करने के साथ ही गोरखपुर जिले के पीपीगंज थाने पर ट्रांसफर कर दिया गया।

चूकि यह हत्या का केस था इसलिए विवेचना की जिम्मेदारी पीपीगंज थानेदार को दी गई। पीपीगंज पुलिस 13 नवंबर 2017 से ही विवेचना को कर रही है, लेकिन अभी तक यह पूरी नहीं हो सकी है। इस बीच वादी मुकदमा ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। उधर, हाईकोर्ट ने भी इस मामले में पुलिस को तलब किया। उधर, एसएसपी ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पीपीगंज के थानेदार रहे राज प्रकाश सिंह, सौरभ राय, देवेंद्र कुमार, अरुण पवार, दुर्गेश सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, आशुतोष सिंह, दिनेश मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, सत्य प्रकाश सिंह को नोटिस जारी किया है।

# आत्महत्या के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**सलेमगढ़:** बीते सोमवार को तरयासुजान के जवही एहतमाली गांव के समीप गन्ने के खेत में गांव के ही जीऊत साहनी का शव पाया गया था। स्वजन की तहरीर पर तीन अभियुक्त नामजद किए गए थे। एक अभियुक्त बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। एसएचओ आरके सिंह ने बताया कि अभियुक्त दिलखुश साहनी व प्रदीप साहनी गांव से निकल कर कहीं भागने की फिराक में थे, इस बीच गांव के बाहर ब्रह्मस्थान से गिरफ्तार कर लिया गया। (जासं)

# नवनिर्मित थाना रविंद्रनगर धूस का शुभारंभ




रविंद्र नगर धूस स्थित नवनिर्मित थाना का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि दाएं से तीसरे सांसद विजय कुमार दूबे ● जागरण

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** जिला मुख्यालय स्थित नवनिर्मित थाना रविंद्रनगर धूस का उद्घाटन गुरुवार को आयोजित समारोह में सांसद विजय कुमार दूबे रूप फीता काट कर किया। कहा कि इससे फरियादियों की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि पीड़ितों को त्वरित न्याय देकर पुलिस अपने दायित्वों का निर्वहन करे। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि इस नवनिर्मित थाने पर नवनियुक्त पुलिसकर्मी के लिए तीन काम सबसे महत्वपूर्ण हैं, जिसमें प्रथम समाज को अपराध मुक्त बनाएं, दूसरा यदि कोई अपराध घटित हो तो त्वरित अनावरण व अपराध करने वाले को सजा दिलाना है। कहा कि जनता को पुलिस से बड़ी अपेक्षाएं होती हैं जिसमें पुलिस को कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन करना बेहतर पुलिसिंग की पहचान है। पुलिस कर्मियों को कर्तव्य पालन का पाठ पढ़ाया।

भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्र, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, सदाशिव मणि त्रिपाठी, सीओ सदर कुंदन सिंह, कसया पीयूषकान्त राय, प्रभारी निरीक्षक यातायात सत्य सान्याल शर्मा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह, मारकंडेय शाही, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल, अवधेश प्रताप सिंह, सतीश मणि त्रिपाठी, केशव उपाध्याय, जगदीश मिश्र, दिनेश पांडेय, निखिल उपाध्याय आदि मौजूद रहे। नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस नवसृजित थाने में पडरौना कोतवाली के 30, कसया के 12 व कुबेरस्थान के चार गांवों को शामिल किया गया है।

## एसपी ने किया निरीक्षण

पडरौना : एसपी धवल जायसवाल ने पुलिस लाइन में निर्माणाधीन गेस्ट हाउस एवं आवासीय परिसर का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सीओ लाइन्स कुन्दन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रुपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# रात में अपराधियों के घर पहुंच रही पुलिस

- तुर्कपट्टी पुलिस ने किया दस वर्षीय अपराधियों का सत्यापन
- रोजगार, रहन सहन व आजीविका के स्रोत आदि के बारे में ली जानकारी

**जागरण संवाददाता, राजापाकड़ :** अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के लिए पुलिस जुटी हुई है। डीआइजी गोरखपुर जे रविंदर गौड़ की मंशा के क्रम में एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर तुर्कपट्टी पुलिस ने बुधवार की रात अभियान चलाकर हिस्ट्रीशीटर व दस वर्षीय अपराधियों के निवास आदि स्थलों पर पहुंचकर उनका सत्यापन किया तथा उनकी वास्तविक स्थिति जानी।

सीओ कुंदन सिंह के नेतृत्व में एसएचओ आशुतोष कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज रणजीत सिंह बघेल, हल्का प्रभारी एसआईगण रामकुमार अत्रे, श्रवण यादव, रोमेश कुमार, गौरव राय तथा बीपीओ (बीट पुलिस आफिसर) ने रात में अपराधियों का दरवाजा खटखटाया। पुलिस ने अपराधियों से उनकी वर्तमान स्थिति, रोजगार, रहन सहन व मोबाइल नंबर के बारे में जानकारी हासिल की। उनका


पकड़े गए आरोपित राइफल से पूछताछ करते सीओ कुंदन कुमार सिंह बाएं। जागरण

वर्तमान प्रचलित मोबाइल नंबर लेते हुए आजीविका के स्रोत आदि के बारे में जानकारी की गई।

एसएचओ ने बताया कि अभियान के दौरान राइफल, दिलीप सिंह, अमन गोंड, सोनू, सुनील, रामप्रवेश आदि कुल 28 अपराधियों का सत्यापन किया गया, जिनमें नौ अपने निवास स्थान पर मौजूद मिले, दो जेलों में बंद हैं।

17 हिस्ट्रीशीटर रोजगार के लिए बाहर चले गए हैं, उनके परिजनों से उनके मोबाइल नंबर प्राप्त कर उनसे वार्ता की जा रही है। थानों के रजिस्टर नंबर आठ की प्रविष्टियों को अपडेट किया गया।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**पडरौना:** कोतवाली पुलिस ने नगर के धर्मशाला रोड से गुरुवार को चोरी की बाइक के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। दारोगा अजय कुमार पटेल ने बताया कि पकड़े गए बदमाश की पहचान सेवरही के दुबौली अवदान टोला निवासी विजय तिवारी के रूप में हुई है। (जासं)

## दुष्कर्म के आरोपित समेत तीन गिरफ्तार

**पडरौना:** रामकोला एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म का आरोपित खड्डा के भुजौली बाजार निवासी रितेश कुमार को गिरफ्तार करने के साथ अन्य मामलों में कुसुम्हा निवासी टुन्नु उर्फ वीरेंद्र, रामसुभग को पकड़ा गया है। (जासं)

# क्षेत्र में शांति के लिए थाना परिसर में हुआ पूजन

**जासं, तरयासुजान** : क्षेत्र में शांति के तरयासुजान थाना परिसर में पूजा-पाठ का आयोजन हुआ। सिपाही अखंड प्रताप सिंह ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई।

प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह की पहल पर थाना क्षेत्र में अपराधों के नियंत्रण, शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए परिसर में स्थित मंदिर में दिन भर पूजा-पाठ हुआ। इसके बाद हवन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कांस्टेबल नितिन यादव, अभिनव कुमार, सुजीत कुमार, सुधीर गोंड, सुनील यादव आदि मौजूद रहे।

# छात्रा की हालत में सुधार नहीं प्रबंधक समेत सात पर मुकदमा

- परीक्षा के बाद सेंट जेवियर्स हाईस्कूल की तीसरी मंजिल से लगाई थी छलांग
- गोरखपुर के निजी अस्पताल में चल रहा उपचार, सांस लेने में है परेशानी

**जासं, पडरौना :** नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल की तीसरी मंजिल से बुधवार को छलांग लगाने वाली 11 वीं की छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है। गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। गुरुवार की देर रात छात्रा के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने स्कूल प्रबंधक अरुण श्रीवास्तव, सहायक प्रधानाचार्य कुंदन सहाय, महिला शिक्षक शालिनी व चार अज्ञात शिक्षक समेत सात पर मुकदमा दर्ज किया है।

नगर की रहने वाली एक छात्रा ने भौतिकी की प्रयोगात्मक परीक्षा के बाद बाहर निकल स्कूल के तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी थी। खून से लथफथ छात्रा को नगर के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से रेफर करने के बाद स्वजन गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए हैं। पीड़ित छात्रा के चाचा द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र के पीछे प्रश्न हल कर रही थी। इस पर कक्ष में ड्यूटी करने वाली महिला शिक्षक ने डांट लगाई और एक अन्य शिक्षक को भी बुलाया। उसने भी डांटा और प्रबंधक को जाकर बताया। इसके बाद स्कूल के माइक से उसका नाम लेकर प्रबंधक कक्ष में बुलाया गया। वहां भी अन्य शिक्षकों द्वारा डांटा गया। वहां से वह रोते हुए बाहर निकली और छत की ओर गई, लेकिन किसी ने नहीं रोका।

घटना के बाद भी विद्यालय प्रबंध तंत्र ने पूरी तरह से संवेदनहीनता बरती। मेरी भाभी को फोन कर घायल भतीजी को एंबुलेंस से अस्पताल भेज कर किनारा कर लिया। विद्यालय की ओर से फोन कर हाल तक नहीं जाना गया। मानसिक प्रताड़ना के चलते के उसने आत्मघाती कदम उठाया है। प्रभारी निरीक्षक पडरौना कोतवाली राजप्रकाश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों से पूछताछ की जाएगी।

# लापरवाही पर पीपीगंज में तैनात रहे 10 थानेदार तलब

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पीपीगंज थाने में तैनात रहे 10 थानेदारों को एसएसपी ने तलब किया है। आरोप है कि हत्या के मुकदमे की विवेचना में इन लोगों ने लापरवाही बरती, जिसकी वजह से वर्ष 2017 से यह मुकदमा अभी तक लंबित है। विवेचकों ने निस्तारण करने में रुचि नही ली।

23 जून 2017 को कुशीनगर जिले के जटहां बाजार थाना क्षेत्र में बाजुपट्टी निवासी नगीना प्रसाद के बेटे का शव पेड़ से लटकता मिला था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना में युवक के खुदकुशी करने का प्रमाण मिलने की बात कहते हुए थानेदार ने 20 सितंबर 2017 को फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। बाद में वादी मुकदमा ने आपत्ति करते हुए डीआइजी को प्रार्थना पत्र देकर दूसरे जिले की पुलिस से मुकदमे की विवेचना कराने का आग्रह किया। डीआइजी ने विवेचना नए सिरे से कराने का आदेश देते हुए गोरखपुर स्थानांतरित कर दिया। पीपीगंज थाना पुलिस 13 नवंबर 2017 से ही इस मुकदमे की विवेचना कर रही है, लेकिन अभी पूरी नहीं हो सकी है। इस बीच वादी मुकदमा ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। इसके बाद एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने पीपीगंज थाने में तैनात रहे राज प्रकाश सिंह, सौरभ राय, देवेंद्र कुमार, अरुण पंवार, दुर्गेश सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, आशुतोष सिंह, दिनेश मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा व सत्य प्रकाश सिंह को नोटिस जारी कर तलब किया है। सभी से कहा गया है कि एसपी नार्थ कार्यालय में बयान दर्ज कराएं।

समउर बाजार के पास गलत दिशा से त

# किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

रामकोला। स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से एक वर्ष पूर्व किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को रामकोला रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है।

एसओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के परिजनों की तहरीर पर अपहरण समेत दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी खड्डा थाना क्षेत्र के भुजौली बाजार का निवासी है। इस मामले में अन्य कार्रवाई की जा रही है। संवाद



# अब रवींद्रनगर धूस भी बन गया थाना

## सांसद और सदर विधायक ने संयुक्त रूप से किया लोकार्पण, प्रमोद कुमार थानाध्यक्ष बने

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** अब रवींद्रनगर धूस में भी थाना बन गया। यह जनपद का 20वां थाना है। बृहस्पतिवार को सांसद, सदर विधायक और एसपी ने इस थाने का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। प्रमोद कुमार इसके पहले थानाध्यक्ष बनाए गए हैं।

अपराधों पर नियंत्रण तथा जनपद मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से रवींद्रनगर में थाना बनाए जाने की मांग की गई थी। सिर्फ पुलिस चौकी यहां सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से पर्याप्त नहीं थी।

यहां थाने की अहमियत को देखते हुए शासन से इसकी अनुमति मिलने के बाद यातायात पुलिस कार्यालय के नवनिर्मित भवन में रवींद्रनगर धूस थाना खोला गया है।




थाना का लोकार्पण करते सांसद विजय कुमार दुबे, सदर विधायक मनीष जायसवाल, एसपी धवल जायसवाल व अन्य। संवाद

कुछ माह पहले ही यातायात पुलिस के लिए यह कार्यालय भवन बना था। यातायात पुलिस कार्यालय रवींद्रनगर चौराहे पर स्थित अपने पुराने भवन में भी विस्थापित कर दिया गया।

बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 12 बजे सांसद विजय कुमार दुबे और सदर विधायक मनीष जायसवाल ने इस थाने का लोकार्पण किया। सांसद ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से जनपद मुख्यालय पर थाना खोला जाना सराहनीय कदम है। सदर विधायक ने भी पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि प्रमोद कुमार को इस नवनिर्मित थाने का पहला थानाध्यक्ष बनाया गया है। नवनियुक्त पुलिसकर्मियों के लिए समाज को अपराधमुक्त बनाना, यदि कोई अपराध हो जाए तो त्वरित कार्रवाई करना और दोषी को सजा दिलाना महत्वपूर्ण दायित्व होता है। उन्होंने कहा कि जनता को पुलिस से बड़ी अपेक्षाएं होती हैं। एसपी ने बताया कि उनके कार्यकाल में जनपद में यह दूसरा थाना खोला गया है। इससे पहले तमकुहीराज थाने की स्थापना कराई गई थी।

सीओ सदर कुंदन सिंह ने बताया कि इस थाने में लगभग 46 गांव शामिल किए जा रहे हैं, जो पडरौना कोतवाली, कुबेरस्थान और कसया क्षेत्र के अंतर्गत रहे हैं। अब इनका थानावार परिसीमन कराया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, सीओ कसया पीयूषकांत राय सहित नए थाने के सभी पुलिसकर्मी तथा गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कुल्हाड़ी, सिलबट्टे से प्रहार कर भाभी की ली जान, पकड़ा गया

## तमकुहीराज कस्बे के यशोधरा नगर (हरिहरपुर) में पारिवारिक विवाद में हुई वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

**डिबनी बंजरवा (कुशीनगर)।** तमकुहीराज कस्बा के वार्ड नंबर-दो यशोधरा नगर (हरिहरपुर) में नीतू देवी (32) की हत्या के आरोप में पुलिस ने उनके देवर गोविंद को हिरासत में लिया है। आरोप है कि गोविंद ने कुल्हाड़ी और सिलबट्टे से प्रहार कर अपनी भाभी की जान ले ली। घटना दिन के लगभग दो बजे हुई।

बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश के मूल निवासी राजकिशोर प्रसाद 15 वर्ष पूर्व हरिहरपुर में आकर बस गए थे। तत्कालीन ग्राम प्रधान ने परिवार की माली हालत खराब देखकर हरिहरपुर में पट्टे की आवासीय भूमि आवंटित कर दी थी। राजकिशोर प्रसाद के अशोक, संतोष, अनिल, दीपक, जितेंद्र और गोविंद सहित छह पुत्र हैं।



नीतू (फाइल फोटो)

राजकिशोर के तीन पुत्र मध्यप्रदेश, एक मुंबई और दो नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो हरिहरपुर में रहते हैं। कुछ वर्ष पहले राजकिशोर प्रसाद और उनकी पत्नी का निधन हो गया।

अब नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर-दो स्थित घर में दीपक प्रसाद, पत्नी नीतू और बेटी के साथ रहते हैं। इसी घर में गोविंद प्रसाद भी रहता था। गोविंद की अभी शादी नहीं हुई है। पड़ोसियों ने बताया कि इनके परिवार में रोज झगड़ा होता था।

पड़ोसियों के अनुसार, गोविंद नशा भी करता था। बृहस्पतिवार को नीतू के पति दीपक प्रसाद काम पर चले गए। उनकी आठ वर्षीय बेटी सुहानी पढ़ने चली गई। दोपहर में पति काम से वापस घर आए और फिर थोड़ी देर बाद काम पर लौट गए।

आरोप है कि कुछ देर बाद घर में नीतू देवी और गोविंद के बीच कहासुनी हुई। उसके बाद गोविंद ने आंगन में कुल्हाड़ी और सिलबट्टे से नीतू पर प्रहार करके भाग गया। इधर, शोर सुनकर लोग जुटे। घर के आंगन में खून से लथपथ नीतू का शव पड़ा था।

सूचना पर पहुंचे तमकुहीराज थाने के एसएचओ ने गोविंद की तलाश कराई। वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसे हिरासत में लेकर पुलिस थाने पहुंची।

इस बारे में एसएचओ नीरज राय ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। गोविंद ने पूछताछ में पारिवारिक विवाद में अपनी भाभी की हत्या करने की बात स्वीकारी है। उन्होंने कहा कि तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सहायक प्रधानाचार्य, प्रबंधक व कई शिक्षकों पर प्रताड़ना के आरोप में केस

## स्कूल की छत से छात्रा के छलांग लगाने का मामला, मां ने कोतवाली में दी तहरीर

अमर उजाला फॉलोअप

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना (कुशीनगर)। शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल की 11वीं की छात्रा गरिमा चतुर्वेदी की मां कालिंदी देवी ने बृहस्पतिवार की देर शाम पडरौना कोतवाली सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों को अपनी तहरीर भेजी। देर रात पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया।

कालिंदी देवी ने विद्यालय के सहायक प्रधानाचार्य, प्रबंधक, एक शिक्षिका और तीन-चार अन्य अध्यापकों पर छात्रा को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

नगर के ओंकारवाटिका कॉलोनी (केवट टोली) निवासी कालिंदी देवी पत्नी स्व. मनोज चतुर्वेदी ने पडरौना कोतवाल के नाम लिखी गई तहरीर में लिखा है कि उनकी पुत्री गरिमा चतुर्वेदी सेंट जेवियर्स स्कूल में कक्षा 11 विज्ञान वर्ग में पढ़ती है।

23 नवंबर की सुबह लगभग आठ बजे गरिमा स्कूल गई थी। दोपहर लगभग 12 बजे स्कूल से सूचना मिली कि बेटी ने स्कूल की छत से छलांग लगा दी है। उसे नगर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया है। वहां पहुंची तो बेटी की हालत गंभीर थी। उसे काफी चोट लगी थी। स्कूल के बच्चों से पता चला कि विज्ञान वर्ग का पेपर देते समय कक्षा की एक शिक्षक ने उनकी पुत्री को डांटते हुए पूरे क्लास में प्रताड़ित किया था।

उसने दो-तीन और अध्यापकों को बुला लिया था। उन लोगों ने भी क्लास में विद्यार्थियों के सामने गरिमा को प्रताड़ित किया।

कुछ देर बाद स्कूल प्रशासन की ओर से घोषणा हुई कि गरिमा चतुर्वेदी ऑफिस में अपना पेपर लेकर उपस्थित हों।

आरोप है कि उनकी पुत्री पेपर लेकर ऑफिस में गई तो वहां सहायक प्रधानाचार्य, स्कूल के प्रबंधक, एक शिक्षिका और तीन-चार अन्य अध्यापकों ने मिलकर काफी प्रताड़ित किया। यह प्रताड़ना उनकी पुत्री सहन नहीं कर सकी और कुछ देर बाद सूचना मिली कि उनकी पुत्री ने छत से छलांग लगा दी है। इसकी जानकारी स्कूल की तरफ से दी गई।

दूसरी ओर, कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि छात्रा की मां की तहरीर के आधार पर आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### गोरखपुर के निजी नर्सिंग होम में भर्ती छात्रा की हालत गंभीर

सेंट जेवियर्स स्कूल में हुई इस घटना के संबंध में तहरीर मिली है। उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच करके कार्रवाई की जाएगी।
**- धवल जायसवाल**, एसपी

स्कूल में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उसकी फुटेज पुलिस प्रशासन को मुहैया करा दी गई है। फुटेज में छात्रा अकेली सीढ़ियों के रास्ते छत पर जाती दिख रही है। जिस शिक्षिका पर प्रताड़ना का आरोप लगा है, उन्होंने कुछ नहीं कहा है। छात्रा ने कॉपी भी बढ़िया लिखी है और उसके मार्क्स भी अच्छे आएंगे। तहरीर में छात्रा की मां की तरफ से जो भी आरोप लगाए गए हैं, उसमें कोई बात सही नहीं है। तहरीर में कही गई बातें झूठी हैं।
**- कुंदन सहाय**, कोआर्डिनेटर एवं इंचार्ज सेंट जेवियर्स स्कूल, पडरौना

### स्कूल प्रबंधन पर लगाया प्रताड़ना का आरोप



कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। संवाद

पडरौना। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रनेताओं ने बृहस्पतिवार को डीएम को संबोधित कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में हुए हादसे की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। नगर मंत्री अमित सिंह की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे छात्रनेताओं ने कहा कि सेंट जेवियर्स स्कूल में 11वीं की छात्रा गरिमा चतुर्वेदी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया था। चेताया कि मामले की निष्पक्षता से जांच नहीं हुई तो संगठन की तरफ से आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला संगठन मंत्री अमन, छात्रसंघ अध्यक्ष राजन सोनी, किशन कुशवाहा, प्रशांत मिश्रा, क्वाइन मिश्रा, प्रांजल यादव, सुजीत गुप्ता, हर्षित गुप्ता, सूरज पटेल, कार्तिक दूबे, रितेश मिश्रा, डीके मौर्य, प्रेम खरवार, कार्तिक मिश्रा, गौरव आदि मौजूद रहे। संवाद

# विद्यालय गया छात्र लापता, तलाश में जुटी पुलिस

## पटहेरवा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने दर्ज किया केस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**उजारनाथ।** बीते मंगलवार को स्कूल गया 14 वर्षीय छात्र घर नहीं पहुंचा है। काफी खोजबीन के बाद उसका कहीं पता नहीं चल सका है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस किशोर की खोजबीन में लगी है।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव महुअवा निवासी राजकिशोर पटेल (14) पटहेरवा स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा छह का छात्र है। वह बीते 22 नवंबर को साइकिल से स्कूल पढ़ने गया था, लेकिन शाम तक घर नहीं पहुंचा।

परिजनों की ओर से खोजबीन करने पर उसकी साइकिल महुअवा मंदिर के पास एनएच पर मिली। रिश्तेदार समेत अन्य संभावित स्थानों पर खोजबीन करने पर भी कुछ पता नहीं चला तो पिता राजकिशोर ने बृहस्पतिवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने पुलिस को बताया कि घटना के दिन सुबह राजकिशोर मोबाइल फोन लिया था। इस पर उसे डांटा था। एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की खोजबीन की जा रही है।

# विवेचना लंबित रखने पर 10 पुलिसकर्मियों को नोटिस

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** कुशीनगर जिले के जटहां बाजार इलाके में हुई युवक की मौत की विवेचना में लापरवाही पर 10 पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी किया गया है।

इस सभी पुलिसकर्मियों ने पीपीगंज थानेदार रहते हुए कभी न कभी इस केस की विवेचना की है। वर्तमान में भी इस मामले की विवेचना जारी है। पूरे प्रकरण का हाईकोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। इसके बाद एसएसपी ने सभी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जानकारी के मुताबिक, 23 जून 2017 को जटहां बाजार थाना क्षेत्र में बाजुपट्टी निवासी नगीना प्रसाद के 26 वर्षीय बेटे धर्मराज की पेड़ से लटकती लाश मिली थी।

पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया और जांच में खुदकुशी पाते हुए कुशीनगर पुलिस ने मामले में 20 सितंबर 2017 को फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी थी, लेकिन बाद में वादी ने आपत्ति करते हुए डीआईजी को प्रार्थना पत्र दिया था। डीआईजी के आदेश पर विवेचना को फिर से शुरू करने के साथ ही पीपीगंज पुलिस को सौंप दी गई।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-11-2022



नगर में गुरुवार को जागरूकता अभियान में सीओ ने बाइक चालकों को माला पहनाकर यातायात नियम की महत्ता बताई।

# बिना हेलमेट चालकों को देख सीओ ने पहनाई माला

**महराजगंज, निज संवाददाता।** सड़क सुरक्षा व यातायात जागरूकता माह में गुरुवार को सीओ ट्रैफिक सुनील दत्त दुबे ने वाहन चालकों को यातायात नियम के प्रति जागरूक करने के लिए अनूठा अभियान चलाया।

बिना हेलमेट पहने बाइक चालकों को यातायात पुलिस सलीके से रोकी। सीओ चालकों के पास पहुंचे। बिना हेलमेट बाइक चलाने पर चालकों को फूलमाला पहनाया। कहा कि आप अपने परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं और जिंदगी अलमोल है। हादसों पर किसी का जोर नहीं होता। कभी भी किसी के साथ दुर्घटना हो सकती है। उस समय जो बाइक चालक हेलमेट लगाए रखते हैं, गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनकी जिंदगी बचने की गुंजाइश बनी रहती है। सीओ के साथ टीआई हरी सिंह यादव के अलावा यातायात पुलिस कर्मी मौजूद थे। बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को रोक सीओ ने कहा कि कार्रवाई उद्देश्य नहीं है। जब तक लोग यातायात नियम का पालन स्वतः नहीं करेंगे तब तक सड़क हादसों में मौत का आंकड़ा कम नहीं होगा। वाहन चालकों से जवाब-जवाब के बाद सीओ ने उन्हें बताया कि देश में हर साल डेढ़ लाख लोगों की जान सड़क हादसे में जाती है। इसमें से 90 फीसदी बाइक चालकों की मौत बिना हेल्मेट लगाने से होती है। आप बहुत बढ़िया गाड़ी चलाते हैं, लेकिन अचानक कोई सामने आ जाए तो बाइक को नियंत्रित करने में गाड़ियां गिर जाती हैं।

# फुटेज से संदिग्धों को ढूढ़ रही पुलिस

फॉलोअप

- जिला महिला अस्पताल शौचालय के डस्टबिन में मृत मिला था नवजात
- कुत्ता लेकर भाग रहा था मांस का टुकड़ा, मामले में दर्ज है एफआईआर

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिला महिला अस्पताल शौचालय के डस्टबीन में मिले मृत नवजात मामलों में पुलिस व अस्पताल प्रशासन जांच तेज कर दी है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे संदिग्धों को ढूढ़ रही है। इतना ही नहीं सोमवार को अस्पताल में हुए प्रसव और नवजात के बारे में प्रसूता के घर पहुंचकर पूछताछ की जा रही है।

जिला महिला अस्पताल में नार्मल प्रसव की सुविधा है। बीते सोमवार को अस्पताल में चार नार्मल डिलीवरी हुई थी। इसमें दो नवजात मृत पैदा हुए थे। 2:50 बजे पहला मृत नवजात और रात नौ बजे दूसरा मृत नवजात पैदा हुआ था। जबकि दो प्रसूताओं ने स्वस्थ नवजात को जन्म दिया है। सोमवार की देर रात अस्पताल के शौचालय में रखे डस्टबीन से प्लेसेंटा सहित मृत नवजात को कुत्ता लेकर गलियारा से भाग रहा था। कर्मचारियों का शोर सुनकर कुत्ता गलियारा में ही मृत नवजात को छोड़कर भाग गया। सूचना पर अस्पताल प्रशासन ने शव को र्मोचरी में रखवा दिया। शौचालय और अस्पताल के बाहरी गेट को सील कर दिया। कोतवाली पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दे दी। अस्पताल प्रशासन के जिम्मेदार मंगलवार को पूरा दिन सीसीटीवी फुटेज को खंगालते रहे। इसमें कुछ महिला और पुरूष संदिग्ध दिखे हैं। इधर कोतवाली पुलिस अस्पताल में हुए प्रसव का ब्योरा लेकर प्रसूताओं के घर जाकर पूछताछ कर रही है। प्रभारी सीएमएस डॉ. राकेश रमन ने बताया कि संदिग्ध को चिह्नित करने के लिए कर्मचारियों को लगाया गया है।

# नेपाली शराब के साथ पुलिस ने एक को दबोचा

**नौतनवा।** नौतनवा पुलिस ने गुरुवार को कस्बे के छपवा बाईपास चौराहे के पास से एक व्यक्ति को 58 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी नेपाल से नेपाली शराब लेकर भारतीय बाजारों में बेचने की फिराक में था। पुलिस ने बरामद नेपाली शराब की बोतलों को जब्त कर गिरफ्तार आरोपी चंद्रभान निवासी गांव छपवा के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# तीन बोरी खाद सहित दो गिरफ्तार

**बरगदवा।** बरगदवां पुलिस ने गुरुवार को पेट्रोलिंग करते समय पिपरा गांव के कब्रिस्तान के पास दो व्यक्तियों को दो बोरी यूरिया व एक बोरी डीएपी खाद के साथ पकड़ा। बाइक भी बरामद कर ली। एसओ पुरुषोत्तम राव ने बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम सुनील कुमार गौड़ निवासी बरगदवा व मकसूद निवासी पिपरा बताया है। कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# संवेदनशील बूथों की सुरक्षा को जानकारी एकत्र करें

- मतदान स्थलों के निरीक्षण के बाद मातहतों को जारी किए दिशा निर्देश
- बिजली, पानी और सड़क की स्थिति का एसपी ने लिया जायजा

**घुघली, हिन्दुस्तान संवाद।** आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस महकमे ने कंट्रोल रूम की स्थापना के बाद अब तैयारियों को पूरा करने की कवायद शुरू कर दी है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने नगर पंचायत घुघली के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। बूथों पर बिजली, पानी व पहुंच मार्ग की स्थिति का जायजा लेकर घुघली पुलिस को निर्देश दिया।

एसपी घुघली के मतदान केन्द्र डीएवी नारंग इंटरमीडिएट कॉलेज व कन्या प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे। डीएवी में प्रधानाचार्य श्रीकिशुन सिंह से पूर्व नगर निकाय चुनाव में व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान मौजूद थानाध्यक्ष नीरज राय, चौकी प्रभारी पंकज सिंह, चौकी प्रभारी जखिरा आरसी वरूण समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। एसपी ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए अभी से तैयारियां शुरू करें। संवेदनशील बूथों की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी जानकारी एकत्र करें। वांटेड व पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजें। सूचना तंत्र को मजबूत कर हर छोटी-बड़ी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करें। कानून व्यवस्था जितनी चुस्त-दुरूस्त होगी, उतना ही शांतिपूर्ण माहौल में निष्पक्ष ढंग से चुनाव होगा।

# श्मशान घाट पर युवक को पीटा, पुलिस ने मामला संभाला

**पनियरा।** नरकटहां के अकटहवां के पास रोहिन नदी के तट पर स्थित श्मशान घाट पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ लोग वहां पहुंच कर एक युवक को पीटने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया।

बहरामपुर से एक शव को दाह संस्कार के लिए लोग ले जा रहे थे कि छोटका नरकटहां के पास एक गाड़ी को पास देने के दौरान कहासुनी हो गई। मौके पर गाड़ी वाला कमजोर पड़ गया और चला गया। जब शव लेकर घाट पर लोग पहुंचे और तैयारी कर रहे थे कि दो दर्जन लोगों के साथ वह वहां पहुंच गया और एक युवक को पकड़ कर ले जाने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। एसओ स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि विवाद की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को समझाया गया।

# हत्या में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

महराजगंज, निज संवाददाता। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम अनिल कुमार सेठ ने पनियरा क्षेत्र के ग्राम सभा माधोपुर में नाबालिग किशोरी की हत्या के 21 वर्ष पुराने मामले में तीन अभियुक्त रोहित पुत्र भगवती प्रसाद, प्रदीप पुत्र कमला सिंह व पंडित उर्फ छोटे पुत्र दयाशंकर सिंह को दोषी करार दिया है। उनके खिलाफ आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पचास-पचास हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

- **अपर जिला एवं सत्र जज फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम ने सुनाया फैसला**
- **दोषियों पर कोर्ट ने 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

पत्रावली के मुताबिक मामला वर्ष 2001 का है। वादी ने पनियरा पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी 19 जून 2001 की रात से गायब थी। उसकी लाश कुएं में मिली। इस मामले में पनियरा पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की। जांच के दौरान अभियुक्तों का नाम सामने आया। विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी गई। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने दस गवाहों की गवाही कराई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेन्द्र पांडेय व अजीत सिंह ने बहस के दौरान कोर्ट से आरोपितों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा की मांग की। पत्रावली में दर्ज साक्ष्य व गवाहों की गवाही के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम अनिल कुमार सेठ ने अभियुक्त रोहित पुत्र स्व. भगवती, प्रदीप पुत्र कमला सिंह व पंडित उर्फ छोटे पुत्र दयाशंकर सिंह को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए उनके खिलाफ आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पचास-पचास हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। एक अन्य मामले में तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास व पांच-पांच हजार रुपरु के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# जेल भेजे गए राजस्व के तीन बड़े बकायेदार

**जासं,पनियरा**: उपजिलाधिकारी सदर मोहम्मद जसीम के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने पनियरा क्षेत्र के एक बड़े बकाएदार एवं श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के दो बड़े बकायेदारों को गिरफ्तार कर 14 दिन के लिए जेल भेज दिया।

नायब तहसीलदार सदर विवेकानंद दुबे ने बताया कि हेम्छापर निवासी महेंद्र चौरसिया पर 23 लाख दो हजार 819 रुपये, श्यामदेरुवा क्षेत्र के बड़हरा बरईपार निवासी आफताब आलम पर एक लाख 49 हजार व कतरारी निवासी जितेंद्र प्रताप सिंह पर चार लाख 36 हजार 350 रुपये बकाया है। तीनों लोगों को भुगतान के लिए सख्त निर्देश दिया गया था, लेकिन वह जमा नहीं किए। इस वजह से इन पर कार्रवाई की गई है। इस तरह की कार्रवाई चलती रहेगी।

# हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास की सजा

- 21 वर्ष पुराने मुकदमे में जिला न्यायालय ने गुरुवार को सुनाया फैसला
- पनियरा थाना क्षेत्र के माधोनगर गांव में वर्ष 2001 में की गई थी किशोरी की हत्या

**जासं, महराजगंज** : अपर सत्र एवं जिला न्यायाधीश त्वरित प्रथम अनिल कुमार सेठ ने गुरुवार को 21 वर्ष पुराने हत्या के मुकदमे में तीन लोगों को दोषी सिद्ध किया है। तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा समेत 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर आरोपितों को अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र पांडेय और अजीत सिंह ने संयुक्त रूप से मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 19 जून 2001 को माधोनगर निवासी मुंशी उर्फ बकाहे ने मुकदमा दर्ज कराया था, कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री सजीमा रात से गायब थी, जिसकी अगले दिन सुबह कुएं में लाश मिली। मामले में अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तो मामले में रोहित, प्रदीप और पंडित उर्फ छोटे का नाम प्रकाश में आया था। जांच के बाद पुलिस ने इनके विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई में अभियोजन पक्ष की तरफ से 10 व्यक्तियों का साक्ष्य कराया गया। जिला शासकीय अधिवक्ता देवेन्द्र पांडेय व अजीत सिंह के द्वारा मुकदमे में बहस करते हुए कड़ी से कड़ी की सजा की मांग की। न्यायालय ने रोहित, प्रदीप और पंडित उर्फ छोटे को हत्या के मामले में आजीवन कारावास व 50-50हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# सुरक्षा के लिए प्रतिष्ठानों पर लगवाएं कैमरा

- रात्रि के समय पुलिस गश्त में भी सहयोग की एसपी ने की अपील
- डिजिटल कैमरे लगने से चोरी की घटनाओं पर लगेगी रोक



बैठक में व्यापारियों को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ● जागरण

**जागरण संवाददाता, महराजगंज** : पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के तथागत सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक की। उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव भी दिए। व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि दुकानों के बाहर एचडी नाइट विजन सीसी कैमरे लगवाएं और उनकी दिशा एंट्री प्वाइंट व आने जाने वाले रास्ते की तरफ रखी जाए।

एसपी ने कहा, समय-समय पर कैमरों को चेक भी करते रहे। यदि कोई भी संदिग्ध दिखता है तो पुलिस को सूचना दें। इसके अलावा एसपी ने व्यापारियों से भीड़-भाड़ और कस्बों आदि में रात्रि के समय में पुलिस गश्त के दौरान सहयोग के लिए कहा। सुझाव दिया कि बाजार में अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध दिखता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को दें। ताकि संदिग्ध से पूछताछ की जा सके। इसके लिए टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, व्यापारियों में सुरेश रूंगटा, प्रमोद जायसवाल, अनिल कसौधन, फूलचंद्र अग्रवाल, पशुपतिनाथ गुप्ता, जयप्रकाश भालोटिया, योगेश जायसवाल, विजय जायसवाल मौजूद रहे।

## 32 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

**महराजगंज :** विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका में कुल 32 लोगों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस को इन लोगों से शांति व्यवस्था में खलल पड़ने की आशंका थी। सभी का चालान कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया। जहां से उन्हें जमानत मिल गई। (जासं)

## 15 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज :** निचलौल थाने की पुलिस ने गुरुवार को रौतार निवासी रवि के पास से 15 शीशी नेपाली शराब बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (जासं)

## 58 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नौतनवा :** नौतनवा थाने की पुलिस ने छपवा तिराहा से एक अधेड़ को 58 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपित चंद्र भान निवासी ग्राम छपवा के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। (जासं)

# माला पहनाकर वाहन चालकों को बताई नियमों की महत्ता

- शहर के सक्सेना तिराहे पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन
- यातायात सुरक्षा माह को लेकर लगातार चल रहा अभियान

**जागरण संवाददाता, महराजगंज**: सड़क व यातायात सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को सीओ ट्रैफिक सुनील दत्त दुबे ने वाहन चालकों को यातायात नियम के प्रति जागरूक करने के लिए अनूठा अभियान चलाया। बिना हेलमेट पहने बाइक चालकों को यातायात पुलिस ने पहले रोका, इसके बाद सीओ चालकों के पास पहुंचे। बिना हेलमेट बाइक चलाने पर उन्हें फूलों की माला पहनाई। कहा कि आप अपने परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं, और जिंदगी अनमोल है। लेकिन हादसों पर किसी का जोर नहीं होता। कभी भी किसी के साथ दुर्घटना हो सकती है। उस समय जो बाइक चालक हेलमेट लगाए रखते हैं, गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी उनकी जिंदगी बचने की गुंजाइश अधिक रहती है। बिना हेलमेट वालों का जीवन समाप्त होने का खतरा अधिक रहता है।

सीओ के साथ यातायात प्रभारी हरी सिंह यादव व यातायात पुलिस कर्मी मौजूद थे। बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को रोक सीओ ने कहा कि कार्रवाई उद्देश्य नहीं है। जब तक लोग यातायात नियम का पालन स्वतः नहीं करेंगे तब तक सड़क हादसों में मौत का आंकड़ा कम नहीं होगा। वाहन चालकों जवाब-जवाब के बाद सीओ ने उन्हें बताया कि देश में हर वर्ष डेढ़ लाख लोगों की जान सड़क हादसे में जाती है। इसमें से 90 प्रतिशत बाइक चालकों की मौत बिना हेलमेट लगाने और सिर में चोट लगने के कारण होती है। आप भले ही बहुत बढ़िया गाड़ी चलाते हैं, लेकिन अचानक कोई सामने आ जाए तो बाइक नियंत्रित करने में गिर जाते हैं। चालकों के सिर पर चोट अधिक लगती है।



सक्सेना चौराहे पर वाहन चालकों को माला पहनाकर गुलाब का फूल देते यातायात पुलिस उपाधीक्षक सुनील दत्त दुबे (दाएं से प्रथम) ● जागरण

**यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक**: नौतनवा : नगर के गांधी चौक पर सीओ अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य नियमों का अनुपालन करने के लिए जागरूक किया गया। बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे लोगों को हेमलेट पहनने के बाद ही जाने दिया गया। पुलिसकर्मियों ने स्वयं की जान की सुरक्षा व स्वजन का हवाला देते हुए लोगों से हेलमेट पहनकर ही सफर तय करने का सुझव दिया।

जागरूकता अभियान के दौरान बिना लाइसेंस मिले किशोरों के स्वजन को बुलवाया गया और समझाकर छोड़ा गया। तीन सवारी वाहनों के चालान काटे गए। सीओ ने कहा कि यातायात माह के तहत सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान चलाकर चालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की गई। बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन चलाना खतरनाक है। इस दौरान थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता, उपनिरीक्षक धीरज कुमार, मृत्युंजय तिवारी, संदीप उपस्थित रहे।

# माला पहनाकर वाहन चालकों को बताई नियमों की महत्ता

- शहर के सक्सेना तिराहे पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन
- यातायात सुरक्षा माह को लेकर लगातार चल रहा अभियान

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** सड़क व यातायात सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को सीओ ट्रैफिक सुनील दत्त दुबे ने वाहन चालकों को यातायात नियम के प्रति जागरूक करने के लिए अनूठा अभियान चलाया। बिना हेलमेट पहने बाइक चालकों को यातायात पुलिस ने पहले रोका, इसके बाद सीओ चालकों के पास पहुंचे। बिना हेलमेट बाइक चलाने पर उन्हें फूलों की माला पहनाई। कहा कि आप अपने परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं, और जिंदगी अनमोल है। लेकिन हादसों पर किसी का जोर नहीं होता। कभी भी किसी के साथ दुर्घटना हो सकती है। उस समय जो बाइक चालक हेलमेट लगाए रखते हैं, गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी उनकी जिंदगी बचने की गुंजाइश अधिक रहती है। बिना हेलमेट वालों का जीवन समाप्त होने का खतरा अधिक रहता है।

सीओ के साथ यातायात प्रभारी हरी सिंह यादव व यातायात पुलिस कर्मी मौजूद थे। बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को रोक सीओ ने कहा कि कार्रवाई उद्देश्य नहीं है। जब तक लोग यातायात नियम का पालन स्वतः नहीं करेंगे तब तक सड़क



सक्सेना चौराहे पर वाहन चालकों को माला पहनाकर गुलाब का फूल देते यातायात पुलिस उपाधीक्षक सुनील दत्त दुबे (दाएं से प्रथम) ● जागरण

हादसों में मौत का आंकड़ा कम नहीं होगा। वाहन चालकों जवाब-जवाब के बाद सीओ ने उन्हें बताया कि देश में हर वर्ष डेढ़ लाख लोगों की जान सड़क हादसे में जाती है। इसमें से 90 प्रतिशत बाइक चालकों की मौत बिना हेलमेट लगाने और सिर में चोट लगने के कारण होती है। आप भले ही बहुत बढ़िया गाड़ी चलाते हैं, लेकिन अचानक कोई सामने आ जाए तो बाइक नियंत्रित करने में गिर जाते हैं। चालकों के सिर पर चोट अधिक लगती है।

**यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक:** नौतनवा : नगर के गांधी चौक पर सीओ अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य नियमों का अनुपालन करने के लिए जागरूक किया गया। बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे लोगों को हेमलेट पहनने के बाद ही जाने दिया गया। पुलिसकर्मियों ने स्वयं की जान की सुरक्षा व स्वजन का हवाला देते हुए लोगों से हेलमेट पहनकर ही सफर तय करने का सुझव दिया।

जागरूकता अभियान के दौरान बिना लाइसेंस मिले किशोरों के स्वजन को बुलवाया गया और समझाकर छोड़ा गया। तीन सवारी वाहनों के चालान काटे गए। सीओ ने कहा कि यातायात माह के तहत सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान चलाकर चालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की गई। बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन चलाना खतरनाक है। इस दौरान थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता, उपनिरीक्षक धीरज कुमार, मृत्युंजय तिवारी, संदीप उपस्थित रहे।

# बगैर हेलमेट बाइक चलाने वालों को पहनाई माला



सक्सेना चौक पर सीओ सुनील दत्त दुबे ने बिना हेलमेट के बाइक चला रहे लोगों को माला पहना कर हेलमेट पहनने की शपथ दिलाई। संवाद

**महराजगंज।** शहर के सक्सेना चौक पर बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील दत्त दूबे ने बगैर हेलमेट बाइक चलाने वालों को माला पहनाई और उनसे हेलमेट लगाने की अपील की।

सुनील दत्त दूबे ने कहा कि नियम का पालन करने से यात्रा सुरक्षित होगी। यातायात निरीक्षक हरि सिंह ने भी लोगों को जागरूक किया। संवाद

# जीवन को सुरक्षित रखना स्वयं की जिम्मेदारी

**पनियरा।** हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण होता है। इसे सुरक्षित रखना स्वयं की जिम्मेदारी है। थोड़ी सी सतर्कता बरतने से बड़ी दुर्घटना से बचा जा सकता है। ये बातें रामरतन पीजी कॉलेज रामपुर में थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि देखा जाता है कि लोग हेलमेट लगाने से हिचकिचाते हैं। वर्तमान समय में सरकार भी इस मुद्दे पर बहुत ही गंभीर है। लोगों में जागरुकता बढ़ाने के लिए जांच के दौरान हेलमेट न होने पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। प्रबंधक रामचंद्र यादव ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके ही गाड़ी चलानी चाहिए। प्राचार्य डॉ. नागेश्वर सिंह, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. कमलेश कुमार, राजेश , मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

# बाइक चालकों को हेलमेट दिया गया

**नौतनवां।** नगर के गांधी चौक पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात माह के तहत बाइक चालकों को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि यातायात नियमों का पालन करने के प्रति वाहन चालकों को जागरूक किया गया। चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर तथा बाइक चालकों को हेलमेट पहनकर बाइक चलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता, एसआई धीरज कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

**महराजगंज।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित प्रथम अनिल कुमार सेठ ने हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त रोहित, प्रदीप एवं पंडित उर्फ छोटे निवासी ग्राम माधोनगर थाना पनियरा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन पर पचास-पचास हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

पत्रावली के अनुसार, वादी मुंशी उर्फ बकाहे ने तहरीर में कहा था कि वह माधोनगर थाना पनियरा, जनपद महराजगंज के निवासी हैं। उनकी बेटी 19 जून 2001 से लापता थी। उसका शव कुएं में मिला। रिपोर्ट दर्ज होने के उपरांत विवेचना हुई। विवेचना में अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया। उनके विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। मामले की सुनवाई में अभियोजन पक्ष की तरफ से 10 व्यक्तियों का साक्ष्य कराया गया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र पांडेय व अजीत सिंह के द्वारा मुकदमे में बहस करते हुए कड़ी सजा की मांग की गई। जिसमें न्यायालय ने रोहित, प्रदीप एवं पंडित उर्फ छोटे को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा व पचास-पचास हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की धनराशि मृतका के पिता को अदा करने का आदेश न्यायालय ने दिया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-11-2022

# थाना परिसर में योग शिविर आयोजित

**हर्रैया।** थाना परिसर में गुरूवार को प्रातः योग गुरू आदित्य नरायण के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में थाने के समस्त स्टाफ ने सहभाग किया। लोगो को विभिन्न योग और प्रणायाम कराया गया। शिविर समाप्त होने के पश्चात सभी को महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा लिखित पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश भेंट किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए योग गुरू ने कहा कि धरती पर जितने भी जीवधारी है। मानव जीवन सबसे कीमती है। कहा कि आज के समय पर्यावरण प्रदूषण, मिलावटी खाद्य पदार्थ का सेवन तथा आरामदायक जीवन शैली के चलते लोग बीमार हो रहे है। ऐसे में निरोग रहने के लिए योग सबसे कारगर उपाय है। कहा कि योग और प्रणायाम से ही हमारे मनीषी दीर्घायु और निरोगी होते थे। कहा कि काया निरोगी रहेगी तो मन भी निर्मल रहेगा। उन्होने शिविर मे मौजूद लोगो को सूर्य नमस्कार, मण्डूक आसन, स्वसक आसन, अर्द्ध चक्रासन, गोमुखासन, तडासन, बृक्षासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाती सहित विभिंन्न योग एवं प्रणायाम का अभ्यास कराया। शिविर में थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह सहित समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पब्लिक रेटिंग में रुधौली थानेदार अव्वल
# चार थानेदारों पर लटकी तलवार

**बस्ती (एसएनबी)**। अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम व्यवस्था के काफी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने पर पूर्व की भांति ही माह अक्टूबर, में पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर जनता की संतुष्टि का 5 स्तम्भों डायरेक्ट स्तम्भ, ट्वीटर स्तम्भ, आईजीआरएस, एफआईआर/एनसीआर, पासपोर्ट/चरित्र के माध्यम से जनपद के सभी थानों का परिणाम तैयार किया गया है।

जिसमें प्रभारी निरीक्षक रुधौली रामकृष्ण मिश्रा को प्रथम स्थान, थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह को दूसरा स्थान तथा थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय को तीसरा स्थान, थानाध्यक्ष पैकोलिया रहे गजेन्द्र प्रताप सिंह चौथे स्थान व थानाध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र तिवारी पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। जिन्हें माह में होने वाले क्राइम मीटिंग में प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे तथा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवंती पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक परसरामपुर अरविन्द कुमार शाही, प्रभारी निरीक्षक हरैया शैलेष कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेन्द्र पटेल लगातार दो माह से बाटम 5 में स्थान बनाये हुए है, जिन्हे सख्त चेतावनी जारी की जा रही है, यदि तीसरे माह भी बाटम 5 में बने रहते है तो समस्त पहलुओं पर विचार करते हुए पद से प्रत्यावर्तित किया जा सकता है। तथा प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा को अपने रेटिंग में सुधार करने हेतु एडवाइजरी जारी की जा रही है।

# गैंग पंजीकरण की धीमी गति पर डीआईजी खफा

**बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर के रीडरों के साथ डीआईजी ने की बैठक**

**बस्ती (एसएनबी)।** गुरूवार को डीआईजी आरके भारद्वाज ने परिक्षेत्रीय कार्यालय पर बस्ती, सिद्धार्थनगर व संतकबीरनगर जनपद के रीडरो के साथ समीक्षा बैठक किया। जिसमें वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर धीमी गति के लिए डीआईजी ने असन्तोष व्यक्त करते हुए मातहतो के पेंच कसते हुए अपराधियों के बारे में गहरी जानकारी प्राप्त कर उनके विंरूद्ध ठोस कार्यवाही करने का निर्देश दिया।


बस्तीः समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते डीआईजी आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनबी

परिक्षेत्रीय कार्यालय पर पुलिस उपमहानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने गुरूवार को जनपदीय वाचक कार्यालय के अपराध का डाटा, एफसीआर, विवेचना स्थानांतरण , एनएसए, गुंडा, हिस्ट्रीशीट, एसआर पत्रावली पुरस्कार घोषणा के संबंध में प्रभारियों कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीआईजी श्री भारद्वाज ने गैंग पंजीकरण आरोपियों की गिरफ्तारी में सिथिलता बरतने पर असन्तोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी वाचक एसआर पत्रावली को नहीं देख रहे हैं और ना ही किसी पत्रावली को पुलिस अधीक्षक को उसकी कमी के बारे में बता रहे है। जो भी अभियुक्त वांछित चल रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई कराई जाए। गैंग पंजीकरण की कार्रवाई अति धीमी है, अपराधियों का चिन्हांकन कर नियमानुसार गैंग पंजीकरण की कार्यवाही कराई जाए, जो अभियुक्त न्यायालय में नियत तिथि पर तलब करने पर भी नहीं आ रहे हैं उनके संबंध में मानिटरिंग सेल से संपर्क स्थापित कर संबंधित के विरुद्ध पुरस्कार घोषणा कराएं एवं पूर्व से शेप पुरस्कार घोषित अपराधी का पुरस्कार बढ़ाए जाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए। समस्त वाचक जनपद के अपराध एवं अपराधियों के संबंध में गहराई से जानकारी प्राप्त कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही कराएं ताकि अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।

इस दौरान परिक्षेत्र के तीनं जनपदों के जनपदीय वाचक कार्यालय के अपराध का डाटा एफसीआर, विवेचना स्थानांतरण , एनएसए, गुंडा, हिस्ट्रीशीट, एसआर पत्रावली पुरस्कार घोषणा के संबंध में शाखा के प्रभारी व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ-साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय के अपराध शाखा के एसआई दशरथ प्रसाद भी उपस्थित रहें।

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाला रूपया, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** सहज जनसेवा केन्द्र पर अभियुक्त ने एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड धोखे से बदलकर कई बार में करके करीब डेढ़ लाख से अधिक रूपये की निकासी कर लिया। इस सम्बन्ध में जानकारी होने पर पीड़ित ने आरोपी के विरूद्ध नगर थाने में शिकायत दर्ज करायी है।

नगर थानाक्षेत्र के सहज जनसेवा केन्द्र बबुरहिया चौराहा पर धारक राम प्रकाश को विश्वास में लेते हुए अभियुक्त अंकित कुमार श्रीवास्तव ने एटीएम कार्ड बदल लिया और उसके माध्यम से कई बार में एक लाख छाछ्ठ हजार नौ सौ पांच रूपये की निकासी कर ली। खाते से पैसे निकलने की जानकारी होने पर पीड़ित राम प्रकाश पुत्र रामराज निवासी भोयर चौबे थाना नगर की तहरीर पर नगर पुलिस ने आरोपी अंकित कुमार श्रीवास्तव पुत्र नरेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव निवासी कैथवलिया लाला थाना नगर के विरूद्ध धारा 419, 420, 406 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मुकदमे की पैरवी करने गये युवक को दी धमकी, केस

**बस्ती ।** मुकदमें की पैरवी करने के लिए कचहरी गये युवक को दो लोगो ने जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पैकोलिया थानाक्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी सरजू प्रसाद अपने मुकदमें की पैरवी करने के लिए न्यायालय बस्ती में आये हुए थे। न्यायालय से सटे एक फोटोकॉपी की दुकान पर वह कुछ पत्रावलियों की कॉपी करा रहे थे, इसी बीच आरोपी संजय सिंह व विनोद आ गये जहां पर सरजू प्रसाद को जाति सूचक शब्दो से सम्बोधित करते हुए गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सरजू प्रसाद पुत्र जमुना प्रसाद निवासी मदनापुर थाना पैकोलिया की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी संजय सिंह पुत्र चित्रसेन सिंह निवासी मदनापुर थाना पैकोलिया, विनोद पुत्र रामकुमार निवासी मनिकरपुर मधवापुर थाना हरैया के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस ने क्षेत्र में किया पैदल गश्त

**बस्ती ।** जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये जनपद के सभी थानों की पुलिस द्वारा अपने अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था को परखा तथा अशान्ति फैलाने वाले अराजकतत्वो को कड़ी चेतावनी दी। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के आदेश के क्रम में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष तथा चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थानाध चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टिगत बनाए रखते हुए पैदल गश्त करते हुए आमजन से संवाद स्थापित किया। पुलिस ने इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत प्रमुख सर्राफा दुकानों के मालिकों से वार्ता किया एवं पैदल गश्त के दौरान चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों के साथ संदिग्ध वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई। वहीं एण्टीरोमियों टीम द्वारा महिलाओं तथा छात्राओं • ह-जगह कैम्पेनिंग कर मिशन शक्ति अभियान, यातायात नियमों का पालन करने के सम्ब ध में लोगों को जागरूक किया गया एवं सार्वजकन स्थानो तथा बाजार में महिलाओं तथा स्कूलो में छात्राओं को नारी शक्ति की जानकारी देते हुए स्वयं सुरक्षा का एहसास कराया गया।

# परिवार परामर्श केन्द्र की पहल पर दम्पत्ति हुए एक

**बस्ती ।** पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में संचालित परिवार परामर्श केंद्र पर पति पत्नी के विवार का एक मामला आया। जिसमें पत्नी सकीना खातून अपने पति आजम अली पुत्र शमी मोहम्मद निवासी भरतांथापुर थाना नगर से आपसी कहासुनी एक झगड़े के चलते मन मुटाव पैदा हो गया और वह एक दूसरे से अलग- अलग होकर रहने लगे। जिसके चलते पति पत्नी का रिश्ता टूटने के कागार पर पहुंच गया था। लेकिन परिवार परामर्श केन्द्र के सूझबूझ से दोनो को बुलाया गया और बातचीत के माध्यम से मध्यस्थता स्थापित कर एक दूसरे के साथ रहने के लिए राजी कराया। परामर्श केन्द्र के सदस्यों ने पति पत्नी के जोड़े से एक दूसरे को मिठाई मिलवाते हुए हंसी खुशी घर के लिए विदा किया गया।

# थाना गेट पर प्रदर्शन के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

सल्टौआ (बस्ती), हिसं। भाई की ससुराल आए सिद्धार्थनगर के युवक की मौत के मामले में सोनहा पुलिस ने मुकदमा कर लिया है। बुधवार को नाराज परिजन व अन्य ने सोनहा थाने के गेट पर ही धरना शुरू कर दिया था। सीओ प्रशिक्षु सार्थक सेंगर के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक रमेश की मां की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 304ए के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

सिद्धार्थनगर के भवानीगंज थानांतर्गत हिसामुद्दीनपुर निवासी बब्लू की शादी सोनहा क्षेत्र के रुस्तमपुर में हुई है। 16 नवंबर की शाम बड़े भाई की ससुराल घूमने आया था। देर शाम वापस जाने के लिए वहां से निकला था। 17 नवंबर को भोर में शंकरपुर के पास एक खेत में उसका शव बाइक के नीचे दबा मिला था।

# खेत में लगा इंजन और पम्पिंग सेट चोरी

छावनी। दुबौलिया क्षेत्र के चिरिहवा गांव में अज्ञात चोर खेत के पास लगा लिस्टर इंजन, पंखा व पम्पिंग सेट चुरा ले गए। पीड़ित लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने दुबौलिया थाना पर शिकायती पत्र दिया है। दुबौलिया थाना के बीट सिपाही आशीष राय ने गांव में पहुंच छानबीन किया। घटनास्थल से कुछ दूरी पर लिस्टर इंजन का टंकी बरामद हुआ है।



भिखरिया गांव में नाले से अवैध अतिक्रमण हटवाते राजस्व अधिकारी व कर्मी।

# नाले से अतिक्रमण हटाया गया

दुबौलिया। थाना क्षेत्र के मसहा ग्राम पंचायत के राजस्व गांव भिखरिया में जलनिकासी के लिए बने नाले पर कई महीने पूर्व गांव के कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा कर लिए थे। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सहित उच्चाधिकारियों से किया था। एसडीएम हर्रैया के निर्देश पर गुरुवार को नायब तहसीलदार निखिलेश कुमार ने जेसीबी से खुदाई कर अतिक्रमण हटवा दिया।

# मुकदमा दर्ज करने का आदेश

बस्ती। सीजेएम तारकेश्वरी सिंह की अदालत ने कूटरचित फर्जी दस्तावेज के आधार पर फर्जी राशन कार्ड बनवाने व मारपीट के मामले में एसओ नगर को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। नगर थाना क्षेत्र के नूरचक गांव निवासी बलवन्त प्रसाद ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि विपक्षी ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके राशन कार्ड बनवा लिया था।

# खाद की किल्लत बता कांग्रेस का प्रदर्शन

**ज्ञापन**

बस्ती, निज संवाददाता। खाद-बीज की किल्लत बताते हुए कांग्रेस ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खाद के लिए किसान परेशान हैं। समितियों पर लम्बी लाइनें लग रही हैं। सरकार के बड़बोलेपन की हद हो गई है। मंच पर बड़ी बड़ी बातें करने वाले सत्ताधारी नेताओं को किसानों की फिक्र नहीं है।

पूर्व विधायक अंबिका सिंह ने कहा कई मोर्चों पर भाजपा किसान विरोधी साबित हो चुकी है। पीसीसी सदस्य प्रेमशंकर द्विवेदी ने कहा अहंकार में डूबी भाजपा सरकार को जनहित की चिंता नहीं है। संविधान की ऐसी तैसी कर, स्वायत्त संस्थाओं को गुलाम बनाकर येनकेन प्रकोरण सत्ता हासिल करना चाहती है। भाजपा का ये खेल अब समाप्त होने वाला है। इसकी



गुरुवार को प्रदर्शन करते हुए शास्त्री चौक से कलक्ट्रेट की तरफ जाते कांग्रेसी।

शुरूआत गुजरात और हिमांचल से होने वाली है। प्रदेश सचिव देवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा जनविरोधी सरकारों की उम्र बहुत लम्बी नहीं होती। कांग्रेसजन गुरुवार को शास्त्री चौक पर इकट्ठा हुये और नारेबाजी करते हुये कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अतुल आनंद को सौंपा। नर्वदेश्वर शुक्ल, गिरजेश पाल, रामभवन शुक्ल, सूर्यमणि पाण्डेय, देवानंद पाण्डेय, साधूसरन आर्य, भूमिधर गुप्ता, ज्ञानप्रकाश पाण्डेय, अतीउल्लाह सिद्धीकी, अवधेश सिंह, अरूण पाण्डेय, नोमान अहमद, अमरबहादुर सिंह, अलीम अख्तर, शौकत अली, गुड्डू सोनकर, साधूसरन पाण्डेय, शत्रुघ्न पाल, नीलम विश्वकर्मा, मंजू पाण्डेय, कंचन विश्वकर्मा, इन्द्रावती, रामबहादुर सिंह, इम्तियाज अहमद, अभिषेक सिंह सूर्यवंशी, अखिलेश मिश्रा, शुभम गौंड आदि मौजूद थे।

# रुधौली थाने का कामकाज जनता की नजर में सबसे बेहतर

- एडीजी ने गुरुवार को जारी की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग
- वाल्टरगंज दूसरे और छावनी थाना तीसरे नंबर पर आया

बस्ती, निज संवाददाता। एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार स्तर से गुरुवार को थाना प्रभारियों के कामकाज की रेटिंग जारी की गई। अक्टूबर माह की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में जिले के रुधौली थाना प्रभारी रामकृष्ण मिश्र को पहला स्थान मिला है। आमजन की नजर में इसका कामकाज सबसे बेहतर मिला है। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह दूसरे और थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पांडेय को इस रेटिंग में तीसरा स्थान मिला है।

पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के जरिए आमजनता से वोटिंग के जरिए थानों के कामकाज की मानीटरिंग की व्यवस्था बनाई गई है। रेटिंग सूची में चौथे स्थान पर पैकोलिया के थानाध्यक्ष रहे गजेंद्र प्रताप सिंह और पांचवे स्थान पर थानाध्यक्ष नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी रहे। इन सभी को आगामी क्राइम मीटिंग में प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

जिले के 17 थानों के बीच कराई गई इस रेटिंग में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय, प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर अरविन्द शाही, प्रभारी निरीक्षक हरैंया शैलेष कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेन्द्र पटेल लगातार दूसरे माह अंतिम पांच श्रेणी में शामिल हैं। एडीजी स्तर से इन सभी को चेतावनी जारी की गई है कि यदि अगले माह की रेटिंग में भी इनकी स्थिति नहीं सुधरी तो सभी पहलुओं पर विचार करते हुए इनके पद से हटाया जा सकता है। प्रभारी निरीक्षक मुंडेरवा को रेटिंग में सुधार लाने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

## हरैंया, महिला थाना, गौर के लिए खतरे की घंटी

पुलिस की कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर जनता की सन्तुष्टि का पांच माध्यमों से आंकलन किया जाता है। इसमें डायरेक्ट पोल, ट्विटर पोल, आईजीआरएस, एफआईआर/ एनसीआर पंजीकरण, पासपोर्ट/चरित्र सत्यापन के आधार पर थानों का परिणाम तैयार किया गया है। एडीजी अखिल कुमार ने दो माह पहले ही चेतावनी जारी किया था कि रायशुमारी में लगातार तीन महीने अंतिम पांच स्थान पर रहने वाले थाना प्रभारियों को पद से हटा दिया जाएगा। यह रेटिंग जनता के फीडबैक पर तय होती है। ऐसे में लगातार दूसरे महीने में बॉटम फाइव में शुमार हुए परसरामपुर, हरैंया, गौर व महिला थाना प्रभारी के लिए खतरे की घंटी बज गई है।

# महिला लेखपाल के साथ अभद्रता, चार लोगों पर केस

- अभिलेख को नुकसान पहुंचाते हुए जानमाल की धमकी का आरोप
- आरोपियों में एक ने कहा वह जिले से बाहर है, शिकायत फर्जी

वाल्टरगंज/ बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। जिले के वाल्टरगंज थानांतर्गत बेलहरा गांव में गुरुवार को आईजीआरएस पर मिली शिकायत की जांच के लिए पहुंची महिला लेखपाल के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि सरकारी अभिलेखों को नुकसान पहुंचाते हुए उन्हें अपशब्द कहा गया और जानमाल की धमकी दी गई।

थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कर छानबीन शुरू कर दी गई है। हालांकि आरोपियों में से एक ने बताया कि वह गैरजनपद हैं। उन्होंने लेखपाल पर कई गंभीर आरोप जड़े हैं। सदर तहसील की महिला लेखपाल शीला प्रजापति ने तहरीर दी है कि वह गुरुवार को आईजीआरएस पर मिली शिकायत के जांच व निस्तारण के संबंध में वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बेलहरा गांव गई थीं। बंजर की जमीन पर कब्जे से जुड़े प्रकरण की जांच के दौरान गांव के चार लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाला। ऐसा करने से मना करने पर उन्हें अपशब्द कहते हुए धमकाया भी गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के आकाश सिंह, अभय प्रताप सिंह, भारत सिंह और संजय सिंह के खिलाफ आईपीसी 504, 506, 353, 427 और 3 लोक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी भारत सिंह ने बताया कि वह इस समय लखनऊ में हैं। मेरा घर करीब 35 वर्ष पहले बना है। मेरे खिलाफ जो शिकायत पड़ी है, वह फर्जी है। जिसके नाम से शिकायत दी है, उसने स्वयं मना कर दिया है। लेखपाल मेरे घर सुबह गई थीं और परिजनों से बात करके लौट गई थीं। उसके बाद थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया। लेखपाल के खिलाफ मैंने कई आरटीआई दे रखा है। इससे नाराज होकर वह फर्जी शिकायत कर रही हैं। एसओ वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।



गुरुवार को रेंज कार्यालय पर वाचक कार्यालय के रिकार्ड की डीआईजी आरके भारद्वाज ने समीक्षा की।

# पत्रावलियों में खामियां देख कर नाराज हुए डीआईजी

**बस्ती, निज संवाददाता।** डीआईजी आरके भारद्वाज ने गुरुवार को तीनों जिलों के जनपदीय वाचक कार्यालय के अपराध का आंकड़ा, विवेचना स्थानांतरण, एनएसए/ गुंडा, हिस्ट्रीशीट , पुरस्कार घोषणा आदि की समीक्षा की। इस दौरान लापरवाही सामने आई। पत्रावलियों में व्यापक कमियां मिलीं। इस पर डीआईजी ने कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने बताया कि बस्ती, सिद्धार्थनगर के वाचक पत्रावलियों को न तो खुद देख रहे हैं और न ही अपने जिले के एसपी को ही कमियों के बारे में बता रहे हैं। जो भी अभियुक्त वांछित चल रहे हैं, उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। गैंग पंजीकरण की कार्रवाई अत्यंत धीमी है। अपराधियों का चिह्नांकन कर नियमानुसार गैंग पंजीकरण करने को कहा।

डीआईजी ने कहा कि जो अभियुक्त न्यायालय में नियत तिथि पर तलब करने पर भी नहीं आ रहे हैं उनके संबंध में मानिटरिंग सेल से संपर्क स्थापित कर संबंधित के विरुद्ध पुरस्कार घोषणा कराएं। साथ ही पूर्व से पुरस्कार घोषित अपराधी का पुरस्कार बढ़ाए जाने के लिए नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दी आत्मदाह की चेतावनी

बस्ती, निज संवाददाता। स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को नौ माह से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय से वंचित इन कर्मियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मियों ने जल्द भुगतान न होने पर एक साथ आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

आक्रोशित कर्मियों का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को डीएम से मिला। ज्ञापन देकर बकाया मानदेय भुगतान शीघ्र करने की मांग उठाई। विभिन्न सीएचसी पर कार्यरत कर्मियों ने कहा कि शहरी आजीविका केंद्र डूडा से तैनाती है। नियमित कार्य किया जा रहा है। बताया कि डीएम ने 15 नवंबर तक भुगतान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन भुगतान नहीं हुआ।

ज्ञापन में कहा है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो 30 नवंबर को सभी कर्मी डीएम कार्यालय के सामने सामूहिक रूप से आत्मदाह करेंगे। विकास त्रिपाठी, रागिनी त्रिपाठी, प्रतिमा प्रजापति, सूरज पांडेय, राकेश कुमार, अश्वनी कुमार, लवकुश उपाध्याय, ओंकार, विवेक पांडेय, मनीष कुमार, सौरभ पांडेय, रमेश आदि मौजूद रहे। सीएमओ डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि बकाया मानदेय भुगतान के लिए एनएचएम से बजट की मांग की गई है। एनएचएम के जिला प्रबंधक ने जल्द बजट आने की बात कही है।



गुरुवार को हाईवे पर अनियंत्रित होकर टेलर से टकराई कार। ● हिन्दुस्तान

# नेपाल से लखनऊ जा रही कार ट्रेलर से टकराई, बाल-बाल बचे

कप्तानगंज, हिसं। फोरलेन पर गुरुवार की शाम नेपाल से लखनऊ जा रही कार अनियंत्रित होकर टेलर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार में सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ियों को किनारे कराते हुए यातायात बहाल कराया। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सतेन्द्र कुंअर ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। दोनों गाड़ियों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

हाईवे पर यह हादसा गुरुवार शाम करीब पांच बजे हुआ। यह कार नेपाल भैरहवा से लखनऊ के लिए जा रही थी। कार व टेलर के टक्कर की आवाज सुनकर लोग दौड़े और सवार को बाहर निकाला। कार में सवार चालक भीम सिंह पुत्र बीके निवासी भैरहवा नेपाल और राजू जैसवाल निवासी भैरहवा नेपाल बाल-बाल बच गए।



# चोरों ने आटो पार्ट्स के सामान उड़ाए

**जागरण संवाददाता, महादेवा, बस्ती :** लालगंज थाना के महादेवा चौकी से पांच सौ मीटर दूर चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाया। नकदी समेत कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

थानाक्षेत्र के कथरुआ निवासी दीपक मौर्य महादेवा चौराहे पर एक ही कमरे में सत्या हाईटेक डीजे व अंजली आटो पार्ट्स की दुकान चलाते हैं। बुधवार की शाम को दुकान बंद करके घर चले गए। गुरुवार की सुबह जब दुकान खोले तो देखा कि दुकान में सामान बिखरा पड़ा है। अंदर जाने पर उनके होश उड़ गए। डीजे के उपकरण व आटो पार्ट्स के सामान गायब थे। पीछे दीवार में लगा रोशनदान टूटा हुआ था। दुकानदार ने बताया कि तीन छोटा साउंड, तीन स्टेंजर मशीन, अहूजा एलक्स 6000 वाट डीजे मशीन, डीजे मशीन स्टेंजर 701 वाट, डीजे मिक्सर स्ट्रेंजर 500 वाट, एक मिक्सर मशीन 12 चैनल, मोबिल, चैन स्पाकिट, एक्सीलेटर वायर व कुछ नकदी रुपये गायब है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ रुधौली सार्थक सेंगर चोरी की घटना की जानकारी होने पर दिन में 11 बजे मौके पर पहुंचे। दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला व पूछताछ किया। थानाध्यक्ष महेश सिंह, महादेवा चौकी इंचार्ज राजेश गुप्ता, विनेश, सुरेंद्र, रजनीश, कमलेश, रामकेश, आनंद आदि रहे।



चोरी की जानकारी लेती पुलिस ●जागरण

# महिला लेखपाल से अभद्रता, पांच नामजद

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बेलहरा गांव में गुरुवार को आइजीआरएस पर मिली शिकायत की जांच के लिए पहुंची महिला लेखपाल के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि अभिलेखों को नुकसान पहुंचाते हुए उन्हें अपशब्द कहा गया और जानमाल की धमकी दी गई।

सदर तहसील की महिला लेखपाल शीला प्रजापति ने बताया है कि वह आइजीआरएस पर मिली शिकायत की जांच व निस्तारण के संबंध में बेलहरा गांव गई थीं। बंजर की जमीन पर कब्जे से जुड़े प्रकरण की जांच के दौरान गांव के चार लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाला। मना करने पर उन्हें अपशब्द कहते हुए धमकाया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि गांव के आकाश सिंह, अभय प्रताप सिंह, भारत सिंह और संजय सिंह के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# थाने पर प्रदर्शन के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

जासं, बस्तीः भाई के ससुराल आए सिद्धार्थनगर के युवक की मौत के मामले में सोनहा पुलिस ने मृतक की मां शांति की तहरीर पर एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बुधवार को नाराज स्वजन व ग्रामीणों ने सोनहा थाने के गेट पर ही धरना शुरू कर दिया था। सीओ प्रशिक्षु सार्थक सेंगर के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ था।

सिद्धार्थनगर के भवानीगंज थानांतर्गत हिसामुद्दीनपुर निवासी बब्लू की शादी सोनहा थानाक्षेत्र के रुस्तमपुर गांव में हुई है। 16 नवंबर की शाम करीब पांच बजे उसका भाई रमेश पुत्र पुद्दुन बाइक से अपने बड़े भाई बब्लू की ससुराल घूमने आया था। 17 नवंबर को भोर में शंकरपुर के पास एक खेत में उसका शव बाइक के नीचे दबा मिला था।

# मिलीं खामियां, लापरवाही पर डीआइजी ने जताई नाराजगी

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : परिक्षेत्र के तीनों जनपदों में कामकाज की लगातार समीक्षा की जा रही है। गुरुवार को डीआइजी आरके भारद्वाज ने जनपदीय वाचक कार्यालय के अपराध का आंकड़ा, विवेचना स्थानांतरण, एनएसए, गुंडा, हिस्ट्रीशीट, पुरस्कार घोषणा की समीक्षा की गई। जिसमें लापरवाही पाई गई। पत्रावलियों में व्यापक कमियां मिली। डीआइजी ने बताया कि बस्ती, सिद्धार्थनगर के वाचक पत्रावलियों को न तो खुद देख रहे हैं और न ही अपने पुलिस अधीक्षक को ही उसकी कमी के बारे में बता रहे हैं। जो भी अभियुक्त वांछित चल रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। गैंग पंजीकरण की कार्रवाई अत्यंत धीमी है। अपराधियों का चिन्हांकन कर नियमानुसार गैंग पंजीकरण करने को कहा। जो अभियुक्त न्यायालय में नियत तिथि पर तलब करने पर भी नहीं आ रहे हैं उनके संबंध में मानिटरिंग सेल से संपर्क स्थापित कर संबंधित के विरुद्ध पुरस्कार घोषणा कराएं। साथ ही पूर्व से पुरस्कार घोषित अपराधी का पुरस्कार बढ़ाए जाने के लिए नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए। कहा कि समस्त वाचक जनपद के अपराध एवं अपराधियों के संबंध में गहराई से जानकारी प्राप्त कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही कराएं। ताकि अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।

# स्वस्थ रहने के लिए पुलिसकर्मियों शिविर में ने किया योगाभ्यास



हरैंया थाने में योगाभ्यास करते पुलिसकर्मी ●जागरण

**जासं, हरैंया, बस्ती** : हरैंया थाने पर गुरुवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों ने योगाभ्यास किया हैं। योग शिक्षक आदित्य नारायण ने पुलिसकर्मियों को प्राणायाम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार, बक्रआसन, ताड़ासन सहित आदि योगाभ्यास कराया गया। योग शिक्षक ने कहा कि आज की भागदौड़ की जिंदगी में शरीर का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है, इसलिए थोड़ा सा समय निकाल कर नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाएं। जिससे शरीर स्वस्थ रह सके। प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह, महिला निरीक्षक अनीता यादव, साधू शरण यादव, रामसकल, आदित्य यादव, हरेंद्र आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बंजर भूमि की जांच करने गई महिला लेखपाल से दुर्व्यवहार, चार पर केस

## सरकारी अभिलेख को नुकसान पहुंचाते हुए जानमाल की धमकी देने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बेलहरा गांव की घटना**

**बस्ती।** वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बेलहरा गांव में बंजर जमीन के संबंध में आईजीआरएस पर मिली शिकायत की जांच करने बृहस्पतिवार को गईं महिला लेखपाल के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है।

आरोप है कि सरकारी अभिलेखों को फाड़कर उन्हें अपशब्द कहा गया और जानमाल की धमकी दी गई। लेखपाल की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

सदर तहसील की महिला लेखपाल शीला प्रजापति ने तहरीर देकर बताया है कि वह आईजीआरएस पर ऑनलाइन मिली शिकायत के जांच व निस्तारण के संबंध में वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बेलहरा गांव गई थीं। इस दौरान गांव के चार लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाला और रजिस्टर आदि फाड़ दिया।

मना करने पर उन लोगों ने उन्हें अपशब्द कहते हुए धमकाया। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के आकाश सिंह, अभय प्रताप सिंह, भारत सिंह और संजय सिंह के खिलाफ आईपीसी और लोक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।



दुबौलिया थाना क्षेत्र के भिखरिया गांव में हटवाया गया अतिक्रमण। संवाद

## हटाया गया अतिक्रमण

**दुबौलिया।** क्षेत्र के मसहा ग्राम पंचायत के राजस्व गांव भिखरिया में जलनिकासी के लिए बने 0.031 हेक्टेयर नाली पर कई महीनों से गांव के कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा कर रखे थे। इससे गांव के पानी की निकासी बाधित थी। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सहित उच्चाधिकारियों से की थी। इसके बाद एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद्र के आदेश पर बृहस्पतिवार को पहुंची प्रशासनिक व राजस्व टीम ने नायब तहसीलदार निखिलेश कुमार की मौजूदगी में जेसीबी से नाली के 31 हेक्टेयर की खुदाई कर अतिक्रमण हटा दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान किशन कुमार, राजस्व कर्मी राजेश भास्कर, एसआई शैलेंद्र पांडेय तथा ग्रामीण मौजूद रहे। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-11-2022

# निरीक्षक सौदागर राय सहित तीन पुलिस कर्मियों पर केस दर्ज

**अवैध वसूली प्रकरण में**

**आईजी बस्ती द्वारा कराए गए जांच में रिश्वत लेने का आरोप सही पाए जाने पर एसपी ने दर्ज कराया मुकदमा**

**कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में कठेला समय माता थाने पर तैनात 5 अन्य पुलिस कर्मियों को एसपी ने किया लाईन हाजिर**

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर अवैध वसूली प्रकरण में जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर कठेला समय माता थाने पर तैनात रहे तत्कालीन थानेदार सौदागर राय, मुख्य आरक्षी सुरेश वरुण तथा आरक्षी पन्नेलाल के मुकदमा दर्ज किया गया है,जबकि 5 अन्य पुलिस कर्मियों को कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक कठेला समय माता थाने के हीरखास गांव के रहने वाले युवक व युवती को कठेला समय माता थाना की पुलिस ने 22 जुलाई को पकड़ा था। आरोप था कि पुलिस ने इन दोनों को छोड़ने के लिए दो लाख रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने किसी तरह 65 हजार रुपये ही पुलिस दे पाई थी। जब मामले की शिकायत आईजी बस्ती से की गई तो उन्होंने इसकी प्रारम्भिक जांच सीओ सदर को सौंपी। आईजी के निर्देश पर मामले की जांच क्षेत्राधिकारी रुधौली ने की। सीओ रुधौली की जांच में दोषी पाए जाने पर सीओ शोहरतगढ़ की रिपोर्ट पर थाना कठेला समयमाता पर नियुक्त निरीक्षक सौदागर राय, मुख्य आरक्षी सुरेश वरूण व आरक्षी पन्ने लाल को दो अगस्त को निलंबित किया गया था। जांच में पुष्टि होने पर निलंबन की कार्रवाई की गई। प्रथम दृष्टया इनके विरुद्ध अवैध रूप से धन वसूली के आरोप सही मिले हैं।

क्षेत्राधिकारी रूधौली की जांच में उक्त कर्मियों के विरुद्ध आरोपों के पुष्टि हुई। जांच में पाया गया कि कठेला समयमाता क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हीरखास के रहने वाले एक युवक व युवती को दिनांक 22 जुलाई को थाना क्षेत्र में बेवक्त समय एक साथ पाये जाने पर थाना कठेला समयमाता पर लाया गया तथा उनके स्वजन से सुलह-समझौते व छोड़ने के नाम पर दो लाख की मांग की गयी तथा 65 हजार रुपये लेकर छोड़ा गया। आरोपों की पुष्टि होने पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर निरीक्षक सौदागर राय, मुख्य आरक्षी सुरेश वरुण तथा आरक्षी पन्ने लाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु मामले को अपर पुलिस अधीक्षक को सौंप दिया गया है,जबकि कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में कठेला थाने में तैनात उप निरीक्षक राम निरंजन, मुख्य आरक्षी शेषनाथ यादव, हेड कांस्टेबल विनय जायसवाल, आरक्षी जोगेन्द्र सिंह व धर्मेन्द्र शाह को लाइन हाजिर कर दिया गया है।पुलिस अधीक्षक के इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया है।

# दुकान से चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

लोटन(एसएनबी)। कोतवाली पुलिस द्वारा खाद-बीज भण्डार की दुकान से चोरी व बैंक में नकबजनी से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्त को एक बोरी चोरी के गेहूँ के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त जानकारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवनन्दन उपाध्याय ने दी।उन्होने बताया कि बृहस्पतिवार को जगन्नाथ मन्दिर मोड़ लोटन से एक नफर खाद-बीज भण्डार दुकान से चोरीध्बैंक नकबजनी के अभियुक्त को समय करीब 6.10 बजे सुबह पकड़ लिया गया। उक्त के सम्बंध में थाना स्थानीय पर पंजीत मु0अ0सं0 136/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 का सफल अनावरण किया गया तथा अभियुक्त से पूछताछ की गई।जिससे दिनांक 241022 रात्रि 19.15 बजे एसबीआई लोटन में किये गये नकब लगाकर चोरी के प्रयास की घटना के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 122/22 धारा 457/380/511 आईपीसी पंजीकृत है।

# उसका पुलिस ने खोया मोबाइल सौंपा

उसका बाजार(एसएनबी)। कस्बा के इन्दिरा नगर वार्ड के निवासी अमर मणि दूबे का सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल 13 नवम्बर को उनके वार्ड में ही कही गिर गया था। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी थीं। पुलिस गुरुवार को उक्त मोबाइल बरामद कर थाना पर बुलाकर अमर मणि दूबे की सौंपा है। इस अवसर पर एसओ बलजीत कुमार राव, एसआई राजकुमार राजभर आदि रहे।

# ग्राम प्रहरियों में पुलिस अधीक्षक ने वितरण किया वर्दी

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने पुलिस लाईन में जनपद के समस्त थांनो पर तैनात ग्राम प्रहरियों के साथ संगोष्टी कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस दौरान ग्राम प्रहरियों के एसपी ने वर्दी किट साफा,धोती, खाकी कमीज,जर्सी, बेल्ट जूता, मोजा वितरण किया।संगोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहरियों को उनके कर्तव्यों का बोध कराया। आगामी नगर निकाय चुनाव 2022 के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ग्राम की सूचनाओं को त्वरित सूचनार्थ के लिए उत्साहवर्धन किया गया। गोष्ठी के उपरान्त ग्राम प्रहरी को उनके वर्दी के किट (साफा, धोती, खाकी कमीज, जर्सी, बेल्ट, मुंडा जूता) का वितरण किया। वर्दी वितरण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, सीओ सदर अखिलेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।



ग्राम प्रहरियों में वर्दी वितरण करते पुलिस अधीक्षक

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग : कपिलवस्तु थाना प्रथम

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)**।अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के तहत थानावार कराए गए वोटिंग में 14132 लोगों ने अपना फीडबैक दिया। इनमें सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कपिलवस्तु कोतवाली ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि खेसरहा दूसरे व थाना शिवपुर डिडई तीसरे स्थान पर रहा।

**14132 लोगों ने विभिन्न माध्यमों से दिये फीडबैक**

**घ्खेसरहा दूसरे और शिव नगर डिडई थाने को मिला तीसरा स्थान**

थानों के पुलिस की कार्य प्रणाली ट्विटर, डायरेक्ट पोल, पासपोर्ट-चरित्र सत्यापन, आईजीआरएस पंजीकृत अभियोग के फीडबैक लेने के लिए सितम्बर माह में कार्यप्रणाली की वोटिंग करायी गयी। समस्त थानों को सीधे पोल पर 7957, ट्विटर पोल पर 4277, वादियों के मुकदमा से जुड़े 265, पासपोर्ट और चरित्र प्रमाणपत्र में 1254 व आइजीआरएस के मामलों में 379 लोगों ने फीड बैक दिया। इसके पश्चात एसपी अमित कुमार आनन्द ने कार्यो का थानावार मूल्यांकन कराया गया। जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करके थाना कपिलवस्तु प्रथम स्थान, थाना खेसरहा दूसरे स्थान व थाना शिवनगर डिडई तृतीय स्थान पर रहें, इसी प्रकार थाना जोगिया उदयपुर(4), थाना मिश्रौलिया (5), थाना मोहाना(6), थाना गोल्हौरा(7), थाना लोटन(8), थाना कठेला समयमाता(9), थाना चिल्हिया(10), थाना त्रिलोकपुर(11), थाना सिद्धार्थनगर(12) महिला थाना(13), थाना शोहरतगढ़(14), थाना इटवा(15), थाना पथरा बाजार(16), थाना डुमरियागंज(17),.थाना बांसी(18), थाना ढ़ेबरुआ(19), थाना भवानीगंज(20) तथा थाना उसका बाजार ने 21 वा स्थान प्राप्त किया।

# प्रेमी को छोड़ने के लिए मांगे थे दो लाख

## कार्रवाई

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** प्रेमी युगल को छोड़ने के लिए घूस लेने के मामले में इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

तत्कालीन थानाध्यक्ष ने दो लाख रुपये मांगे थे। घरवाले 65 हजार रुपये देकर युगल को छुड़ाकर घर ले गए थे। मामला प्रकाश में आने के बाद एसपी ने थानाध्यक्ष सौदागर राय, हेडकांस्टेबल सुरेश वरुण व सिपाही पन्ने लाल को दो अगस्त को निलंबित कर सीओ शोहरतगढ़ को जांच सौंपी थी। इधर, मामला डीआईजी बस्ती रेंज तक पहुंचा। भ्रष्टाचार से जुड़ा होने की वजह से डीआईजी ने गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच सीओ रुधौली से कराई। सीओ की जांच में 65 हजार रुपये घूस लेने की पुष्टि हो गई। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर कठेला समयमाता थाने में पूर्व थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सौदागर राय, हेडकांस्टेबल सुरेश वरुण व सिपाही पन्ने लाल के खिलाफ बुधवार की रात में केस दर्ज कर लिया गया। एसपी ने विभागीय जांच की जिम्मेदारी एएसपी सिद्धार्थ को सौंपी है।

## पांच पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

रिश्वत प्रकरण में कराई गई जांच में पांच अन्य पुलिसकर्मियों की भी लापरवाही सामने आई। इसके बाद एसपी ने एसआई राम निरंजन, हेड कांस्टेबल विनय जायसवाल, शेषनाथ यादव, कांस्टेबल जोगेंद्र सिंह व धर्मेंद्र शाह को लाइन हाजिर कर करते हुए विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में कपिलवस्तु अव्वल

सिद्धार्थनगर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार की ओर से पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के तहत थानावार कराए गए वोटिंग में सिद्धार्थनगर पुलिस को 14132 लोगों द्वारा वोट दिया गया। सर्वाधिक अंक प्राप्त कर थाना कपिलवस्तु प्रथम, थाना खेसरहा दूसरे व थाना शिवनगर डिड़ई तृतीय स्थान पर रहा।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

बिस्कोहर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बिस्कोहर-इटवा मार्ग पर कठौतिया और पेंड़ारी गांव के बीच गुरुवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी इटवा से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। त्रिलोकपुर थाने के पेंड़ारी गांव निवासी बनवारी लाल  पुत्र सतिराम ग्बाइक से बिस्कोहर की तरफ कहीं जा रहा था।

# उस्का पुलिस ने खोया हुआ मोबाइल सौंपा

उस्का बाजार। कस्बा के इंदिरा नगर वार्ड निवासी अमर मणि दूबे का मोबाइल13 नवम्बर को कहीं गिर गया था। सूचना उन्होंने पुलिस को दी थी।। उस्का बाजार थाना पुलिस नेगुरुवार को मोबाइल बरामद कर थाना पर बुलाकर धारक को सौंप दिया। इस दौरान एसओ बलजीत कुमार राव, एसआई राजकुमार राजभर आदि मौजूद रहे।

# रिश्वत लेने में इंस्पेक्टर संग तीन पुलिसकर्मियों पर केस

## कलंक के खिलाफ

- 65 हजार घूस लेकर प्रेमी युगल को छोड़ा
- सीओ की जांच में रिश्वत की पुष्टि पर कार्रवाई

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। प्रेमी युगल को छोड़ने के लिए 65 हजार रुपये घूस लेने के मामले में इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सीओ रुधौली की जांच में मामला सही पाए जाने पर एसपी ने केस दर्ज करने का निर्देश दिया था। एसपी ने विभागीय जांच एएसपी सिद्धार्थ को सौंपी है। 22 जुलाई का यह मामला कठेला समय माता थाने का है जिसके प्रकाश में आने पर एसपी ने इंस्पेक्टर समेत तीनों पुलिसवालों को सस्पेंड कर जांच शुरू करा दी थी।

कठेला समय माता थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष व दो पुलिस कर्मियों ने 22 जुलाई को एक युगल को पकड़ लिया गया था। छोड़ने को परिजनों से दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई। मांगे दो लाख P05



# एसपी ने गोष्ठी कर बांटी वर्दी किट

सिद्धार्थनगर। एसपी अमित कुमार आनंद ने गुरुवार को ग्राम प्रहरियों संग गोष्ठी कर उनकी समस्याएं सुनी और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान उनके बीच किट बांटी। पुलिस लाइस में आयोजित गोष्ठी में एसपी ने ग्राम प्रहरियों को उनके कर्तव्यों का बोध कराया। पुलिस एवं ग्राम प्रहरी के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर समाज में और बेहतर ढंग से काम करने को कहा।

# बैंक में हुए नकबजनी का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**जागरण संवाददता, लोटन, सिद्धार्थनगर :** भारतीय स्टेट बैंक लोटन की शाखा में हुए नकबजनी का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान जोगेंद्र पुत्र झगरू निवासी लोटन के रूप में हुई है। यह जानकारी सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा ने गुरुवार को दी। वह लोटन थाना परिसर में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोटन कस्बा स्थिति खाद-बीज की दुकान से एक बोरी गेहूं का बीज चुराकर भाग रहा था। लोटन पुलिस ने उसे गुरुवार की सुबह जगन्नाथ स्वामी मंदिर के पास से पकड़ा। शक के आधार पर बैंक में नकबजनी की घटना सीसी कैमरे में कैद हुई थी। आरोपित व्यक्ति से जब फुटेज का मिलान किया गया तो वह उसने घटना में शामिल होना स्वीकार्य कर



आरोपित के बारे में जानकारी देते सीओ सदर अखिलेश कुमार व पुलिस टीम ● जागरण

लिया। लोटन कस्बा स्थित स्टेट बैंक की शाखा में 24 नवंबर को नकबजनी कर चोरी की कोशिश की गई थी। पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी। सीओ सदर खुद इस मामले के लेकर सक्रिय थे। उन्होंने लोटन पुलिस को हर हाल में मामले के पर्दाफाश का निर्देश दिया था। एक बोरी खाद की चोरी के साथ नकबजनी का आरोपित आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ ही गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक लोटन देवनंदन उपाध्याय, एसआइ रविंद्र यादव व संजय सिंह, मुख्य आरक्षी रामनाथ यादव, आरक्षी राहुल सिंह, अभिषेक दूबे, अरुण पांडेय शामिल थे।

# बेहतर कार्य करने में कपिलवस्तु थाने को मिला प्रथम स्थान

**जासं, सिद्धार्थनगर:** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन की ओर से थानों की कराए गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में उसका थाना पुलिस फिसड्डी साबित हुई है। कपिलवस्तु पुलिस ने प्रथम, खेसरहा द्वितीय व डिड़ई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि अंतिम पायदान पर उसका पुलिस रही। थानावार कराए गए वोटिंग में 14132 लोगों ने अपना फीडबैक दिया। समस्त थानों के पुलिस की कार्य प्रणाली ट्विटर, डायरेक्ट पोल, पासपोर्ट-चरित्र सत्यापन, आइजीआरएस एवं जनपद के समस्त थानों पर पंजीकृत प्रथम सूचना रिपोर्ट-एनसीआर के सम्बन्ध में अक्टूबर की कार्यप्रणाली की वोटिंग में जनपद के समस्त थानों को डायरेक्ट पोल पर 7957, ट्वीटर पोल पर 4277, पंजीकृत कराए गए एफआईआर-एनसीआर पर 265, पासपोर्ट और चरित्र प्रमाणपत्र में 1254 व आईजीआरएस में 379 सहित 4132 व्यक्तियों ने अपना-अपना फीड बैक दिया। चौथे स्थान पर जोगिया उदयपुर, पांच मिश्रौलिया, छह मोहाना, सात गोल्हौरा, आठ लोटन, नौ कठेला समयमाता, दस चिल्हिया, 11 वां स्थान त्रिलोकपुर, 12वां सिद्धार्थनगर, 13वां महिला थाना, 14वां शोहरतगढ़,15वां थाना इटवा, 16वां पथरा बाजार, 17वां डुमरियागंज, 18वां बांसी, 19वां ढ़ेबरुआ, 20वां भवानीगंज और उसका थाने को 21वां स्थान हासिल हुआ।

# डायल 112 में बढ़ेंगी और सुविधाएं



## रिस्पांस टाइम में आएगा सुधार

एसआईपी का सबसे बड़ा लाभ रिस्पांस टाइम के लिहाज से मिलेगा। तत्काल काल रिसीव होगी तो मुसीबत में फंसे व्यक्ति को तुरंत मदद भेजी जा सकेगी। काल ड्राप से छुटकारा मिल जाएगा। अभी जिले का रिस्पांस टाइम 10 से 15 मिनट तक रहा है। शहर के कुछ इलाकों को छोड़ दें तो देहात क्षेत्र की स्थिति ज्यादा खराब है।

**क्या है एसआइपी :** जानकारों की मानें तो एसआइपी एक कंप्यूटर नेटवर्क प्रोटोकाल है, जिसका उपयोग रियल टाइम कम्युनिकेशन के लिए किया जाता है। इसकी मदद से रियल टाइम में आवाज, वीडियो और संदेश एक से दूसरी जगह ट्रांसफर हो जाते हैं। डायल 112 नंबर मिलाने पर काल सीधे कंट्रोल रूम पर पहुंचेगी। जहां से तत्काल संबंधित व्हीकल को इवेंट भेजा जाएगा।

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** पुलिसिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी डायल 112 सेवा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होने जा रही है। इसे एसआइपी (सेशन इनीशिएशन प्रोटोकाल) से जोड़ा जाएगा। इस बदलाव से काल सीधे कंट्रोल रूम में जाएगी। अभी तक सभी काल बीएसएनएल से होकर कंट्रोल रूम तक जाती है।

पुलिसिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी डायल 112 सेवा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होने जा रही है। इसे सेशन इनीशिएशन प्रोटोकाल (एसआईपी) टेक्नोलाजी से जोड़ा जा रहा है, जिसके बाद काल ड्राप की संभावना ही नहीं बचेगी। इसका सबसे बड़ा लाभ पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) के रिस्पांस टाइम में मिलेगा। डायल 112 पर जब कोई काल मिलाई जाती है तो वह पीआरआई (प्राइमरी रेट इंटरफेस) के माध्यम से रिसीव होती है। वहां से यह काल बीएसएनएल को जाती है और फिर डायल 112 को ट्रांसफर होती है। इस प्रक्रिया का सबसे बड़ा नुकसान काल ड्राप के रूप में सामने आता है। नई व्यवस्था में इस समस्या से छुटकारा मिलेगा। सेशन इनीशिएशन प्रोटोकाल टेक्नोलाजी इसका समाधान होगा। इस व्यवस्था में काल सीधे डायल 112 पर पहुंचेगी।

इस संबंध में अमित कुमार आनंद,एसपी ने बताया कि डायल 112 सेवा हाइटेक होने जा रही है। कई तरह के बदलाव प्रस्तावित हैं। महत्वपूर्ण बदलाव एसआइपी है, जिसकी मदद से काल सीधे कंट्रोल रूम पहुंचेगी और रिस्पांस टाइम में बदलाव आएगा।

## एक नजर में

### पुलिस को त्वरित सूचना मुहैया कराएं ग्राम प्रहरी

सिद्धार्थनगर : पुलिस लाइन में गुरुवार को ग्राम प्रहरियों को सामानों का किट प्रदान किया गया। एसपी अमित कुमार आनंद ने उन्हें सोफा, बेल्ट, ऊनी कपड़े आदि प्रदान किये। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस के अभिन्न अंग हैं। इनकी मदद से हम अपराधों को रोक पाने में सफल होते हैं। ऐसे में उनकी परेशानियों को समझना हमारा भी कर्तव्य है। ग्राम प्रहरियों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस और प्रहरियों के बीच सामन्जय होना बेहद जरूरी होता है। कई बार बड़े मामले के पर्दाफाश में यह काफी सहायक होते हैं। एएसपी सिद्धार्थ ने कहा कि नगर निकाय चुनाव होना है। उन्होंने कहा कि ग्राम की सूचनाओं को त्वरित सूचनार्थ जिस तरह से दे रहे हैं वह काबिले तारीफ है। (जासं)

### पुलिस ने खोया हुआ मोबाइल सौंपा

**उसका बाजार** : नगर क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर वार्ड निवासी अमर मणि दूबे को पुलिस ने गुरुवार को दस दिन पूर्व गायब मोबाइल सौंप दिया। थानाध्यक्ष बलजीत कुमार राव ने बताया कि 13 नवंबर को पुलिस को मोबाइल के गुम होने की सूचना दी गई थी। पुलिस ने मोबाइल को ढूंढ निकाला और संबंधित को सौंप दिया। इस दौरान उपनिरीक्षक राजकुमार राजभर मौजूद रहे। (जासं)

# ग्राम प्रहरी संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**जासं, सिद्धार्थनगर** : ग्राम प्रहरी संघ जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी संजीव रंजन से मुलाकात की। नियमों का हवाला देते हुए चौकीदार पद के स्थायीकरण करने की मांग की। ग्राम प्रहरी हरीराम यादव ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट की अनुशंसा पर अस्थायी पद पर नियुक्ति की जाती है। ग्राम प्रहरी इसी अस्थायी पद पर सेवा योगदान देते चले आ रहे हैं। शासन ने स्थायीकरण के संबंध में दिशानिर्देश भी जारी किए हैं। इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। मनोज कुमार, रामकेश, पिंटू, रामकुमार, प्रेमदास, झकरी, विजय आदि मौजूद रहे।

# पूर्व थानेदार समेत तीन पर केस

- **प्रेमी युगल को थाने से छोड़ने के लिए मांगे थे दो लाख रुपये**
- **जांच रिपोर्ट के आधार पर पांच अन्य पुलिसकर्मी लाइनहाजिर**

**जासं, सिद्धार्थनगर** : प्रेमी युगल से 65 हजार रुपये की वसूली करने के आरोपित पूर्व थानाध्यक्ष कठेला समेत तीन पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पांच अन्य पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। जिन पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज हुआ है, वे सभी पांच माह पूर्व निलंबित किए जा चुके हैं।

22 जुलाई की रात लगभग 10 बजे तत्कालीन कठेला थानाध्यक्ष सौदागर राय, मुख्य आरक्षी सुरेश वरुण और आरक्षी पन्ने लाल ने गांव के एक घर से प्रेमी युगल को पकड़ा था। आरोप है कि पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए थाने ले आई और छोड़ने के नाम पर दो लाख रुपये की मांग की। स्वजन ने 65 हजार रुपये की व्यवस्था कर थानाध्यक्ष को दिया तब जाकर दोनों को छोड़ा गया। गांव के लोगों ने इसकी शिकायत उपमहानिरीक्षक बस्ती आरके भारद्वाज से की। उनके निर्देश पर एसपी अमित आनंद ने तत्कालीन सीओ सदर प्रदीप यादव को जांच सौंपी। दो अगस्त को थानाध्यक्ष व दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने सीओ बांसी प्रीती कौर को मामले की अलग से जांच सौंपी थी। उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर घटना के समय थाने में ड्यूटी कर रहे उप निरीक्षक रामनिरंजन, मुख्य आरक्षी शेषनाथ यादव, मुख्य आरक्षी विनय जायसवाल, आरक्षी जोगेन्द्र सिंह व आरक्षी धर्मेन्द्र शाह को भी लाइनहाजिर कर दिया गया।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि कठेला थानाध्यक्ष सतीश सिंह ने थाने में पूर्व प्रभारी निरीक्षक सौदागर राय व अन्य के खिलाफ तहरीर दी है। आरोपित के खिलाफ बिना किसी दोष के लोगों थाने में बैठाने, किसी को डरा धमकाकर रुपये ले लेने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों धाराओं में एक से तीन वर्ष तक की सजा है। विवेचना के दौरान भ्रष्टाचार की भी धारा बढ़ाई जा सकती है।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-11-2022

# छेड़खानी के आरोपी दो भाइयों को तीन वर्ष की सजा

संतकबीरनगर(एसएनबी)। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) ने पुलिस की प्रभावी कार्रवाई एवं सम्यक पैरवी से छेड़खानी के आरोपी दो सगे भाइयों को अलग-अलग कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्तगण को अतिरिक्त कारावास की सज़ा सुनाई है। थाना धनघटा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 461/2015 धारा 452, 354, 323, 506(2) भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त राजमंगल पुत्र पीताम्बर निवासी घोरांग थाना धनघटा को दोषसिद्ध पाते हुए अभियुक्तगण को 3 वर्ष के सश्रम कारावास व 3 हजार ₹ तथा अभियुक्त विनोद पुत्र पीताम्बर निवासी घोरांग थाना धनघटा को धारा 452, 323, 506 (2) भादवि दोषसिद्ध पाते हुए 01 वर्ष के सश्रम कारावास व 1500₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। विदित हो कि 25.01.2015 को उक्त राजमंगल द्वारा पीड़िता के घर में घुस कर उसके साथ अश्लील हरकत किया। वादिनी द्वारा शोर मचाने पर अभियुक्तगण द्वारा गाली गुप्ता देते हुए मारपीट की घटना कारित की गयी। शिकायत करने पर जानमाल की धमकी दी गयी जिसके संबंध में वादिनी द्वारा थाना धनघटा पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। जिसकी विवेचना उ.नि. अवधेश पाण्डेय द्वारा संपादित की गयी थी।

# वाहन चेकिंग के साथ पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के कस्बा नाथनगर के तिराहे पर गुरूवार को दोपहर में घेराबंदी कर स्थानीय पुलिस ने घंटो तक जबरजस्त वाहन चेकिंग का तलाशी अभियान चलाया। पुलिस द्वारा चलाए गए वाहन चेकिंग और तलाशी अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प मच गया। पुलिस के चेकिंग अभियान के भय से वाहन चालक रास्ता बदलकर सम्पर्क मार्गो से होकर गुजरने लगे। जानकारी के अनुसार महुली थानान्तर्गत मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक विवेकानन्द तिवारी भारी पुलिसबल के साथ गुरूवार की दोपहर में नाथनगर तिराहे पर पहुचे और पुलिसकर्मियों ने तिराहे की तीनों सड़कों की घेराबंदी कर आने वाले वाहनों को रोकना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने कई दर्जन दो पहिया और चार पहिया टैक्सी तथा लग्जरी वाहनों को रोककर उसके कागजातों के वैधता की जांच पड़ताल की। इसके अलावा संदिग्ध प्रतीत होने वाले वाहनों की डिग्गी खोलकर पुलिस टीम ने तलाशी भी लिया। वैसे तलाशी के दौरान कोई अवैध चीज बरामद नहीं हुई लेकिन अचानक पुलिस द्वारा शुरू की गई चेकिंग और तलाशी अभियान से वाहन चालकों के बीच हड़कम्प मच गया। सड़क से दो पहिया और चार पहिया वाहनों का आवागमन तक कुछ देर के लिए रूक सा गया। वाहन चालक मुख्य मार्ग को छोड़कर रास्ता बदलते हुए सम्पर्क मार्गो से होकर गुजरने लगे। इस दौरान चौकी प्रभारी ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की चालान की उनसे जुर्माना भी वसूल किया है। चौकी प्रभारी मुखलिसपुर विवेकानन्द तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों की आवाजाही पर लगाम लगाने के लिए वाहन चेकिंग और तलाशी का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# घर से खाद्यान की चोरी का प्रयास घटना सीसीटीवी में कैद

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के स्थानीय महुली गांव निवासी एक व्यक्ति के घर के बरामदे में कटाई मड़ाई के बाद बारे में भरकर रखे गए खाद्यान की चोरी का प्रयास एक युवक द्वारा रात के अंधेरे में किया गया। युवक द्वारा खाद्यान की चोरी के किए गए प्रयास की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकालकर उसके साथ आरोपी युवक के खिलाफ महुली पुलिस को नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी रामेश्वर पुत्र श्रीचन्द ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व उसने धान के फसल की कटाई मड़ाई कराकर धान को बोरियों में भरकर घर के बरामदे में कतारबद्ध तरीके से रखा था। बुधवार की रात घर में खटर पटर की आवाज सुनकर उसकी नीद खुल गयी तो तसल्ली के लिए वह विस्तर से उठकर घर से बाहर निकलकर बरामदे में पहुंचा तो देखा कि एक युवक धान के बोरियों को चुरा कर ले जा रहा है। घटना को देखकर वह शोर मचाने लगा तो पकड़े जाने के भय से युवक धार से भरी बोरी को फेक कर फरार हो गया। इस बीच घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खगालने के बाद खाद्यान की चोरी कर रहे युवक की पहचान हो गयी जिसके आधार पर घटना की सीसीटीवी फुटेज निकालकर उसकी सीडी तैयार कराकर पीड़ित रामेश्वर ने पुलिस को आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस बारे में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही आरोपी युवक को गिरफत में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# यातायात नियमों की दी जानकारी

मगहर(एसएनबी)। गर्ल्स एनसीसी बटालियन गोरखपुर के कैडेटों का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कमला देवी बालिका इंटर कलेज में चल रहा है।प्रशिक्षण के दौरान ऐतिहासिक धरोहर कबीर समाधि का भ्रमण करने गुरुवार को कबीर चौरा पहुंचा था। जहां पर उनको यातायात माह के दृष्टिगत यातायात नियमों की जानकारी चौकी प्रभारी विजय कुमार दूबे ने दी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में पुलिस एवं समाज सभी लोगों की संयुक्त तौर पर जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने ज्वलनशील मुद्दों पर व्याख्यान एवं महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए गए। यातायात नियमों को पालन करने हेतु संकल्प दिलाया गया साथ ही साथ साइबर क्राइम वूमेन पावर लाइन महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एवं हेल्प नंबरों को अवगत कराया गया। इस दौरान राम विनय यादव, सोनू पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# छेड़खानी के मामले में आरोपितों को तीन वर्ष का कठोर कारावास

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। बालिका के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपितों को एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी की कोर्ट ने तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने सजा के साथ आरोपियों राजमंगल पर तीन हजार और विनोद पर डेढ़ हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपितों को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

मामला धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण में पीड़िता ने अभियोग पंजीकृत कराया था। उसका आरोप था कि 25 जनवरी 2015 को वह घर में थी । राजमंगल पुत्र पीताम्बर निवासी ग्राम घोरांग घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकत की। शोर मचाने पर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना की शिकायत करने पर आरोपी राज मंगल एवं उसके सगे भाई विनोद पुत्र पीताम्बर ने मारपीट कर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज किया। विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अभियोजन साक्षियों ने घटना का समर्थन किया।

# युवती के साथ छेड़खानी करने वाले दो युवकों पर मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर : दुधारा पुलिस ने गुरुवार को एक गांव के दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बुधवार को शाम के समय घर में घुसकर ये युवती के साथ छेड़खानी कर रहे थे। विरोध करने पर युवती की जमकर पिटाई कर दी थी। खून से लथपथ हुई युवती को बचाने के लिए आए परिवार के सदस्यों को भी आरोपितों ने पीटा था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां के डाक्टरों ने युवती की हालत गंभीर देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

दुधारा थाने में दी गई तहरीर में गांव की युवती ने उल्लेख किया है कि बुधवार को शाम के करीब साढ़े पांच बजे घर में भोजन बना रही थी। इसी दौरान गांव के अरविंद व अश्वनी कुमार उनके घर में घुस गए। ये दोनों युवक उनके साथ छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर ये पीटने लगे। यहां के डाक्टरों ने हालत गंभीर देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि इन दोनों युवकों के विरुद्ध छेड़खानी करने, पीटने, जान-माल की धमकी देने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# 117 वाहन चालकों से 1.03 लाख समन शुल्क की वसूली

संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने गुरुवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर जांच की। मांगने पर लाइसेंस सहित अन्य कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 117 वाहन चालकों से एक लाख 03 हजार पांच सौ रुपये समन शुल्क की वसूली की गयी। (जासं)

# प्रभारी चिकित्साधिकारी पर छेड़खानी करने का आरोप

- पीएचसी में तैनात स्टाफ नर्स ने कार्रवाई के लिए एसपी को दिया प्रार्थना पत्र
- स्टाफ नर्स ने कहा, वह सरकारी आवास पर अकेली थी, इसी दौरान हुई घटना
- प्रभारी चिकित्साधिकारी व फार्मासिस्ट ने स्टाफ नर्स के आरोप को गलत बताया

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : जनपद के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में तैनात एक स्टाफ नर्स ने प्रभारी चिकित्साधिकारी पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रभारी चिकित्साधिकारी व इनके साथ जांच में गए फार्मासिस्ट ने स्टाफ नर्स के आरोप को गलत बताया।



एसपी को गुरुवार को दिए गए प्रार्थना पत्र में स्टाफ नर्स ने उल्लेख किया है कि वह मां के साथ पीएचसी स्थित सरकारी आवास पर रहती हैं। बुधवार को दोपहर के करीब दो बजे आवास पर अकेली थी। इसी दौरान उनके यहां के प्रभारी चिकित्साधिकारी उनके कमरे में घुस आये। उन्हें जबरन पकड़ लिये और अश्लील हरकत करने लगे। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान-माल की धमकी देकर चले गए। स्टाफ नर्स के इस मामले ने स्वास्थ्य विभाग में खलबली मचा दी है। वहीं प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा कि बुधवार को दोपहर के करीब सवा एक बजे अपर मुख्य चिकित्साधिकारी का फोन आया था। पीएचसी में तैनात स्टाफ नर्स के द्वारा पीएचसी स्थित सरकारी आवास में प्राइवेट प्रैक्टिस करने की बात कही। प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। इस पर वह दोपहर के करीब डेढ़ बजे फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वाय के साथ इनके कमरे में पहुंचे। इस दौरान स्टाफ नर्स के पति व बच्चे उपस्थित थे। उच्चाधिकारियों की सूचना से इन्हें अवगत कराकर वापस आ गए थे। वह रिपोर्ट भेज दिए। उनके ऊपर स्टाफ नर्स द्वारा लगाये गए आरोप गलत है। डाक्टर के साथ आए फार्मासिस्ट ने भी इस आरोप को गलत बताया है।

# शांतिभंग की आशंका में सात लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने गुरुवार को शांति भंग की आशंका में सात लोगों को गिरफ्तार है। ये लोग भूमि के विवाद को लेकर आपस में मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची। इन्हें पकड़कर थाने पर लायी। इनसे पुलिस ने पूछताछ की। दोबारा ऐसी स्थिति आने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। (जासं)

# घायल दंपती समेत तीन लोगों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : पीआरवी के पुलिस कर्मी सूचना मिलने पर गुरुवार को कोतवाली खलीलाबाद थाना के सियरासाथा गांव में पहुंचे। दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल इस गांव के रामानंद, इनके बेटे विक्की व पत्नी सोनमती को निजी वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भेजवाया। घटना के बारे में पुलिस को अवगत कराया। (जासं)

# दो को कारावास व अर्थ दंड की सजा

जासं, संतकबीर नगरः अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) जैनुद्दीन अंसारी ने गुरुवार को धनघटा थाना के घोरांग गांव निवासी दो भाइयों को कारावास के साथ ही अर्थ दंड की सजा सुनायी है।

अर्थ दंड न देने पर इन्हें एक माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धनघटा थाना के घोरांग गांव निवासी राजमंगल व उनके भाई विनोद 25 जनवरी 2015 को घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत की थी। लड़की के शोर मचाने पर वह पीटा। इसके बाद फरार हो गये थे। शिकायत करने पर जान-माल की धमकी दी थी। पुलिस ने इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। इसकी विवेचना उप निरीक्षक अवधेश पाण्डेय ने की थी।

वहीं मानिटरिंग सेल इस मामले में प्रभावी पैरवी कर रहा था। अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) कोर्ट में यह मामला विचाराधीन था।

# मेंहदावल पुलिस ने कस्बे में किया पैदल गश्त

संतकबीर नगर : मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने कस्बे में पैदल गश्त किया। इस दौरान पटरियों पर अतिक्रमण किए दुकानदारों को चेतावनी दी गई। जल्द से जल्द अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर निर्देशित किया गया। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की हिदायत दी गई। (जासं)

# किशोरी से छेड़खानी के दोषी दो सगे भाइयों को सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

## कोर्ट ने छोटे भाई को तीन साल और बड़े भाई को एक साल की सजा सुनाई

संतकबीरनगर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने किशोरी के घर में घुसकर छेड़खानी करने के दोषी छोटे भाई को तीन वर्ष की सजा सुनाई। एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जबकि दोषी बड़े भाई को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी नहीं होने की वजह से एक वर्ष की सजा और 500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 14 वर्षीय पीड़िता ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया। उसने बताया कि वह ननिहाल में पैदा हुई। वह नाना तथा अपनी माता के साथ धनघटा क्षेत्र में रहती है।पिता बाहर नौकरी करते हैं।

25 जनवरी 2015 को उसके नाना चौराहे पर चले गए थे और मां खेत में चली गई थीं। अकेला पाकर गांव का 24 वर्षीय युवक उसके घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। मना करने पर उसे पटक दिया। शोर मचाने पर छोड़ कर भाग गया। उसी बीच आरोपी 26 वर्षीय भाई को लेकर पहुंच गया और दोनों भाई मिलकर उसे मारने-पीटने लगे। गांव के लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपी भाग गए।

न्यायालय के आदेश पर थाना धनघटा में दोनों पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने मारने-पीटने, जान से मारने की धमकी देने व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ। विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों की गवाही कराई गई। सुनवाई के बाद सजा सुनाई गई।

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संतकबीरनगर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने किशोरी को भगा कर दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। विशेष लोक अभियोजक सत्येंद्र शुक्ला ने बताया कि पीड़ित मां ने धर्मसिंहवा थाने में तहरीर दी।

कहा कि उसके पति रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं। 15 वर्षीय बेटी सिंलाई सीखने जाती थी। आरोपी रास्ते में छेड़खानी करता है। 13 अक्तूबर की शाम बेटी नित्यक्रिया के लिए बाहर गई, तभी से घर लौट कर नहीं आई। आशंका है कि बेटी का अपहरण कर लिया गया है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मुख्य आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। संवाद

# धान की बोरी चुरा रहा चोर कैमरे में कैद

धनघटा। महुली कस्बे के एक घर के बरामदे में रखा धान से भरे बोरे को चोरी करने का प्रयास एक युवक ने किया। चोरी के प्रयास का नजारा सीसीटीवी में कैद हो गया। गृहस्वामी ने थाने में युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। महुली कस्बा निवासी रामेश्वर पुत्र श्रीचंद ने कुछ दिन पूर्व फसल कटवाई थी। घर के बरामदे में फसल को बोरा में भरकर एक-दूसरे पर तही लगवाकर रखा था। बुधवार रात खटपट की आवाज सुनकर उनकी नींद खुली तो तसल्ली के लिए बाहर निकले। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-11-2022

# नवनिर्मित नाली ढहाने में तीन पर मुकदमा

संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) : चरसड़ी गांव में दबंगों ने नवनिर्मित नाली को ढहा दिया। खड़ंजा पर कब्जा करके उसे अपने कब्जे में ले लिया है। इसके चलते गांव वालों का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। इसकी तहरीर ग्राम प्रधान ने पुलिस को दी है। पुलिस ने तीन आरोपितों पर मुकदमा किया है।

चरसड़ी के ग्राम प्रधान मुन्ना ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि मेठिया गांव में खड़ंजा के बगल गांव की जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण कराया जा रहा था ।आरोप लगाया कि गांव के मोहब्बत अली, शरीफ अली व वसीम अली ने अपने घर के सामने 50 मीटर नाली को ढहा करके खड़ंजा पर आरसीसी डालकर नाली व खड़ंजा पर कब्जा कर लिया। नाली का निर्माण करने वाले दिलीराम व ओमप्रकाश को जान से मारने की धमकी दी। वहीं राजापुर के बजीर लालापुरवा गांव के रहने वाले मोहित मिश्र को कोतवाली देहात के मौकलप गांव के रहने वाले आकाश द्विवेदी ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी संतोष कुमार सरोज ने कहा कि चरसड़ी गांव के मोहब्बत अली शरीफ अली ,वसीम अली व मौकलपुर के आकाश द्विवेदी के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है।

यह और जिले की अन्य खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# किशोरी से दुष्कर्म का वीडियो वायरल, दो पर मुकदमा

**संसू, वजीरगंज (गोंडा) :** गत 19 नवंबर को किशोरी से दुष्कर्म कर उसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल किए जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रहीं हैं।

एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी 16 वर्षीय बेटी गत नवंबर को आम का पत्ता लाने के लिए गांव स्थित पानी की टंकी के पास अपने खेत में गई थी। इसी दौरान रजन उसकी बेटी को टंकी के पास बने कमरे में लेकर चला गया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपित ने बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

घटना की जानकारी देने पर बेटी को जान से मारने की धमकी आरोपित ने दी। इसी दौरान आरोपित के एक साथी ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपितों के विरुद्ध दुष्कर्म,पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# चुनाव के मद्देनजर कर रहे पाबंद

करनैलगंज। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर करनैलगंज तहसील की तीन नगर निकायों में अध्यक्ष व सभासद पद के संभावित दावेदारों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश एसडीएम ने पुलिस को दिए हैं। पुलिस भी उनको पाबंद करने में जुटी है।

एसडीएम हीरालाल ने बताया कि मौजूदा समय में करनैलगंज नगर पालिका, कटरा बाजार नगर पंचायत, परसपुर नगर पंचायत में नगर निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मियां बड़ी तेजी से चल रही हैं। ऐसी स्थिति में तीनों नगर निकायों के संभावित अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों व सभासद पद के प्रत्याशियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# पति, सास व ससुर को आजीवन कारावास

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने दहेज हत्यारोपी पति, सास व ससुर को आजीवन कारावास व दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार सिंह के अनुसार थाना मनकापुर अंतर्गत ग्राम भरथौली सोहांस निवासी अमेरिका दत्त तिवारी ने केस दर्ज कराया था कि बेटी रीना को दहेज न मिलने पर टांग दिया गया। मामले में पति दुर्गेश कुमार, ससुर मानिकराम तथा सास प्रभावती को नामजद किया गया था। अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

**इटियाथोक** : जनकौरा गांव स्थित सरयू नहर शाखा के पास गोंडा-बलरामपुर रेलखंड पर अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन के चपेट मे आने से मौत हो गई। गुरुवार सुबह ग्रामीण खेतों मे कार्य करने लिए जा रहे थे। शव देखे जाने से लोगो की भीड़ जुट गई। प्रभारी निरीक्षक करूणाकर पांडेय ने कहा कि मृत व्यवित की पहचान नहीं हो सकी है। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। (संसू)

## शराब के साथ छह गिरफ्तार

**इटियाथोक** : प्रभारी निरीक्षक करूणाकर पांडेय ने कहा कि हरिश्चंद्र सोनकर निवासी अहिरौलिया, राजेश व जीवनलाल निवासी खिरौरा शहबाज विमलाजोत, मनीष कुमार, जवाहर निवासी भवानीपुरखुर्द और जियालाल निवासी पंडितपुरवा रायपुर ब्रह्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। मौके पर इनके पास से 100 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। (संसू)

# छेड़खानी में तीन लोगों को सश्रम कारावास

**जासं, गोंडा** : अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट नवीन [illegible] गुप्ता ने छेड़खानी व पाक्सो एक्ट में अभियुक्त के अजय कुमार व [illegible] को पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक अनुप्रताप सिंह के मुताबिक चार मार्च 2016 की शाम किशोरी शौच के लिए गांव के बाहर गई थी। जहां आरोपितों ने किशोरी के साथ अश्लील हरकत की।

पुलिस ने मुकदमा करके आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। लोक अभियोजक ने बताया कि किशोरी से छेड़खानी के एक अन्य मामले में [illegible] के अजय वर्मा को न्यायाधीश ने पांच वर्ष के सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

# आरक्षियों को पढ़ाया पुलिसिंग का पाठ

**संसू, गोंडा** : पुलिस लाइन में पांच माह का प्रशिक्षण ले रहे 256 प्रशिक्षु आरक्षियों को एसपी शिवराज ने विभिन्न जानकारी दी। प्रशिक्षण दिसंबर में समाप्त होगा। प्रशिक्षण खत्म होने के बाद प्रशिक्षु आरक्षी को उनके जिले के लिए रवाना किया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने पुलिसिंग का पाठ पढ़ाने के साथ उनके दायित्वों के बारे में बताया। घटना के समय आग पर कैसे काबू पाया जाए, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। यहां बाराबंकी, बस्ती, बहराइच, बलरामपुर सहित विभिन्न जिलों के 256 प्रशिक्षु आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा। यह प्रशिक्षण दिसम्बंर में खत्म हो जाएगा।

# पुलिस ने चालकों पर लगाया जुर्माना

**संसू, मनकापुर (गोंडा) :** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इसमें यातायात नियमों के पालन का पाठ पढ़ाने के साथ ही मनमानी फर्राटा भरते 30 चालकों पर जुर्माना लगाया है।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि दतौली चौकी के तहत चीनी मिल रोड पर छह वाहन चालकों से 1750 रुपया, चौकी मछली बाजार से 20 वाहन चालकों से 2250 रुपये, जिगना चौकी पुलिस ने चार वाहन चालकों से 2500 रुपया जुर्माना जमा कराया है। गुमटी चौराहा से 22 वाहन चालकों से 22 हजार रुपये जुर्माना जमा कराया गया है।

## आरोपी कोटेदार की जमानत अर्जी खारिज

गोंडा। विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट डॉ. पल्लवी अग्रवाल ने गरीबों को मिलने वाले सरकारी अनाज का अवैध कारोबार करने के आरोपी कोटेदार की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। गुरुवार को विशेष अधिवक्ता ईसी एक्ट अजय कुमार तिवारी के अनुसार, पूर्ति निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने सरकारी अनाज के अवैध कारोबार का आरोप लगाकर ग्राम पंचायत नौबस्ता के कोटेदार देवी सरन के खिलाफ 24 अगस्त 2021 को वजीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। अपराध की गंभीरता को देखते हुए विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट ने आरोपी कोटेदार देवी सरन की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। (संवाद)

## नशीली टैबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

खरगूपुर (गोंडा)। नारकोटिक्स दवा की 120 टैबलेट के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि बुधवार रात ग्राम पंचायत सुसगवां के मजरा गैड़जन पुरवा निवासी रक्षाराम सोनकर उर्फ छोट्टन को मिश्रौलिया नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। बताया कि आरोपी युवक पर बहराइच के पयागपुर थाने में 2017 में व खरगूपुर थाने में 2021 में आर्म्स एक्ट में मुकदमे दर्ज हैं। (संवाद)

# किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी के साथी ने वीडियो बनाकर किया वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

## बकरियों का चारा लाने घर से खेत गई थी किशोरी, दो के खिलाफ केस दर्ज

वजीरगंज(गोंडा)। थाना वजीरगंज क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी से छह दिन पहले एक युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी युवक के साथी ने किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी समेत दो लोगों के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

थाना वजीरगंज क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीया किशोरी के पिता ने बुधवार रात थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी बेटी 19 नवंबर की सुबह तकरीबन 11 बजे बकरियों के लिए चारा लाने गांव की पानी की टंकी के पास अपने खेत में गई थी। तभी उसका पीछा करके वहां पहुंचे आरोपी युवक ने उसे दबोच कर दुष्कर्म किया।

आरोपी ने दुष्कर्म के बारे में किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच आरोपी युवक के एक साथी ने किशोरी का अश्लील वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

जानकारी होने पर किशोरी के पिता ने पहले किशोरी से पूछताछ की। इसके बाद दुष्कर्म के आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व वीडियो वायरल करने वाले आरोपी के साथी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

# पॉक्सो एक्ट के दो आरोपियों को पांच साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जितेंद्र गुप्ता ने कोतवाली देहात क्षेत्र के छह साल पुराने मामले में बालिका से छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट व जान से मारने की धमकी के दो आरोपियों को पांच साल सश्रम कारावास और 12-12 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष अभियोजक पॉक्सो एक्ट अनूप प्रताप सिंह के अनुसार छपिया थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस उपमहानिरीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर कहा कि चार मार्च 2016 को शाम छह बजे नाबालिग बेटी शौच के लिए गई थी तो अजय कुमार व नायब ने अश्लील हरकत की।

डीआइजी के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की और आरोपी अजय कुमार, नायब व लाल कुंवर के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जितेंद्र गुप्ता ने आरोपी अजय कुमार व नायब को दोषसिद्ध करते हुए छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट व जान से मारने की धमकी के अपराध में पांच साल सश्रम कारावास और 12-12 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। इसी मामले में एक आरोपी को दोषमुक्त किया है।

# दहेज हत्या के दोषी पति और सास-ससुर को उम्रकैद की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** दहेज को लेकर विवाहिता की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने आरोपी पति, सास व ससुर को दोषी करार देते हुए उम्रकैद और 12-12 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि वादी अमेरिका दत्त तिवारी निवासी ग्राम भरथौली सोहांस कोतवाली मनकापुर ने 18 अप्रैल 2016 को थाना मोतीगंज में तहरीर देकर कहा कि अपनी बेटी रीना देवी की शादी दुर्गेश पांडेय निवासी तेंनुआ भगत थाना मोतीगंज से की थी।

शादी के बाद से दुर्गेश व उनके पिता मालिकराम पांडेय, माता प्रभावती पांडेय बाइक, सोने की चेन की मांग किया करते थे, और ताना देकर मारते पीटते थे। 17 अप्रैल को पता चला कि रीना देवी को मारकर फंदे से लटका दिए हैं।

पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और दहेज हत्या का साक्ष्य मिलने पर आरोपी पति, सास व ससुर के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान सत्र न्यायालय ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध का पुख्ता सबूत मिलने पर दोषसिद्ध किया।

गुरुवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने आरोपी दुर्गेश पांडेय, प्रभावती पांडेय और मालिकराम पांडेय को आजीवन कारावास व 12-12 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

## नीलगाय से टकराकर बुजुर्ग की मौत, दो घायल

**रुपईडीह (गोंडा)।** गोंडा-बहराइच मार्ग पर विकासखंड कार्यालय के पास बुधवार देरशत बाइक सवार तीन लोग नीलगाय से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल में घायल बाइक सवार रामजी ओझा (65) को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि रामनाथ (25) तथा नान बाबू (22) का इलाज चल रहा है। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-11-2022

# महिलाओं को बताए उनके अधिकार

बलरामपुर। नारी की सुरक्षा व सम्मान के लिए पुलिस टीम मुस्तैद है। बेटियों की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस प्रशासन बखूबी निभा रहा है। यह बातें सीओ सिटी दरवेश कुमार ने कही। सीओ मिशन शक्ति अभियान के तहत अभियान चला रहे थे।

उन्होंने कहा कि महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण का अभियान उन्हें मजबूत बनाने के लिए किया जा रहा है। एंटी रोमियो स्क्वाड टीम प्रतिदिन मंदिर व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गस्त कर उन्हें जागरूक कर उनसे विचार-विमर्श कर रही है। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिला



थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिस टीम।

प्रशासन लोगों को जागरूक कर रहा है। कहा कि महिलाएं निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने या नौकरी इत्यादि कार्य करने के लिए बाहर निकलें।

समस्या होने पर पुलिस आपातकालीन सेवा पर सूचना दें। इस अवसर कांस्टेबल रणविजय सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, वीरेंद्र तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अतिक्रमणकारियों पर हो कार्रवाई

बलिया। शिवपुरा बाजार क्षेत्र में सड़क के दोनों तरफ फल, सब्जी आदि के ठेला लगाने से सड़क पर वाहनों की कतार लग जाती है। लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है।

# परिवार परामर्श केंद्र बना हथियार ताकि बिखरे न परिवार

अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस

- परिवार परामर्श केंद्र में घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को मिल रहा न्याय डेढ़ साल में 258 शिकायतें निस्तारित

आलोक मिश्र ● बलरामपुर

नारी सम्मान, स्वावलंबन व शक्ति को संबल देने के लिए जिले की पुलिस नित नवीन प्रयोग कर रही है। छात्राओं व महिलाओं में संकोच व डर खत्म करने के लिए पुलिस शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हर रविवार को आयोजित होने वाला परिवार परामर्श केंद्र घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां घरेलू हिंसा व दहेत उत्पीड़न के मामलों को आपसी सुलह-समझौते से निपटाया जाता है। पीपीके की मध्यस्थत से न सिर्फ बिछड़े जोड़े एक साथ रहने को राजी हो रहे हैं, बल्कि परिवारों को भी बिखरने से बचाया जा रहा है।

**डेढ़ साल में 258 महिलाओं को मिला न्याय** : परिवार परामर्श केंद्र में आने वाले अधिकांश मामले ऐसे होते हैं, जिसमें महिला थाना में शिकायतें दर्ज होती हैं। इसमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़ के मामले प्रमुख होते हैं। डेढ़ साल में महिला हिंसा से संबंधित 295 मामलों की सुनवाई परिवार परामर्श केंद्र में हो चुकी है। इनमें से 258 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक 171 मामलों से 163 का सुलह-समझौते से निस्तारण कराया गया। इसके बाद एक अप्रैल से 31 अगस्त तक 116 महिलाओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें से 89 मामलों को निस्तारित कर पति-पत्नी को एक बार फिर साथ रहने को राजी किया गया। एक सितंबर से 31 अक्टूबर तक आए आठ मामलों में से छह का सफल निस्तारण किया गया।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र पर मौजूद टीम ● जागरण

### महिला पुलिस निभा रहीं जिम्मेदारी

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव का कहना है कि सभी थानों में हेल्पडेस्क स्थापित है। हर थाने में दो-दो महिला सिपाही आठ-आठ घंटे की ड्यूटी करतीं हैं। बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा व सहायता के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर है। प्रत्येक स्तर पर महिला सिपाही व उपनिरीक्षक अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहीं हैं।

### शिकायतों में दोनों पक्षों की सुनी जाती है बात

परिवार परामर्श केंद्र के मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव ने बताया कि यहां आने वाली शिकायतों में दोनों पक्षों को सामने बैठाकर उनकी समस्या पूछी जाती है। केंद्र पर समाजसेवी, शिक्षक, मनोवैज्ञानिक, अधिवक्ता व महिला थाना की टीम दोनों की परेशानियों को सुनने के बाद बीच का रास्ता निकालती है। 30 फीसद मामले ऐसे होते हैं, जिनमें उभय पक्ष के राजी न होने पर मामला न्यायालय में भेज दिया जाता है।

****

## विवेचनाओं का करें निस्तारण

**बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने उतरौला सर्किल के प्रभारी निरीक्षकों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं का फीडबैक लिया। उन्हें समय से विवेचनाओं का निस्तारण कराने की हिदायत दी। जन शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। (संसू)

## एएसपी ने किया निरीक्षण

बलरामपुर : अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायजा लिया। ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों को सजगता बरतने की हिदायत दी। भोजनालय, बैरक का भी निरीक्षण किया। (संसू)

# ग्रामीणों में तेंदुए का खौफ, वन विभाग ने लगाया पिंजरा



पचपेड़वा के मजगवा गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा ● जागरण



संदीप (फाइल फोटो)

**संसू, बलरामपुर :** नेपाल सीमा से सटे गांव मजगवां में तेंदुए का खौफ ग्रामीणों के चेहरे पर साफ दिख रहा है। हर तरफ तेंदुए के हमले की ही चर्चा है। बुधवार की रात गांव के रामसनेही यादव के बड़े बेटे संदीप को दरवाजे के सामने से तेंदुआ जबड़े में दबा कर उठा ले गया था। ग्रामीणों के शोर करने पर तेंदुए ने संदीप को पास के गन्ने के खेत में छोड़ दिया। इस घटना को लेकर मजगवां ही नहीं आसपास गांव के लोग भी सहमे हैं। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगा कर उसमें काले रंग की बकरी बांधी है। अब पिंजरे में तेंदुए के कैद होने की प्रतीक्षा सभी कर रहे हैं। ग्रामीणों को टोली में ही खेतों की तरफ जाने की हिदायत दी गई है।

तेंदुए का निवाला बने संदीप को याद कर मां सुनीता दहाड़े मार कर रोने लगती है। वह रह-रहकर बेहोश हो जाती है। पिता राम सनेही उसकी किताबों को देख कर रोते हुए कहते हैं कि बेटा कंपोजिट विद्यालय मजगवां में कक्षा तीन में पढ़ता था। दरवाजे के सामने खेल रहा था। बगल में ही खड़े थे। इसी बीच बिजली गई और बेटा गायब हो गया। पहले लगा चोर उठा ले गए, लेकिन जब बगल के गन्ने के खेत में गया तो देखा खून से लतपत संदीप पड़ा है। उसे सीने से चिपका कर घर लाए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया संदीप दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था। राम सनेही के घर पर संतावना देने वालों की भीड़ लगी है। विधायक गैंसड़ी डा. एसपी यादव के बेटे राकेश यादव ने रात में ही परिवारजन से मुलाकात कर वन विभाग से 10 लाख की अहेतुक सहायता की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी कोटेश त्यागी ने बताया तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगा दिया गया है। बकरी भी बांधी गई है। ग्रामीणों को समूह में ही बाहर निकलने की सलाह दी गई है। पिंजरा की निगरानी के लिए वन कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पिंजरा घटना स्थल के पास ही लगाया गया है।

सतर्कता बरती जा रही है। ग्राम प्रधान शिवराम रही है। खेतों में जा

# यातायात नियमों के प्रति सजग रहें लोग

बलरामपुर। यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर लोग सतर्क व सजग रहें, इससे सड़क हादसों पर लगाम लगाई जा सकेगी। यह बातें वीर विनय चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सीओ ज्योतिश्री ने कही। उन्होंने कहा कि बाइक सवार लोगों को हेलमेट लगाकर ही सफर करना चाहिए। पुलिस ने इस दौरान अभियान चलाकर 79 वाहनों का चालान किया। संवाद

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-11-2022

हिन्दुस्त

# पीड़िता ने अवैध कब्जा हटवाने की मांग उठाई

बहराइच, संवाददाता। एक महिला ने बैनामा की गई भूमि पर 12 दिन पूर्व श्रमिक को मारपीट कर घायल कर अवैध कब्जे की शिकायत की है।

पीड़िता कार्रवाई न होने पर शुक्रवार को डीएम से मिलकर प्रकरण की शिकायत करेगी। रामगांव थाने के जानी जोत गांव निवासिनी कंचन सिंह पत्नी संतोष कुमार सिंह ने दी गई शिकायत में उल्लेख किया हो कि उसके पति ने नगर कोतवाली के घसियारीपुरा में उषा सक्सेना से एक प्लाट का बैनामा 17 अगस्त 2013 में कराया था। इसी से मिले प्लाट का बैनामा कंचन सिंह ने उर्मिला देवी से 16 अगस्त 2021 को कराया था। कंचन सिंह व संतोष सिंह ने इस मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

हिन्दुस्तान

### 87 हजार रुपये वसूला गया अर्थदंड, पाबंदी के बावजूद खुलेआम बेच रहे थर्माकोल

# थोक दुकानदारों के गोदामों पर छापे, प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त

**कार्रवाई**

**बहराइच,संवाददाता।** शहरी क्षेत्र में पाबंदी के बावजूद जल, जमीन व आबोहवा के लिए घातक पॉलिथीन व थर्माकोल के उत्पाद बेच रहे हैं। गोनीय रिपोर्ट पर ईओ के नेतृत्व में नगरपालिका की टीम ने तीन ठिकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में पॉलीथीन व थर्माकोल के उत्पाद बरामद किए हैं। इनकी कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। आदेश की अनदेखी करने वाले दुकानदारों से अर्थदंड भी वसूला गया है।

बढ़ते प्रदूषण के खतरे को देखते हुए पॉलीथीन व थर्माकोल के उत्पादों की बिक्री पर सरकार ने रोक लगा दी है। एनजीटी के आदेश के बाद और सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। बावजूद दुकानदार गुपचुप तरीके से प्रतिबंधित उत्पादों को खुलेआम बेच रहे हैं। साथ ही सहालग में मांग को देखते हुए उसे स्टोर भी कर रहे हैं।

शहर के दरगाह रोड स्थित राकेश मित्तल, सरदार दोना-पत्तल व गोयल पत्तल के गोदाम में भारी मात्रा में प्रतिबंधित उत्पादों की उपलब्धता की रिपोर्ट ईओ को मिली। खाद्य व सफाई निरीक्षक सुरेश गोविंद मिश्र, राजस्व निरीक्षक सतीश यादव, प्रमोद कुमार व अन्य के साथ ईओ ने तीनों दुकानों व गोदामों पर छापेमारी की। यहां डंप पॉलिथीन व थर्माकोल के उत्पादों को देखकर दंग रह गए।



शहर में छापेमारी के दौरान बरामद किया गया प्रतिबंधित थर्माकोल के उत्पाद।

तीन घंटे तक छापेमारी की गई। बरामद सामानों को तीन वाहनों से नगर पालिका पहुंचाया गया। नियमों के उलंघन पर दुकानदारों से 87 हजार रुपये का अर्थदंड भी जमा कराया गया है। छापेमारी की कार्रवाई को देखते हुए कई दुकानदार दुकानों का शटर गिराकर निकल गए।

इन दुकानों को भी चिंहित किया गया है।

**शहर के कई मोहल्लों में बना रखा है गोदाम : बहराइच।** नगर पालिका की कार्रवाई से बचने व सहालग में प्रतिबंधित उत्पादों की मांग को देखते हुए दुकानदार मुख्य दुकानों के बजाए मोहल्लों में किराए पर गोदाम लेकर माल डंप कर रखे हैं। दुकान पर आए ग्राहकों को गोदाम से ही उत्पाद बिक्री कर रहे हैं। ऐसे गोदामों को भी नगर पालिका अपने कर्मचारियों से चिंहित करा रहा है।

**अयोध्या भेजा जाएगा बरामद उत्पाद :** निरीक्षक सुरेश गोविंद मिश्र ने बताया कि भारी मात्रा में बरामद उत्पादों को अयोध्या भेजा जाएगा। वहां नगर निगम के प्लांट में निस्तारित किया जाएगा। इसका उपयोग सड़क बनाने में किया जाएगा।

## प्रतिबंध की आड़ में कमा रहे मोटा मुनाफा

बहराइच। पॉलिथीन व थर्माकोल की बिक्री पर प्रतिबंध का हवाला देकर दुकानदार ग्राहकों से मोटी रकम भी वसूल रहे हैं। राधेश्याम व श्रवण कुमार ने बताया कि गिलास व थर्माकोल के प्लेट की कीमत में 10 से 15 रुपये सैकड़ा का इजाफा कर दिया गया है। माल कम आने का हवाला देकर दुकानदार मुनाफा कमा रहे हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। तीन दुकानों की छापेमारी में कई कुंतल प्रतिबंधित उत्पाद बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई चलती रहेगी।

**बाल मुकुंद मिश्र,** ईओ, नगर पालिका

# असलहा बरामद एक गिरफ्तार

बहराइच । रिसिया थाने के दरोगा अरुण कुमार द्विवेदी, सिपाही राम सुशील सिंह, राम कुमार यादव, दिलीप यादव, जीतेन्द्र गौड़ ने गुरुवार को भौसे शहीद गांव में दबिश देकर मनीष को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से असलहा मिला है। गिरफ्तार आरोपी को शस्त्र अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया है।

# यातायात नियमों से रूबरू हुए छात्र- छात्राएं

नानपारा। कोतवाली नानपारा इलाके में यातायात जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण के तहत गुरुवार को स्थानीय सेंट पीटर्स इंटर क
यातायात माह के दौरान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इ
अफसरों की ओर से बच्चों को यातायात के बारे में जानक

हिन्दुस्तान

# 179 वाहनों का चालान किया

बहराइच । एसएसपी केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर गुरुवार को नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आम जनमानस को यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट वितरित करते हुए जागरूक किया गया।

वाहन चेकिंग अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा कुल 179 वाहनों से 4,66,500 रुपए का चालान किया गया। अवैध टैक्सी व बस स्टैंड बना कर वाहनों का संचालन न करने को अपील किया गया। दो पहिया वाहन चालकों को सदैव हेलमेट व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने को जागरूक किया गया।

# न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का सीजेएम ने किया निरीक्षण



जिला न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्र ● जागरण

- मेटल डिटेक्टर के रास्ते पर डलवाई मैट
- कार्यालय में जाकर पुराने वादों की ली जानकारी

**जासं, बहराइच :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार मिश्र ने गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सामान्य गेट पर लगे मेटल डिटेक्टर पर लगे पुलिस कर्मियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

सीजेएम ने अधिकारियों के आने वाले द्वार पर जाकर सुरक्षा में लगे कर्मियों से बात की। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करने व प्रभावी कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। सामान्य गेट पर पहुंचकर आने-जाने वाले वादकारियों की सुरक्षा व्यवस्था की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि गेट के रास्ते से गुजरने वाले लोग फिसल कर गिर जा रहे हैं। उन्होंने मौके पर ही मैट मंगवाकर लोगों की समस्या का निस्तारण किया। पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि न्यायालय आने वाले हर वादकारी की गहनता से जांच की जाए। बैग लेकर आने वाले लोगों पर नजर रखते हुए सामान की जांच अवश्य की जाए। इसके बाद सीजेएम ने कार्यालय जाकर व्यवस्थाएं देखीं। कार्यालय लिपिकों को अति प्राचीन वाद को चिन्हित कर उनके सामने प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सभी फाइलों के समुचित ढंग से रखरखाव और उनकी सुरक्षा के बारे में निर्देशित किया।

# चेकिंग अभियान

**मिहींपुरवा :** मोतीपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के निर्देशन में मिहींपुरवा कस्बा चौकी इंचार्ज उमेशचंद्र यादव ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बिना हेलमेट बाइक सवारों को रोक कर चालान किया। उन्हें हेलमेट पहनने की हिदायत दी। चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर यातायात नियमों का पालन करने का पाठ पढ़ाया। (संसू)

# तीन क्विंटल पालीथिन बरामद

## ईओ के नेतृत्व में छापेमारी 75 हजार का लगाया जुर्माना

**जासं, बहराइच :** शासन द्वारा पालीथिन प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद इसका प्रयोग किया जा रहा था। कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद जब लोग मनमानी करते रहे तो ईओ ने टीम गठित कर छापेमारी शुरू की। टीम की कमान स्वयं ईओ ने संभाली गुरुवार को शहर के कई स्थानों पर छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में पालीथिन बरामद की गई। हजारों रुपये का जुर्माना भी ठोंका गया।

नगरपालिका बहराइच के अधिशाषी अधिकारी बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि पालीथिन पर प्रतिबंध लगे होने के बाद भी चोरी-छिपे इसका कारोबार किए जाने की सूचना मिल रही थी। टीम गठित कर छावनी बाजार स्थित दो दुकानों पर टीम के साथ छापेमारी की गई। इस दौरान दोनों दुकानों से मिलाकर भारी मात्रा में पालीथिन बरामद की गई। दोनों कारोबारियों पर 40 हजार का जुर्माना किया गया। टीम के साथ मेडिकल कालेज के पास छापेमारी के दौरान भी पालीथिन व अन्य सामान बरामद हुआ। संबंधित व्यापारी पर 35 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। ईओ ने बताया कि छापामारी के दौरान तकरीबन तीन क्विंटल पालीथिन बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि लगातार छापामारी अभियान चलाया जाता रहेगा। इस संबंध में किसी को कोई जानकारी देना हो तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकता है।



पालीथिन छापेमारी के दौरान मौजूद अधिशाषी अधिकारी बालमुकुंद मिश्र ● जागरण

# जनता के फीडबैक में मूर्तिहा अव्वल हरदी थाना फिसड्डी निकला

- **एडीजी जोन गोरखपुर ने पुलिसकर्मियों के कार्य का लिया था फीड्बैक**
- **कैसरगंज कोतवाली को दूसरा, नगर कोतवाली को मिला तीसरा स्थान**

**जासं, बहराइच :** पुलिस के प्रति नकारात्मक सोच रखने वालों के लिए अच्छी खबर है। पुलिस का रवैया अब जनता के प्रति सुधर रहा है। जनता ने थानों व कोतवालियों में कार्यरत पुलिसकर्मियों के कार्यों की समीक्षा कर फीडबैंक में रेटिंग तय की है। जिले में मूर्तिहा कोतवाली अव्वल रहा और हरदी थाना फिसड्डी निकला। वोटिंग में कैसरगंज कोतवाली को दूसरा व नगर कोतवाली को तीसरा स्थान मिला।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार के निर्देशन में पब्लिक अप्रूवल रेटिंग कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक बहराइच केशव कुमार चौधरी के नेतृत्व में चलाया गया। ट्विटर पोल वोटिंग/फीडबैक (जनसुनवाई, आईजीआरएस, ट्वीट पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व एफआइआर पंजीकरण, एनसीआर, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन) के संबंध में बहराइच जिले के समस्त थानों व कोतवालियों में कार्यरत पुलिसकर्मियों के कार्य व्यवहार का जनता से फीडबैक लिया गया। डायरेक्ट पोल में मूर्तिका कोतवाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समस्त थानों के लोगों द्वारा की गई वोटिंग/फीडबैक में हरदी थाना फिसड्डी निकला। एसपी ने बताया कि मूर्तिहा कोतवाल शशि कुमार राणा प्रथम, कैसरगंज कोतवाल ददन सिंह को दूसरा स्थान व नगर कोतवाल शैलेश कुमार को बेहतर कार्य के लिए तीसरा स्थान मिला है।


शशि कुमार राणा


शैलेश कुमार सिंह


दद्दन सिंह

# डीएम-एसपी ने मिड-डे मील में बनी दाल चखी, की सराहना



उच्च प्राथमिक विद्यालय परसेंडी में मिड-डे मील का भोजन करते डीएम डा. दिनेश चंद्र व एसपी केशव कुमार चौधरी ● जागरण

**संसू, कैसरगंज (बहराइच)** : उच्च प्राथमिक विद्यालय परसेंडी में गुरुवार को डीएम व एसपी अचानक पहुंच गए। मिड-डे मील में बनी दाल को चखकर सराहना की। सवाल भी पूछे। गोशाला का भी निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ निरीक्षण के दौरान पाया कि बच्चों को मीनू के अनुसार दाल-रोटी परोसी गई है। डीएम व एसपी ने रसोई घर का निरीक्षण करते हुए स्वयं भी दाल-रोटी खाकर दाल की गुणवत्ता की सराहना की। डीएम ने सुझाव दिया कि बच्चों की पौष्टिकता के लिए दाल में पालक एवं लौकी का भी मिश्रण किया जाए। पोषण वाटिका व उद्यान भी देखा। डीएम ने बच्चों से आंवला व अन्य पौधों में पाए जाने वाले विटामिंस के बारे में प्रश्न किया। सही जवाब पर बच्चों को बिस्कुट बांटा गया। अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल परसेंडी में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संरक्षित गोवंश के लिए पीपल, बरगद व पाकड़ प्रजाति के पौधा लगाए जाने व चरागाह में नैपियर घास की बोवाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम-एसपी ने हरा चारा, फल, गुड़ व चना खिलाकर गोवंश की सेवा की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल, डिप्टी सीवीओ डा. एमके सचान मौजूद रहे।

# ‘वाहन चलाते समय गति सीमा का रखें ध्यान’



जगतजीत इंटर कालेज इकौना में आयोजित यातायात कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं ● जागरण

**संसू, इकौना (श्रावस्ती)** : यातायात माह के तहत जगतजीत इंटर कालेज इकौना में कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों व संकेतों के प्रति जागरूक किया गया। सीओ एमपी शर्मा ने कहा कि वाहन चलाते समय गति सीमा का ध्यान रखें। गति सीमा अधिक होने से ही अधिकांश हादसे होते हैं।

सीओ ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय उच्च कोटि का हेलमेट व चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। वाहन चलाते समय गति सीमा का ध्यान रखते हुए सतर्कता बरतें। यातायात प्रभारी मनीष शर्मा ने वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखने, निर्धारित पार्किंग स्थल का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, ओवरलोडिंग से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। वाहनों से होने वाले ध्वनि व वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाए जाने के लिए भी बच्चों को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य डा. भूदेश्वर पांडेय ने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ अपने परिचितों व परिवार के लोगों को भी प्रेरित करने के लिए जागरूक किया। छात्रों को यातायात नियमों से संबंधित पंफलेट वितरित किया गया।

## वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**संसू, कैसरगंज (बहराइच)** : वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जगह-जगह गोष्ठी का आयोजन कर चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में कोतवाल इदन सिंह ने चालकों को संकेतों व सड़क पर सुरक्षित चलने के प्रति प्रेरित किया। पुलिसकर्मियों ने स्कूलों व अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित कर चालकों को यातायात के नियम बताए। कोतवाल ने तहसील गेट के निकट, सीएचसी व मुख्य बाजारों में जाकर ग्रामीणों को हेल्मेट पहनने व वाहन के कागजों के महत्व को समझाया।

****

# इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट को मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य

- एलपीआइ के चेयरमैन ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण
- नेपाल के अंदर बन रहे चेकपोस्ट की प्रगति की भी हुई समीक्षा



रुपईडीहा के इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का निरीक्षण करते चेयरमैन आदित्य मिश्र ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बहराइच** : आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और राजस्व चोरी रोकने को तैयार किए जा रहे इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट को पूरा करने के लिए मार्च तक का समय रखा गया है। इसे देखते हुए चेयरमैन ने भारतीय सीमा के साथ नेपाल के अंदर भी बनाए जा रहे चेकपोस्ट का निरीक्षण किया।

लैंड पोर्ट अथारिटी आफ इंडिया (एलपीआइ) के चेयरमैन आदित्य मिश्र चेकपोस्ट का जायजा लेने पहुंचे। चेयरमैन ने एलपीआइ के अधिशासी अभियंता सिविल रामदास सोनवानी के साथ चेकपोस्ट पर वाहनों के लिए बनाई जा रही पार्किंग, यात्री सुविधाओं, वेयर हाउस आदि के निर्माण को देखा। वरिष्ठ परियोजनाधिकारी एपी सिंह से कस्टम, एसएसबी व प्रशासन के तैनात होने वाले कर्मियों, चेकिंग को लगने वाले स्कैनर, वाहन की तौल करने वाले स्थान समेत अन्य ब्यौरे के बारे में जानकारी ली।

यहां से वह नेपाल सीमा के अंदर एलपीआइ की ओर से बनाए जा रहे चेकपोस्ट का भी निरीक्षण करने पहुंचे। यहां के प्रबंधक अजय अग्रवाल से निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। दोनों चेकपोस्ट के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कहा कि सीमा सुरक्षा के साथ अलग-अलग विभागों की ओर से होने वाली मालवाहक वाहनों की चेकिंग को संयुक्त रूप से एक स्थान पर शुरू करने के लिए चेकपोस्ट बनाया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए तेजी से काम कराया जाए।

निर्माण के लिए लगी कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश जारी किए गए। बताया गया कि मार्च 2023 तक निर्माण पूरा करते हुए यहां से वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी जाए। इस मौके पर एसएसबी, कस्टम, इमीग्रेशन के अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन क्विंटल पॉलीथिन बरामद, 87 हजार का जुर्माना वसूला

## पालिका प्रशासन ने शहर में अभियान चलाकर की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** नगर पालिका प्रशासन की ओर से बृहस्पतिवार को स्वच्छ भारत मिशन व पॉलीथिन मुक्त कार्यक्रम के तहत शहर में अभियान चलाया। अभियान के दौरान पालिका की टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों से करीब ढाई लाख की लागत की तीन क्विंटल प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद करते हुए 87 हजार का जुर्माना वसूला। पालिका प्रशासन की अचानक हुई कार्रवाई से शहर के मुख्य बाजारों में अफरा तफरी का माहौल रहा।

शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिबंध के बावजूद बेखौफ बिक रही प्रतिबंधित पॉलिथीन की सूचना पर नपाप के अधिशासी अधिकारी बालमुकुंद मिश्र की अगुवाई में टीम ने शहर के चौक बाजार, केडीसी चौराहा, छावनी चौराहा, दरगाह थाना आदि कई स्थानों पर स्थित दुकानों व गोदामों में ताबड़तोड़ छापा मारा। इस दौरान टीम ने केडीसी तिराहा के पास यस मार्केट स्थित सरदार पत्तल वाले, छावनी स्थित गोयल पत्तल व दरगाह स्थित राकेश मित्तल की दुकानों व गोदामों की सघन तालाशी ली। टीम ने सभी स्थानों से मौके पर करीब ढाई लाख की लागत से अधिक तीन क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन को बरामद की।

ईओ बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि बृहस्पतिवार को पूरे शहर में पालिका की टीम ने वृहद अभियान चलाकर चिह्नित विक्रेताओं के गोदामों व दुकानों को खंगालते हुए काफी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद कर 87 हजार धनराशि के जुर्माने की वसूली की है। उन्होंने बताया कि गुपचुप तरीके से इसी तरह अभियान चलाकर दुकानों की जांच की जाएगी।

# पब्लिक अप्रूवल रैकिंग में मुर्तिहा कोतवाली को प्रथम स्थान

**बहराइच।** एडीजी गोरखपुर जोन के निर्देशन में चलाए जा रहे पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में माह अक्तूबर के लिए कराए गए पब्लिक वोटिंग में थाना मुर्तिहा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि थाना कैसरगंज को द्वितीय व थाना कोतवाली नगर को तृतीत स्थान प्राप्त हुआ है।

एडीजी अखिल कुमार द्वारा ऑनलाइन पोल के माध्यम से आईजीआरएस, ट्विटर, डायरेक्ट पोल, एफआईआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन आदि कुल 5 स्तंभों पर प्रति माह वोटिंग कराई जाती है। जिसमें अक्तूबर माह की वोटिंग में थानाध्यक्ष मुर्तिहा शशि कुमार राणा को 71.4% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-11-2022

# 160 वाहनों का काटा गया चालान

**श्रावस्ती।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस160 वाहनों का चालान कर वाहनों के स्वामियों पर दो लाख एक हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# शांतिभंग में 18 पाबंद

**श्रावस्ती :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग करने के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को 18 लोगों को पाबंद किया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।( वि.)

# मारपीट:दोषियों को तीन साल जेल

भिनगा। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने मारपीट एवं अन्य मामलों के अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वहीं कुछ अन्य आरोपियों को 2 वर्ष की कारावास सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी के पी सिंह ने किया।

कोतवाली क्षेत्र के तेलियन पुरवा खैरी कला गांव निवासी मुनीजर यादव ने थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर मारपीट की धाराओं सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। वहीं दूसरे पक्ष के सहजराम यादव ने भी इसी मामले में कुछ लोगों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था।

# 160 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती :** विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 160 वाहनों का चालान किया गया। दो लाख एक हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया।( वि.)

# ‘वाहन चलाते समय गति सीमा का रखें ध्यान’

**संसू, इकौना ( श्रावस्ती )** : यातायात माह के तहत जगतजीत इंटर कालेज इकौना में कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों व संकेतों के प्रति जागरूक किया गया। सीओ एमपी शर्मा ने कहा कि वाहन चलाते समय गति सीमा का ध्यान रखें। गति सीमा अधिक होने से ही अधिकांश हादसे होते हैं।

सीओ ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय उच्च कोटि का हेलमेट व चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। वाहन चलाते समय गति सीमा का ध्यान रखते हुए सतर्कता बरतें। यातायात प्रभारी मनीष शर्मा ने वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखने, निर्धारित पार्किंग स्थल का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, ओवरलोडिंग से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। वाहनों से होने वाले ध्वनि व वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाए जाने के लिए भी बच्चों को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य डा. भूदेश्वर पांडेय ने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ अपने परिचितों व परिवार के लोगों को भी प्रेरित करने के लिए जागरूक किया। छात्रों को यातायात नियमों से संबंधित पंफ्लेट वितरित किया गया।



जगतजीत इंटर कालेज इकौना में आयोजित यातायात कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं ● जागरण

## वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**संसू, कैसरगंज ( बहराइच )** : वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जगह-जगह गोष्ठी का आयोजन कर चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में कोतवाल इदन सिंह ने चालकों को संकेतों व सड़क पर सुरक्षित चलने के प्रति प्रेरित किया। पुलिसकर्मियों ने स्कूलों व अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित कर चालकों को यातायात के नियम बताए। कोतवाल ने तहसील गेट के निकट, सीएचसी व मुख्य बाजारों में जाकर ग्रामीणों को हेल्मेट पहनने व वाहन के कागजों के महत्व को समझाया।

***

# शांति भंग की आशंका मे 18 गिरफ्तार

श्रावस्ती। जिला पुलिस की ओर से अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान बुधवार रात 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध शांति भंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के सुपुर्द कर दिया गया है। संवाद

# बारह वर्ष पूर्व हुई मारपीट में सात लोगों को कैद

## भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरीकला के मजरा तेलियनपुरवा का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** भिनगा के खैरीकला के मजरा तेलियनपुरवा में बारह वर्ष पूर्व हुए मारपीट के मामले में बृहस्पतिवार को जिला जज ने अपना फैसला सुनाया। इसमें जहां एक पक्ष के तीन लोगों को दो वर्ष की कैद व चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया वहीं दूसरे पक्ष से चार लोगों को तीन वर्ष की कैद व आठ हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरीकला के मजरा तेलियनपुरवा निवासी संगम लाल यादव के पुत्र सहजराम, रामचंदर, द्वारिका व रामलाल यादव का अपने ही पट्टीदार लालता यादव से विवाद हो गया था। इस दौरान चारों भाइयों ने लालता पर हमला बोल दिया। लालता को बचाने के लिए उसके भाई मुनीजर यादव व परिवार के ही कंधईलाल व बनवारी में जमकर मारपीट हुई।

### कोर्ट ने एक पक्ष पर चार हजार तो दूसरे पर आठ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

इस दौरान लालता यादव को गंभीर चोट आने के कारण पहले पक्ष पर प्राणघातक हमले सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जबकि दूसरे पक्ष पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इन दोनों ही मामलों की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव के न्यायालय पर हुई। जिसमें अभियोजन की पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता केपी सिंह ने की। मुकदमे के दौरान लालता यादव की मौत हो गई।

दोनों पक्षों की गवाही व डीजीसी की दलीलों के आधार पर जिला जज ने दोनों पक्षों पर आरोप सिद्ध करते हुए पहले पक्ष से सहजराम, रामचंदर, द्वारिका व रामलाल यादव को तीन वर्ष कारावास व आठ हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जबकि दूसरे पक्ष से कंधईलाल यादव, मुनीजर यादव और बनवारी लाल यादव को दो वर्ष की कैद व चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।